खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :35°C
न्यूनतम: 22°C

सेंसेक्स 81,451.01
निफ्टी 24,750.70

सोना 98,010
चांदी 99,900

मुजफ्फरनगर, रविवार 1 जून 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 140 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 5 विक्रमी सम्वत् 2082 4 ज़िलहिज्जा 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित


## राजीव कृष्णा बने उप्र के नए डीजीपी

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** योगी आदित्यनाथ सरकार ने 1991 बैच के आईपीएस अधिकारी राजीव कृष्णा को उत्तर प्रदेश का नया कार्यवाहक पुलिस महानिदेशक नियुक्त किया है। मौजूदा डीजीपी प्रशांत कुमार को सेवा विस्तार नहीं मिला है।

राजीव कृष्णा वर्तमान में डीजी विजिलेंस के पद पर तैनात हैं। डीजीपी के चयन को लेकर अब तक संघ लोक सेवा आयोग को कोई प्रस्ताव भेजे जाने की पुष्टि नहीं है।

**■ प्रशांत कुमार को सेवा विस्तार नहीं मिला**

डीजीपी के चयन के लिए राज्य सरकार ने पिछले वर्ष पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश (उत्तर प्रदेश के पुलिस -शेष पृष्ठ दो पर

## सीडीएस अनिल चौहान ने खोली पाक की पोल



**सिंगापुर।** ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत के नुकसान को लेकर पाकिस्तान के दावों पर चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान ने सिंगापुर में शांगरी-ला डायलॉग के दौरान एक साक्षात्कार में उसकी पोल खोल दी है।

यहां ब्लूमबर्ग टीवी को दिए गए साक्षात्कार में जब उनसे पूछा गया कि क्या तनाव के दौरान पाकिस्तान ने भारत के राफेल समेत छह फाइटर जेट मार गिराए थे? तो उन्होंने इसे सिरे से खारिज कर दिया। इस सवाल का जवाब देते हुए सीडीएस अनिल

**■ शहबाज शरीफ के छह भारतीय जेट गिराने के दावे को बताया सरासर झूठ**

चौहान ने कहा कि जो अहम सवाल है वह यह नहीं है -शेष पृष्ठ दो पर

## विधायक अब्बास अंसारी को हेट स्पीच मामले में दो साल की सजा



**मऊ।** उप्र में मऊ जिले के सदर विधानसभा क्षेत्र से विधायक अब्बास अंसारी को हेट स्पीच मामले में एमपी-एमएलए कोर्ट ने दोषी करार देते हुए दो साल की कैद और 11 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। शनिवार को एमपी-एमएलए कोर्ट न्यायाधीश डा. कृष्ण प्रताप सिंह ने सुबह ही स्व. मुख्तार अंसारी के विधायक पुत्र अब्बास अंसारी व उनके एक सहयोगी मंसूर अंसारी को हेट स्पीच मामले में दोषी करार दिया था। दोषी करार देने के साथ ही दोनों लोगों को पुलिस द्वारा अभिरक्षा में ले लिया गया। विभिन्न धाराओं में दोषी पाते हुए अब्बास अंसारी को दो साल की कैद व अलग-अलग धाराओं से जोड़े गए कुल रकम 11 हजार रुपये अर्थ दंड की सजा सुनाई गई वहीं विधायक अब्बास अंसारी के इलेक्शन एजेंट व सहयोगी मंसूर अंसारी को 120बी के तहत छह माह की सजा और एक हजार रुपये का अर्थ दंड लगाया गया।






### जम्मू-कश्मीर व गुजरात समेत छह राज्यों में मॉक ड्रिल

**नई दिल्ली।** ऑपरेशन शील्ड के तहत शनिवार को देश के 6 राज्यों जम्मू-कश्मीर, गुजरात, राजस्थान, पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ में मॉक ड्रिल हुई। शाम 5 बजे से रात 9 बजे के दौरान एयर स्ट्राइक, अटैक और ब्लैक आउट की ड्रिल को पूरा किया गया। सबसे पहले सभी 6 राज्यों के कई जिलों में एयर स्ट्राइक, बॉम्ब ब्लॉस्ट, फायरिंग, इमारत में आग लगने पर स्थिति से कैसे निपटा जाए, इसकी ड्रिल को पूरा किया गया। पुलिस, प्रशासन, एसडीआरएफ, फायर बिग्रेड और वॉलंटियर्स की टीमें इसमें शामिल हुईं। ड्रिल के दौरान इमारत में आग लगने पर लोगों को बाहर निकालने, घायलों को तुरंत रेस्क्यू कर मेडिकल हेल्प देने, एम्बुलेंस के जरिये उन्हें अस्पताल भेजने, इमारतों में लगी आग पर काबू पाने की ड्रिल को अंजाम दिया गया। इस दौरान बिना देर किए क्विक रिस्पॉन्स देने पर फोकस किया गया। रात 8 बजे से 9 बजे के बीच इन राज्यों में ब्लैकआउट रहा। सायरन बजने के साथ ही कई जिलों में 15 मिनट, कहीं 20 से 25 मिनट, तो कहीं 30 मिनट तक ब्लैक आउट रहा।

### अरुणाचल: भूस्खलन में सात लोगों की मौत

**ईटानगर।** अरुणाचल प्रदेश के पूर्वी कामेंग जिले में शुक्रवार देर रात भारी बारिश के दौरान बाना और सेप्पा के बीच राष्ट्रीय राजमार्ग-13 पर हुए भूस्खलन में सात लोगों की मौत हो गई। इस घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया और यातायात बाधित हो गया। सूत्रों ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग-13 के बाना-सेप्पा खंड पर हुए भूस्खलन में सात लोगों को ले जा रहा एक वाहन बह गया और गहरी खाई में गिर गया। वाहन सेप्पा की ओर जा रहा था, तभी बारिश के कारण हुए

# देश के अंतिम नागरिक तक पहुंचे न्याय:CJI

## कहा: संकट के समय देश रहा एकजुट, इसका श्रेय संविधान को

प्रयागराज, वार्ता



**भारत के** मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति भूषण रामकृष्ण गवई (जस्टिस बीआर गवई) ने शनिवार को कहा कि न्यायपालिका हो या कार्यपालिका, देश के अंतिम नागरिक तक न्याय पहुंचाना हमारा मौलिक कर्तव्य है।

इलाहाबाद उच्च न्यायालय के नवनिर्मित चैंबर्स व मल्टीलेवल पार्किंग बिल्डिंग के उद्घाटन के अवसर पर उन्होंने कहा कि संविधान के 75 वर्षों के कालखंड में न्यायपालिका और कार्यपालिका ने ऐसे बहुत से कानून बनाए हैं, जिन्होंने भारत में सामाजिक और आर्थिक समानता लाने के लिए बड़ा योगदान दिया है। जमींदारों से जमीन लेकर लोगों को दी गई है। खेती करने वालों को जमीन का मालिक बनाया गया। ऐसे बहुत से कानून हैं, जिसके तहत देश के वर्किंग क्लास और लेबर क्लास को सशक्त किया गया। इस अवसर पर मुख्य न्यायाधीश ने वकीलों के लिए इतनी बड़ी सुविधा के लिए फंड्स उपलब्ध कराने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का भी आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि अहिल्याबाई होल्कर जिन्होंने भारत में एक सामाजिक न्याय की भावना से कार्य किया उनकी जयंती के अवसर पर आज इस भवन का उद्घाटन हो रहा है, यह हमारे लिए गौरव की बात है। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि जब 25 नवंबर 1949 को बाबा साहेब डा. भीमराव अंबेडकर ने भारत के संविधान का अंतिम ड्राफ्ट कॉन्स्टिट्यूशनल असेंबली के सामने रखा था, तब उन्होंने जो भाषण दिया वह हमारे देश को दिशा देने वाला था। उन्होंने उस समय एक चेतावनी दी थी कि जब तक हम सामाजिक और आर्थिक असमानता को दूर नहीं करेंगे तब तक इस देश में सही मायनों में जनतंत्र का निर्माण नहीं हो पाएगा। आज हम देखते हैं कि जो हमारे 75 साल की यात्रा रही उसमें हमारी कार्यपालिका और न्यायपालिका ने भारत में -शेष पृष्ठ दो पर

**■ न्यायपालिका और कार्यपालिका ने भारत में सामाजिक और आर्थिक समानता लाने के लिए बड़ा योगदान दिया**

### सभी हाईकोर्ट के लिए आदर्श बना इलाहाबाद उच्च न्यायालय: गवई

**प्रयागराज।** सीजेआई भूषण रामकृष्ण गवई ने कहा कि देश के सभी हाईकोर्ट के लिए इलाहाबाद उच्च न्यायालय आदर्श बना हुआ है।

इलाहाबाद हाईकोर्ट परिसर में 680 करोड़ रुपये की लागत से तैयार मल्टीलेवल पार्किंग और अधिवक्ताओं के लिए तैयार वातानुकूलित चैंबर्स का शनिवार को उद्घाटन किया। उन्होंने अधिवक्ताओं के लिए 680 करोड़ रुपये की लागत से तैयार होने वाले वातानुकूलित चैंबर्स और मल्टीलेवल पार्किंग के लिए सराहना की।

**■ न्यायालय परिसर में 680 करोड़ रुपये की लागत से तैयार मल्टीलेवल पार्किंग किया उद्घाटन**

## अब आतंकियों के जरिये प्रॉक्सी वॉर नहीं चलेगी



**भोपाल।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को पाकिस्तान का नाम लिए बगैर उसे साफ शब्दों में चेतावनी देते हुए कहा कि अब आतंकवादियों के जरिये प्रॉक्सी वॉर (छद्म युद्ध) नहीं चलेगा और ऐसा होने पर उन्हें हम घर में घुसकर मारेंगे।

श्री मोदी ने लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर की तीन सौवीं जयंती के अवसर पर यहां आयोजित महिला सशक्तिकरण महासम्मेलन को संबोधित किया। अपने लगभग 40 मिनट के भाषण में उन्होंने अपना संबोधन महिलाओं के शौर्य पर केंद्रित रखा। साथ ही हाल में संपन्न ऑपरेशन सिंदूर का भी जिक्र किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि अब आतंकवादियों के जरिये छद्म युद्ध नहीं चलेगा। ऐसा होने पर हम उन्हें घर में घुसकर मारेंगे। आतंकवादियों की जो भी मदद करेगा, उन्हें भारी कीमत चुकाना पड़ेगी। अब प्रत्येक भारतीय कह रहा है और उनकी भावनाओं के अनुरूप अब यदि वे गोली चलाएंगे, तो इसका जवाब गोले से दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि हाल ही में पहलगाम में आतंकवादियों ने सिर्फ भारतीयों का ही खून नहीं बहाया। हमारी संस्कृति पर भी प्रहार किया है। हमारे समाज को बांटने की कोशिश की है। आतंकवादियों ने भारत की नारी शक्ति को चुनौती दी है। ये चुनौती आतंकवादी और उनके आकाओं के लिए काल बन गई है। इस हमले के बाद भारत की कार्रवाई ऑपरेशन सिंदूर आतंकवादियों के खिलाफ देश का अब तक का सबसे बड़ा और सफल ऑपरेशन है। श्री मोदी ने कहा कि पाकिस्तान की सेना ने सोचा भी नहीं था, वहां आतंकी ठिकानों को हमारी सेना ने मिट्टी में मिला दिया। सैकड़ों किलोमीटर दूर तक। श्री मोदी ने कहा कि साथियों ऑपरेशन सिंदूर हमारी नारी शक्ति के सामर्थ्य का भी प्रतीक बना है। बीएसएफ का ऑपरेशन में बड़ा रोल रहा है।

**■ आतंकियों की जो भी मदद करेगा, उन्हें भारी कीमत चुकानी पड़ेगी: मोदी**




## संक्षिप्त समाचार

### हरदोई में कार खाई में पलटी, पांच मरे छह की हालत गंभीर

**हरदोई।** उत्तर प्रदेश में हरदोई जिले के मझिला क्षेत्र में शनिवार तड़के एक भीषण सड़क हादसे में पिता पुत्र समेत पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि छह अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस सूत्रों ने बताया कि यह हादसा मझिला थाना क्षेत्र के ग्राम भुप्पा पुरवा मोड़ के पास तड़के करीब तीन बजे हुआ जब आलमनगर मार्ग पर भुप्पा पुरवा मोड़ पर तेज रफ्तार आर्टिका कार अनियंत्रित होकर खाई में पलट गई। उन्होंने बताया कि पाली थाना क्षेत्र के पटियानीम गांव निवासी नीरज की बारात कुसुमा गांव गई थी। विवाह समारोह के पश्चात बाराती घर वापस लौट रहे थे कि यह हादसा हो गया। हादसे में कार में जितेंद्र, आकाश, सिद्धार्थ, रामू, जौहरी और छह अन्य गंभीर रुप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने कार के अंदर फंसे सभी घायलों को निकालकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहाबाद में भर्ती कराया गया जहां डॉक्टर ने जितेंद्र, उसके पुत्र सिद्धार्थ, रामू, आकाश और जौहरी को मृत घोषित कर दिया, जबकि छह अन्य की हालत गंभीर देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया है।

### खड़गे ने वन्यजीव विशेषज्ञ वाल्मीकि थापर के निधन पर जताया शोक

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रसिद्ध वन्यजीव विशेषज्ञ, लेखक एवं प्रकृति प्रेमी वाल्मीक थापर के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। खड़गे ने कहा कि थापर के निधन के बारे में जानकर बहुत दुख हुआ। बाघ संरक्षण के अग्रणी अधिकारी रहे थापर भारत के सबसे सम्मानित वन्यजीव विशेषज्ञों में से एक थे। उन्हें वर्ष 2005 के बाघ टास्क फोर्स का सदस्य नियुक्त किया गया था। उनके परिवार, दोस्तों, वन्यजीव उत्साही और संरक्षण समुदाय के प्रति मेरी गहरी संवेदना। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने भी थापर के निधन पर शोक जताया और कहा कि वन्यजीव संरक्षण क्षेत्र में खासकर, बाघ संरक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय काम करने वाले वाल्मीक थापर का निधन देश के लिए बड़ी क्षति है। आज का रणथंभौर उनकी गहरी प्रतिबद्धता और अथक उत्साह का प्रमाण है।

### विजेंद्र गुप्ता ने तंबाकू मुक्त दिल्ली का आह्वान किया

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने शनिवार को युवाओं से आह्वान किया कि वह तंबाकू-मुक्त संस्कृति के निर्माण में अग्रणी भूमिका निभाएं। विजेन्द्र गुप्ता ने 'वॉक फॉर लाइफ - क्विट टोबैको' पहल का नेतृत्व किया। यह कार्यक्रम दिल्ली मेडिकल एसोसिएशन और राजीव गांधी कैंसर संस्थान एवं अनुसंधान केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में रोहिणी में पदयात्रा आयोजित किया गया। इस जागरूकता अभियान में चिकित्सा विशेषज्ञों, सामाजिक संगठनों, स्थानीय नागरिकों, छात्रों और स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस मौके पर गुप्ता ने तंबाकू सेवन से उत्पन्न खतरों के विरुद्ध एकजुट सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रयास की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि तंबाकू की लत एक ऐसी महामारी है जिसे रोका जा सकता है, लेकिन यह आज भी अनगिनत जिंदगियों को निगल रही है और परिवारों पर बोझ बन रही है।

# कानून के शासन में बार-बेंच के साथ ही वादकारी का भी बड़ा महत्व

प्रयागराज, वार्ता



■ अधिवक्ता चैंबर्स और पार्किंग भवन के उद्घाटन समारोह में बोले मुख्यमंत्री योगी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कानून के शासन में बार-बेंच के साथ ही वादकारी की भी महत्वपूर्ण भूमिका है।

भारत के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति भूषण रामकृष्ण गवई द्वारा शनिवार को हाईकोर्ट परिसर में 680 करोड़ से बने अधिवक्ता चैंबर्स और पार्किंग भवन के उद्घाटन समारोह में मुख्यमंत्री ने 2017 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा इलाहाबाद उच्च न्यायालय में आयोजित कार्यक्रम को याद करते हुए बताया कि तब 'उन्होंने' कहा था कि सुशासन की पहली शर्त रूल ऑफ लॉ है। योगी ने कहा कि कानून के शासन में बार-बेंच के साथ ही वादकारी का भी महत्व है। उन्होंने अधिवक्ताओं का दर्द बयां किया और कहा कि टूटे चैंबर व पेड़ के नीचे बैठने के साथ ही अधिवक्ता हर विपरीत परिस्थिति में कार्य करते हुए न्याय की जद्दोजेहद करते दिखते हैं।

उन्होंने थोड़ा मजाकिया लहजे में कहा कि अधिवक्ताओं के वातानुकुलित चैंबर उनके गुस्से को शांत करेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि आधुनिक भारत के धर्म, ज्ञान व न्याय की भूमि के रूप में देश-दुनिया का ध्यान प्रयागराज आकर्षित करता है। उन्होंने कहा कि आज का दिन गौरवमयी है। आज लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती है। यह वर्ष भारत के संविधान को लागू होने का अमृत महोत्सव वर्ष भी है। उन्होंने कहा कि प्रयागराज उत्तर प्रदेश में भारत के विरासत की भूमि है। मल्टीलेवल पार्किंग को लेकर उन्होंने कहा कि यह भी सफल होगी, जब उसके कुछ स्पेस का कॉमर्शियल उपयोग हो। योगी ने कहा कि मल्टीलेवल पार्किंग बनती है, लेकिन कोई जाता नहीं है। बार-बार अर्बन बॉडीज से कहता हूं कि यह तभी सफल होगी, जब उसके कुछ स्पेस का कॉमर्शियल उपयोग होगा। उन्होंने बताया कि विकास प्राधिकरण ने छह वर्ष पहले गोरखपुर में मल्टीलेवल पार्किंग बनाई, वो चली नहीं। मैंने कहा कि इसके अंतिम दो फ्लोर में कॉमर्शियल स्पेस देकर इसे संचालित कीजिए। जैसे ही यह हुआ, आज पूरा कॉम्प्लेक्स फुल हो जाता है। जो लोग सड़कों पर वाहन खड़ा करते थे, वे कॉम्प्लेक्स में वाहन खड़ा करते हैं और वहां जाकर सुविधाओं का आनंद लेते हैं।

मुख्यमंत्री ने बेहतरीन व्यवस्था की सराहना करते हुए कहा कि यहां मल्टीलेवल पार्किंग के साथ अधिवक्ता चैंबर्स, कैफेटेरिया, आधु. निक किचन, कॉन्फ्रेंस की भी सुविधा मिली है। इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए यह नया मॉडल हो सकता है। उन्होंने कहा जब हम लोग आए थे, तो यूपी के 10 जिलों में डिस्ट्रिक्ट कोर्ट नहीं थे। नक्शा कभी मुख्य न्यायाधीश तो कभी हम लोगों को पसंद नहीं आता था। फिर हमने कार्यदायी संस्थाओं से कहा ऐसा बनाओ, जो मॉडल हो। इंटीग्रेटेड कोर्ट कॉम्प्लेक्स बनाने के साथ उसमें पार्किंग व अधिवक्ता चैंबर्स बनाइए। जो प्रपोजल हमने दिया था, उसमें से सात जिलों को यहां से अप्रूवल मिल चुका है, उसके लिए 1700 करोड़ जारी कर चुके हैं। तीन अन्य जिलों के मामलों का भी न्यायालय से निस्तारण हो चुका है। उन्हें भी हम उन जिलों में दे रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि इंटीग्रेटेड कोर्ट कॉम्प्लेक्स जब बनेगा तो वादकारी को न्यायिक कार्य से जुड़ी सभी सुविधाएं एक छत के नीचे ही मिलेंगी। अधिवक्ताओं के लिए चैंबर्स व कार पॉर्किंग भी होगी। न्यायिक अधिकारियों के लिए आवास की सुविधा भी होगी। अच्छे कॉम्प्लेक्स के निर्माण में जो प्रयास प्रारंभ हुआ है, वह मॉडल बनेगा। केंद्र और राज्य सरकार मिलकर जनपदीय न्यायालयों में अधिकाधिक सुविधाएं उपलब्ध कराने और अधिवक्ताओं की समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है।

# अखिलेश सामाजिक मुद्दों पर गंभीर नहीं: जयवीर

मैनपुरी, वार्ता



उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने शनिवार को मैनपुरी में कहा कि भारतीय जनता पार्टी की घर-घर सिंदूर भेजने की कोई योजना नही है।

मीडिया में यह गलत तथ्य प्रचारित हो रहा है। सरकार द्वारा जो शादियां कराई जा रही हैं, उनमें जो सुहाग का सामान दिया जा रहा है, उसमें पहले से ही सिंदूर की डिबिया दी जाती थी, उसमें ही सुहाग का बॉक्स सिंदूर नाम से दिया जाएगा। कैबिनेट मंत्री जयवीर सिंह ने प्रेस वार्ता में एक प्रश्न के उत्तर में कहा कि सोशल मीडिया में जिस महिला भाजपा नेत्री के अश्लील वीडियो वायरल होने की बात कही जा रही है, वह महिला भाजपा में नहीं है, उसे 2022 में ही भाजपा से निष्कासित किया जा चुका है। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव का इस प्रकरण पर बयान देना स्पष्ट करता है कि अखिलेश यादव सामाजिक मुद्दों पर भी गम्भीर नहीं हैं उनका इस मुद्दे पर बयान देना उनके हल्केपन को स्पष्ट करता है। सिंह ने कहा प्रदेश सरकार की स्पष्ट नीति है कि भू-माफियाओं पर कड़ी कार्रवाई हो। गरीबों और कमजोरों की जमीन पर जो कब्जा करेगा उसके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई होगी।

# जम्मू-कश्मीर में कहीं बारिश, कहीं हिमपात

श्रीनगर/जम्मू, वार्ता



जम्मू-कश्मीर में पिछले 24 घंटों के दौरान मैदानी इलाकों में बारिश हुई, जबकि ऊंचे क्षेत्रों में ताजा बर्फबारी हुई और मुगल रोड को वाहनों के लिए बंद कर दिया गया।

अधिकारियों ने शनिवार को यहां यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि दक्षिण कश्मीर के शोपियां जिले के पीर की गली के साथ-साथ उत्तरी कश्मीर के बांदीपोरा जिले में गुरेज घाटी में तुलैल और राजदान टॉप के ऊंचे इलाकों में ताजा हिमपात हुआ। श्रीनगर-लेह राजमार्ग पर जोजिला दर्रे में भी में ताजा बर्फबारी हुई। उन्होंने कहा कि जम्मू क्षेत्र में भद्रवाह और किश्तवाड़ में ऊंचे इलाकों में भी ताजा बर्फबारी दर्ज की गई। इस दौरान तापमान में गिरावट आई जो सामान्य से 3 से 4 डिग्री अधिक था। उन्होंने कहा कि जम्मू-श्रीनगर के मैदानी इलाकों में बारिश हुई। मौसम विभाग ने आगामी सप्ताह में आठ जून तक हल्की से मध्यम स्तर की बारिश के साथ मौसम शुष्क रहने का अनुमान लगाया है।

विभाग के एक अधिकारी ने आज कहा कि पिछले 24 घंटों में अधिकांश स्थानों पर गरज के साथ हल्की से मध्यम स्तर की बारिश हुई। उन्होंने कहा कि पुंछ, बारामूला, सांबा, जम्मू और कठुआ में तेज हवाओं के साथ बारिश दर्ज की गई। आज हल्की से मध्यम स्तर बारिश, ऊंचे इलाकों में हल्की बर्फबारी, अधिकांश स्थानों पर गरज के साथ मध्यम से भारी बारिश और कुछ स्थानों पर तेज हवाएं चलने की संभावना है। मौसम विभाग के अधिकारी ने सप्ताह भर का पूर्वानुमान साझा करते हुए कहा कि एक-दो जून को कुछ स्थानों पर हल्की बारिश और गरज के साथ छींटे पड़ेंगे। चार-छह जून को मौसम आमतौर पर शुष्क रहेगा और कुछ स्थानों पर दोपहर के समय हल्की बारिश और बौछारें पड़ेंगी। सात-आठ जून को अपराह्न के समय कुछ स्थानों पर हल्की बारिश और गरज के साथ छींटे पड़ेंगे। उन्होंने कहा कि कुछ संवेदनशील स्थानों पर भूस्खलन और मिट्टी धंसने की आशंका है और तेज बारिश से कुछ स्थानों पर अचानक बाढ़ आ सकती है।

## तेज आर्थिक प्रगति के बगैर विकसित भारत की बातें हवा हवाई: प्रियंका

# जीडीपी की विकास दर घटना चिंताजनक

नई दिल्ली, वार्ता



■ आर्थिक विकास की रफ्तार कोरोना काल के आर्थिक विकास की दर से भी कम

■ वायुसेना को चीन से ज्यादा मजबूत बनाने की सख्त जरूरत, एयर चीफ मार्शल के बयान का हवाला दिया

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने भी सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की विकास दर घटने पर चिंता व्यक्त करते हुए शुक्रवार को कहा कि जब तक देश में आर्थिक विकास की दर तेज नहीं होगी, तब तक विकसित भारत की बातें करने का कोई मतलब नहीं है।

सुश्री वाड्रा ने कहा कि सरकार ने आज आर्थिक विकास का जो आंकड़ा पेश किया है, उसके अनुसार देश की आर्थिक विकास दर 2024-25 में साढ़े छह प्रतिशत है। आर्थिक विकास की यह रफ्तार कोरा. ना काल के आर्थिक विकास की दर से भी कम है। जब तक आर्थिक विकास की रफ्तार तेज नहीं होगी तब तक देश की आर्थिक प्रगति की बात करने का कोई औचित्य नहीं है। उन्होंने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था चार साल के निचले स्तर पर पहुंच गई है। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक वित्त वर्ष 2024-25 में जीडीपी वृद्धि दर 6.5 प्रतिशत रही। कोरोना काल के बाद यह सबसे सुस्त रफ्तार है।भाजपा सरकार आर्थिक मोर्चे पर लगातार असफल हो रही है। देश भर में उद्योग-धंधे सिमट रहे हैं। औद्योगिक उत्पादन आठ महीने के निचले स्तर पर है। पूरे देश में भयंकर बेरोजगारी है। नई नौकरियां पैदा नहीं हो रहीं। लोगों की आय घट रही है, आर्थिक असमानता तेजी से बढ़ रही है, इसलिए मांग और खपत भी घट रही है। तेज आर्थिक प्रगति के बगैर विक. सित भारत की बातें हवा-हवाई हैं।

कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2025 में देश की आर्थिक विकास की दर 6.5 प्रतिशत रही जो चार साल में सबसे कम है। विकसित भारत के लिए अगले 22 साल तक हर साल 8.2 प्रतिशत की विकास दर चाहिए। सरकार के लोग 7.4 प्रतिशत जीडीपी ग्रोथ का हवाला देकर बरगलाएंगे, लेकिन सच यह नहीं है। पार्टी ने अपने 'एक्स' हैंडल पर कहा 'अच्छे दिन' की बात करने वाले मोदी सरकार देश की अर्थव्यवस्था को डुबाने पर तुली है। आंकड़े इस बात की साफ गवाही दे रहे हैं। जीडीपी की विकास दर कम होने का मतलब है कि देश में उद्योग-धंधे मंद पड़े हैं, रोजगार के अवसर खत्म हो रहे हैं और नौकरियां कम हैं। वहीं कांग्रेस ने शनिवार को कहा कि हाल में पाकिस्तान के खिलाफ हुई सैन्य कार्रवाई में वायुसेना ने अत्यंत सराहनीय और जबरदस्त प्रदर्शन करते हुए आतंकवादी ठिकानों को सटीक निशाना बनाकर ध्वस्त किया, लेकिन चीन की तुलना में भारतीय वायुसेना को ज्यादा सशक्त बनाने की जरूरत है और इसके लिए अत्याधुनिक तकनीकी तथा उपकरण के इस्तेमाल पर सरकार को ध्यान देना पड़ेगा। तेलंगाना सरकार में मंत्री तथा वायुसेना में फाइटर पायलट रहे डा. उत्तम कुमार रेड्डी ने शनिवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पाकिस्तान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई में भारतयी वायुसेना ने भूमिका निभाई है और इस दौरान उसने जिस शौर्य का प्रदर्शन किया है, वह सरहानीय है और हमारी वायुसेना ने जिस तरह से असाधारण अभियान चलाकर आतंकवादी ठिकानों को निशाना बनाया है, उस पर कांग्रेस को गर्व है। उन्होंने वायुसेना प्रमुख ए पी सिंह के हालिया बयानों को उद्धृत करते हुए कहा कि उन्होंने वायुसेना सुधार के हिसाब से कई अत्यंत गंभीर और चिंताजनक मुद्दों को उठाया है। एयर चीफ मार्शल ने देश की वायु रक्षा से जुड़े जिन महत्वपूर्ण मुद्दों की तरफ इशारा किया है, सरकार को उस पर ध्यान देने की जरूरत है। उनका कहना था कि लड़ाकू विमानों और हथियारों की आपूर्ति में भारी देरी वायुसेना के लिए एक गंभीर समस्या है। भारत रक्षा प्रौद्योगिकी और रक्षा उत्पादन क्षेत्र में चीन से पीछे है हालांकि अच्छी बात यह है कि हमारे प्रशिक्षण मानक चीन के मुकाबले बहुत बेहतर हैं।

### सैन्य कार्रवाई के दौरान विमान गिरने की बात नकारना सरकार बंद करे: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि पार्टी नेता राहुल गांधी के पाकिस्तान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई के दौरान हमारे लड़ाकू विमान गिरने की बात को भले ही सरकार नकारती रही है, लेकिन अब तो खुद रक्षा प्रमुख (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान तथा अन्य वायु सेना अधिकारी साफ इशारा कर चुके हैं कि पाकिस्तान के साथ कार्रवाई के दौरान हमारे विमान गिरे हैं, तो सरकार को इस बारे में स्पष्ट जानकारी देनी चाहिए। कांग्रेस की तेलंगाना सरकार में मंत्री, पूर्व सांसद तथा वायु सेना फाइटर पायलट रहे उत्तम कुमार रेड्डी ने शनिवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में पत्रकारों के सवालों के जवाब में कहा कि लड़ाकू विमानों के गिरने की बात भले ही सरकार बराबर नकार रही है, लेकिन रक्षा प्रमुख तथा वायु सेना के अधिकारी इशारा कर चुके हैं कि विमान गिरे हैं, तो सरकार को इसे नकारना अब बंद कर देना चाहिए। उन्होंने कहा कि सीडीएस ने खुद इसका जिक्र किया। इससे पहले एयर मार्शल भारती ने डीजीएमओ के साथ अपनी ब्रीफिंग में इसका अप्रत्यक्ष रूप से जिक्र किया था। उन्होंने खास तौर पर कहा कि लड़ाई में नुकसान होना आम बात है।

# स्वस्थ, स्वच्छ दिल्ली बनाने के लिए प्रतिबद्ध: रेखा गुप्ता

नई दिल्ली, वार्ता



100 दिन सेवा के काम करने वाली सरकार के कार्यक्रम में दिल्ली की मुख्यमंत्री का दावा

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शनिवार को कहा कि राष्ट्रीय राजधानी को स्वच्छ, स्वस्थ और गरिमामयी बनाने के लिए सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है।

गुप्ता ने शनिवार को यहां जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में '100 दिन सेवा के, काम करने वाली सरकार' के एक कार्यक्रम में कहा कि मुझे बहुत दुख होता है, जब मैं उन लोगों के बारे में सोचती हूं, जो मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठकर सुरक्षा बलों पर सवाल उठाते थे और देश के दुश्मनों से हाथ मिलाते थे। ऑपरेशन सिंदूर ने महिलाओं का सम्मान बढ़ाया है। मैं इसके लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद देती हूं। देश की सभी महिलाएं दुश्मन के इलाके में आतंकवादी ठिकानों को नष्ट करने के लिए सशस्त्र बलों को सलाम करती हैं। प्रधानमंत्री ने ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से देश का स्वाभिमान बढ़ाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि पिछली सरकारें झुग्गियों को सिर्फ वोट बैंक समझती थी इसलिए उनके इलाके में कोई विकास का काम नहीं किया गया, लेकिन हमारी सरकार ने पहले बजट में ही झुग्गी वाले इलाके के विकास के लिए सात सौ करोड़ रुपये का बजटीय प्रावधान किया है। अब हर झुग्गी वाले इलाके में कोई न कोई काम शुरू हो गया है। उन्होंने आश्वस्त किया कि झुग्गी झोपड़ी में रहने वाले लोगों को जब तक पक्का मकान नहीं मिल जाता तब तक वहीं रहेंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली में महिलाओं की सुरक्षा सम्मान के साथ उनकी हर आशाओं को पूरा करना उनका दायित्व है। उन्होंने महिलाओं को ढाई हज़ार देने का जो वादा किया गया था उसे योजनाबद्ध तरीके से लागू किया जाएगा। सभी योग्य पात्रों को इसका लाभ दिया जाएगा। श्रीमती गुप्ता ने कहा कि पिछले दस साल में दिल्ली की जनता को जो जख्म मिले हैं उनको पांच साल में भरने की हमारी कोशिश होगी। उन्होंने कहा है कि पिछले 10 साल में दिल्ली की सत्ता में जो सरकार रही वह कूड़े के पहाड़ को एक इंच भी कम नहीं कर पाई। हमारी सरकार आने के बाद कूड़े के निष्पादन का काम तेज किया गया है। दिल्ली को ई-वेस्ट मुक्त बनाना केवल पर्यावरण की रक्षा नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए हमारी जिम्मेदारी है। सरकार ई-वेस्ट प्रबंधन को लेकर ठोस नीति और दीर्घकालिक समाधान के साथ आगे बढ़ रही है यही है हमारी सेवा और संकल्प का रास्ता है। श्रीमती गुप्ता ने कहा कि पहले हर काम में भ्रष्टाचार होता था, लेकिन अब सरकार हर काम में पारदर्शिता लेकर आई है और भ्रष्टाचार मुक्त शासन दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में दिल्ली वालों को उनका हक नहीं मिला था, लेकिन हमारी सरकार ने पहली कैबिनेट बैठक में दिल्ली वालों को आयुष्मान योजना लागू करने का फैसला किया। पिछले 100 दिनों में आयुष्मान योजना में 3.5 लाख लोगों ने पंजीकरण करा लिया है जिसे 10 लाख रुपये तक का इलाज मुफ्त मिलेगा। उन्होंने कहा कि प्रदूषण नियंत्रण के लिए विस्तृत योजना बनाई है और उस पर काम किया जा रहा है। दिल्ली के सभी 250 वार्डों में प्रत्येक वार्ड चार-चार पानी छिड़काव के मशीनों को लगाया जाएगा। इसके अलावा ऊंची इमारतों पर भी एंटी-स्मॉग गन लगाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में यमुना केवल 48 किलोमीटर बहती है, लेकिन उसे साफ करने को पहले की सरकारों ने गंभीरता नहीं दिखाई।

# उठाव सुस्त रहने से जिंसों में रहा टिकाव

नई दिल्ली, वार्ता



स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिसों में टिकाव रहा। तेल-तिलहन: इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा।

सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ और ये पिछले दिवस के स्तर पर पड़े रहे। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टीके रहे। दाल-दलहन : दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल और उड़द दाल के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। अनाज : अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे :- दाल-दलहन : चना 6000-6100, दाल चना 7000-7100, मसूर काली 7500-7600, मूंग दाल 9900-10000, उड़द दाल 9200-9300, अरहर दाल 9000-9100 रुपये प्रति क्विंटल रहे। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपये और चावल 3600-3700 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़: चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4500-4600, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4400-4500 रुपये प्रति क्विंटल बोले गये। खाद्य तेल: सरसों तेल 15824 रुपये, मूंगफली तेल 17582 रुपये, सूरजमुखी तेल 16849 रुपये, सोया रिफाइंड 14871 रुपये, पाम ऑयल 13919 रुपये और वनस्पति तेल 16190 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा है।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**राजीव कृष्णा...** बल प्रमुख) चयन एवं नियुक्ति नियमावली 2024 को मंजूरी जरूर दी थी, पर उसके तहत अब तक समिति का गठन भी नहीं किया गया है। ऐसे में प्रशांत कुमार को सेवा विस्तार न मिलने की दशा में डीजी विजिलेंस राजीव कृष्ण को डीजीपी का सबसे प्रबल दावेदार माना जा रहा था। वह 1991 बैच के आइपीएस अधिकारी हैं। नवनियुक्त अध्यक्ष राजीव कृष्ण यूपी कैडर के आईपीएस अधिकारी हैं, उन्होंने साल 1991 में पुलिस की नौकरी ज्वॉइन की थी। फिलहाल वे यूपी पुलिल में डीजी के पद पर विजिलेंस के रूप में काम करते हैं। आईएएस राजीव लखनऊ के रहने वाले हैं। उन्होंने इलेक्ट्रॉनिक्स और कम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग में बैचलर ऑफ इंजीनियरिंग की डिग्री हासिल की हुई है। बता दें कि राजीव कृष्ण 1991 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं जो कि मूल रूप से उत्तर प्रदेश के नोएडा के रहने वाले हैं। राजीव 26 जून 1969 को जन्मे थे। राजीव कृष्ण वर्तमान में सभी आईपीएस अधिकारियों में सीएम योगी के सबसे भरोसेमंद अफसर माने जाते हैं।

**सीडीएस अनिल....** कि हमारे लड़ाकू विमान गिरे, बल्कि यह है कि हमने उड़ान भरी ही क्यों? (पाकिस्तान के आतंकवादी ठिकानों पर हमला करने की ओर इशारा) अच्छी बात यह है कि हमने अपनी रणनीतिक गलती को समझा, उस गड़बड़ी को सुधारा और ठीक कर लिया। इसके बाद हमने दो दिन बाद उस रणनीति को फिर लागू किया और अपने सभी जेट्स को उड़ाया और लंबी दूरी तक निशाना बनाया। (पाकिस्तान के एयरबेसों को निशाना बनाने की घटना की ओर इशारा करते हुए)। जब उनसे पाकिस्तानी पीएम शहबाज के दावे को लेकर सवाल किया गया, तो उन्होंने इसे खारिज कर दिया। सीडीएस ने कहा कि बिल्कुल गलत, मैंने पहले ही कहा है कि यह अहम नहीं है कि हमारे लड़ाकू विमान गिरे या नहीं, अहम सवाल यह है कि इसके बाद हमने क्या किया। इससे पहले, भारतीय वायुसेना के डायरेक्टर जनरल ऑफ एयर ऑपरेशन्स एयर मार्शल एके भारती ने भी 11 मई को प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा था कि लड़ाई में नुकसान होना सामान्य बात है, लेकिन हमारे सभी पायलट सुरक्षित घर लौटे। उन्होंने यह भी साफ किया कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान वायुसेना ने पूरी ताकत से काम किया और दुश्मन को करारा जवाब दिया।

**देश के अंतिम...** समानता के साथ सामाजिक और आर्थिक समानता लाने के लिए बड़ा योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि जैसा कि मुख्यमंत्री ने भी कहा कि हमारे संविधान ने 75 वर्ष के कालखंड में देश को प्रगति की ओर मजबूती से आगे बढ़ाया है। जब संविधान बन रहा था, तब कहा गया कि संविधान बहुत ज्यादा फेडरल है। तब बाबा साहब ने जवाब दिया था कि यह ऐसा संविधान है, जो सामान्य और आपात दोनों ही स्थितियों में भारत को एक और मजबूत रखेगा। आज हम देखते हैं कि हमारे पड़ोस के देशों में क्या स्थितियां हैं और वहीं भारत आज 75 वर्षों के बाद न सिर्फ प्रगति की ओर बढ़ रहा है, बल्कि जब-जब देश पर संकट आया उस समय यह एक मजबूत और यूनाइट रहा है। इसका श्रेय किसी को देना चाहिए तो वह भारतीय संविधान को देना होगा। अपने संबोधन में मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि मुझे आनंद है कि भारत की उच्चतम न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश बनने के बाद पहले आधिकारिक कार्यक्रम में ही मुझे प्रयागराज की पुण्य भूमि पर आने का अवसर मिला है। प्रयागराज से हमारा बहुत नजदीक का रिश्ता रहा है। अभी मंच पर मेघवाल जी ने कहा कि योगी जी इस देश के सबसे पावरफुल और कर्मठ मुख्यमंत्री हैं। मैं कहना चाहूंगा कि इलाहाबाद की भूमि ही पावरफुल लोगों की है। विधिक क्षेत्र में इस भूमि का नाम स्वर्ण अक्षरों में लिखा जाता है। स्वतंत्रता के पूर्व देश के जो चंद सबसे अच्छे वकील गिने जाते थे उसमें मोतीलाल नेहरू, जवाहरलाल नेहरू, तेज बहादुर सप्रू ऐसे अनेक कानूनी विद्वानों का नाम लिया जाता है।

# यूपी को मिला पहला फुटवियर पार्क

कानपुर, वार्ता



औद्योगिक विकास के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए उत्तर प्रदेश को पहला फुटवियर पार्क कानपुर के रमईपुर में मिला है, जिसे उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) द्वारा विकसित किया जा रहा है। यह पार्क लगभग 131.69 एकड़ क्षेत्र में फैला होगा और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के लिए आधुनिक सुविधाओं से युक्त औद्योगिक वातावरण प्रदान करेगा।

यूपीसीडा की ओर से परियोजना के प्रथम चरण में कुल 75 औद्योगिक भूखंड विकसित किए जा रहे हैं। इनमें से 26 भूखंडों को अब 4600 रूपये प्रति वर्ग मीटर की दर से निवेश मित्र पोर्टल पर निवेशकों के लिए उपलब्ध करा दिया गया है। निवेशकों के लिए आवेंदन प्रक्रिया को पारदर्शी और सुगम बनाया गया है। आवेदन के समय भूमि मूल्य का 5 प्रतिशत अग्रिम देना अनिवार्य होगा। आवंटन पत्र जारी होने के 60 दिनों के भीतर 20 प्रतिशत राशि का भुगतान करना होगा, जबकि शेष 75 प्रतिशत राशि तीन वर्षों में समान वार्षिक किश्तों में 10 प्रतिशत ब्याज दर के साथ अदा की जा सकती है। समय पर पूर्ण भुगतान करने पर भूमि मूल्य में 2 प्रतिशत की छूट और एंकर यूनिट के रूप में निवेश करने पर 10 प्रतिशत की अतिरिक्त छूट दी जाएगी। परियोजना की कुल अनुमानित लागत 80 करोड़ है। इसमें 83 एकड़ क्षेत्र में 75 औद्योगिक भूखंड, 5-46 एकड़ में दो वेयरहाउस भूखंड, पांच किलोमीटर लंबा द्वैध सड़क नेटवर्क, पांच टन प्रतिदिन की क्षमता वाला ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र, 10 एमएलडी जल आपूर्ति के लिए भूमिगत स्रोत, 10 किलोमीटर लंबा आरसीसी स्टॉर्म वॉटर ड्रेनेज नेटवर्क और 220 केवी सबस्टेशन से 40 मेगावाट विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था शामिल है। यूपीसीडा इस परियोजना को 'प्लग एंड प्ले' मॉडल पर विकसित कर रहा है, जिसके तहत सभी आवश्यक बुनियादी सुविधाएं पहले से तैयार कर निवेशकों को दी जाएंगी। इससे उद्योगों की स्थापना में समय और लागत की बचत होगी। यूपीसीडा के मुख्य कार्यपालक अधिकारी मयूर माहेश्वरी ने कहा कि यह पार्क उत्तर भारत में फुटवियर उद्योग के लिए एक प्रमुख केंद्र के रूप में विकसित होगा और हजारों लोगों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराएगा। उन्होंने कहा कि प्राधिकरण का उद्देश्य प्रदेश में निवेशकों को विश्वस्तरीय अधोसंरचना और उद्योग के लिए अनुकूल वातावरण प्रदान करना है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेगा खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिले या फोन करें।
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Clpzer HEALTH WITH CARE
हैल्थ प्लस सिरप
86 8484 5757 info@clpzer.com

वैधानिक सूचना

# गंगनहर में बहता मिला किशोरी का शव

**भोपा।** शनिवार की सुबह उस समय सनसनी फैल गयी जब ग्रामीणो को पता चला की क्षेत्र की गंगनहर मे किशोरी का शंव बहता दिखाई पड़ा मौके पर पहुंची भोपा पुलिस ने युवती को बाहर निकाल कर पहचान कराने प्रयास शुरू कर कपपुलिस ने शंव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया

भोपा थाना क्षेत्र के गांव निरगाजनी झाल के पास से गुज़र रहे राहगीरों ने किशोरी का शंव बहता देख पुलिस को सूचना दी।कुछ ही देर मे मौके पर ग्रामीणों की भीड जमा हो गयी। सूचना पर पहुंचे सीकरी चौकी प्रभारी विजय पाल शर्मा ने नहर मे बह रहे शंव को बाहर निकलवाकर शव की शिनाख्त के लिए आस पास के निवासियों को बुलाया। किन्तु शव की पहचान नही हो पाई। किशोरी की उम्र लगभग 15 वर्ष बताई जा रही है। जिसने नीली झींटदार फ्राक व नारंगी रंग की पजामी पहने हुई है।व दाऐ पैर मे काला धागा बधा था ओर दाऐ हाथ मे कंगन पहने हुए है। थाना प्रभारी निरीक्षक ओम प्रकाश सिंह ने बताया की निरगाजनी झाल के पास गंग नहर मे 15 वर्षीय किशोरी का शव बहता मिला था। जिसे निकलवाकर पोस्ट मार्टम के लिए भेजा गया है। शिनाख्त के लिए निकटवर्ती थानो मे सूचना दे दी गयी व सोशल मीडिया आदि की सहायता ली जा रही है।

## सभासद को थप्पड़ मारने वाला पुलिसकर्मी निलम्बित

**मुजफ्फरनगर।** पुलिस चौकी के अंदर भरी मीटिंग में थप्पड़ मारने वाले पुलिसकर्मी पर आखिरकारकार्रवाई कर दी गई। मंत्री कपिल देव के हस्तक्षेप का बाद एसएसपी ने कच्ची सड़क चौकी पर तैनात हेड कांस्टेबल को निलंबित कर दिया। साथ ही विभागीय जांच बैठा दी है। बता दें कि 29 मई की रात को सिविल लाइंस थानाक्षेत्र में स्कूटी व ई-रिक्शा में टक्कर हो गई थी। इस बात पर दोनों पक्षों में मारपीट हो गई थी। झगड़े की सूचना पर यूपी-112 की पुलिस पहुंची थी और दोनों पक्षों को कच्ची सड़क चौकी लेकर आ गई थी। कच्ची सड़क चौकी प्रभारी सुनील कुमार की मौजदूगी में दोनों पक्षों में वार्ता चल रही थी। झगड़े की जानकारी मिलने पर वार्ड 23 के सभासद अमित कुमार पाल भी दोनों पक्षों में समझौता कराने पहुंचे थे, क्योंकि दोनों पक्ष उनके क्षेत्र के थे। सभासद ने बताया, समझौता वार्ता के दौरान सादी वर्दी में एक पुलिसकर्मी आया और अचानक उसने थप्पड़ मार दिया। इसके बाद वहां हंगामा हो गया था। शिकायत मिलने पर भी जब पुलिस अधिकारियों ने आरोपित पुलिसकर्मी के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की तो शनिवार को कई सभासद राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल से उनके आवास पर मिले और पूरा घटना क्रम बताने के बाद आरोपित पुलिसकर्मी पर कार्रवाई की मांग की थी। राज्यमंत्री ने पूरे प्रकरण से एसएसपी को अवगत कराया और कार्रवाई करने के लिए कहा था। राज्यमंत्री के हस्तक्षेप के बाद एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने हेड कांस्टेबल आदित्य को निलंबित कर दिया। साथ ही विभागीय जांच बैठा दी है।

# कातिलाना हमले में सात वर्ष की कैद

**■ सुजडू में वर्ष 2011 में ताहिर पर हुआ था जानलेवा हमला**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** कोर्ट ने कातिलाना हमले में सबूत व गवाहों के आधार पर तथा अधिवक्ता की दलील पर आरोपी को सात वर्ष के कारावास की सजा सुनाई। कोर्ट ने आरोपी पर 7 वर्ष का जुर्माना भी लगाया है। अभियोजन के अनुसार 27 सितम्बर 2011 को ग्राम सुजडू के मौहल्ला कुंगर पट्टी साजिद पुत्र साबिर ने शहर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया था जिसमें बताया था कि गांव के ही अर्जुन पुत्र ओमपाल ने उसके भाई ताहिर पर जान से मारने की नीयत से तमंचे से फायर किया गया जिसमें उसका भाई ताहिर गंभीर रूप से घायल हो गया तथा आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना कोतवाली नगर पर मु0अ0सं0-1045/11 धारा 307/504/506 भादवि पंजीकृत किया गया था। पुलिस ने 29 सितम्बर 2011 को आरोपी अर्जुन को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। इसके बाद पुलिस ने मुकदमे से सम्बन्धित विवेचना कर मामले की छानबीन की और नक्शा नजरी बनाते हुए 31 अक्टूबर 2011 को कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल किया। पुलिस ने कोर्ट में चार्जशीट पेश करने के बाद कोर्ट की प्रक्रिया शुरू हुई। इस मामले को पुलिस अधिकारियों ने भी गंभीरता से लिया था और मुकदमे की पैरोकारी कर रहे है सहायक शासकीय अधिवक्ता कमलकांत व पैरोकार सिपाही नजरूल ने भी मुकदमे की जमकर पैरोकारी की। मुकदमे की पैरोकारी कर रहे अधिवक्ता ने न्यायधीश के समक्ष घटना से सम्बन्धित अपने तर्क दिये। इस मामले में दोनों अधिवक्ताओं ने अपनी-अपनी दलीले पेश की। कोर्ट में घटना से सम्बन्धित कुछ सबूत पेश किये गये। न्यायधीश ने मामले को गंभीरता से सुना और सबूत व गवाहों के आधार पर फायरिंग करने के मामले में आरोपों को सही माना। जहां सबूत व गवाहों के आधार पर इस कोर्ट के न्यायधीश ए.डी.जे.6 ने दोषी पाये गये अर्जुन को 7 वर्ष कठोर कारावास तथा 7 हजार रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

## रालोद विधायक ने सुनी जन समस्याएं

**बुढ़ाना।** स्थानीय विधानसभा क्षेत्र के राष्ट्रीय लोकदल के विधायक राजपाल सिंह बालियान ने शनिवार के दिन अपने पैतृक आवास गढ़ी नौआबाद में स्थित कैंप कार्यालय में बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र के लोगों की समस्याएं सुनी। लोगों ने बिजली विभाग, पुलिस विभाग और बुढाना तहसील परिसर में स्थित कुछेक सरकारी कार्यालयों से संबंधित शिकायतें बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र के रालोद विधायक राजपाल सिंह बालियान के समक्ष रखी तो उन्होंने संबंधित विभागों के कुछ अधिकारियों से मोबाइल फोन पर बातचीत करते हुए आई हुई सभी समस्याओं का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र से शीघ्र करने को कहा। वहीं दूसरी और कैंप कार्यालय में आए रालोद कार्यकर्ताओं के साथ उन्होंने बैठक भी की और विधानसभा क्षेत्र में रालोद को और भी मजबूत करने पर बल दिया।

# अहिल्याबाई जयंती पर दिखा आस्था उत्साह का संगम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** देवी अहिल्याबाई होलकर की 300 सौ वी जयंती पर जिला अस्पताल स्थित उनके स्मारक स्थल पर आस्था, उत्साह और सम्मान का संगम नजर आया। कराकर रानी होलकर के जीवन संघर्ष को नमन करते हुए उनको सच्ची देशभक्त और धर्म रक्षक करार दिया। इसके साथ ही नगर में भव्य शोभायात्रा भी निकाली गई।

शोभायात्रा आयोजन समिति के द्वारा शनिवार को जिला अस्पताल स्थित अहिल्याबाई होलकर स्मारक पर 300 वीं जयंती पर भव्य समारोह का आयोजन किया। समिति के जिलाध्यक्ष दर्शन सिंह धनगर के नेतृत्व में हवन यज्ञ के बाद प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए यूपी सरकार के कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार व राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार कपिल देव ने कहा कि राजमाता अहिल्याबाई होल्कर केवल एक शासक नहीं थीं, बल्कि वे एक महान धर्मप्रेमी, दानवीर एवं जनता की सच्ची संरक्षक थीं, जिनका सम्पूर्ण जीवन सेवा और समर्पण की अनुपम मिसाल है।

समारोह में मीरापुर विधायक मिथलेश पाल, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल, नगरपालिका अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप ने अहिल्याबाई प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित करते हुए स्मरण किया। यहां उन्होंने रानी होलकर को त्याग की प्रतिमूर्ति, संस्कृति की संरक्षिका बताते हुए कहा कि उनकी त्रिशताब्दी जन्म जयंती हमें सेवा के प्रति समर्पण के लिए प्रेरित कर रही है।यह शोभायात्रा कच्ची सड़क से शिव चौक होकर टाउनहाल और वहां से वापस देवी मंदिर पर आकर संपन्न हुई। वरिष्ठ भाजपा नेता गौरव स्वरूप, पूर्व सांसद सोहनवीर सिंह, पूर्व विधायक अशोक कंसल, पूर्व चेयरमैन सुभाष शर्मा, पूर्व चेयरमैन अंजू अग्रवाल, भाजपा जिला उपाध्यक्ष बिजेंद्र पाल, डॉ. देशबंधु तोमर, रोहताश पाल, हरेंद्र पाल, तरुण पाल, मनोज पाल, राम. निवास पाल, शिवकुमार पाल, अरविंद धनगर, सभासद कुसुमलता



पाल, राजेश पाराशर, विशाल गर्ग, संजय गर्ग, सत्यपाल पाल, सभासद अमित कुमार, हनी पाल, रविन्द्र पाल, कपिल पाल, मनोज पाल, दर्शन सिंह धनगर, नन्दकिशोर, दिनेश धनगर, देवेन्द्र पाल, अनुज धनगर, बबलू धनगर, राजवीर पाल समेत समाज के लोग मौजूद रहे।

## सपा, बसपा व कांग्रेस नेताओं ने भी किया नमन

**मुजफ्फरनगर।** रूड़की रोड स्थित अहिल्याबाई होलकर स्मारक पर तीन सौ वीं जयंती पर आयोजित समारोह में कांग्रेस जिलाध्यक्ष सत्यवीर कटारिया, नगराध्यक्ष रंजन मित्तल, बसपा नेता प्रेमचंद गौतम, पुष्पांकर पाल, सपा के राष्ट्रीय सचिव राकेश शर्मा, जिलाध्यक्ष जिया चौधरी, पूर्व अध्यक्ष प्रमोद त्यागी एडवोकेट ने भी पहुंचकर अहिल्याबाई की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए नमन किया और उनके जीवन संघर्ष को समाज के लिए बलिदान बताया।

# बृजेश शुक्ला को राज्यमंत्री का दर्जा मिलने पर व्यापारी गदगद

## व्यापार संगठन ने मिठाई बांटकर मनाया जश्न

**■ कृष्णगोपाल मित्तल ने जताया मुख्यमंत्री का आभार**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के कैंप कार्यालय पर आयोजित बैठक में संगठन के प्रदेश महामंत्री को राज्यमंत्री का दर्जा दिये जाने पर व्यापारियों ने प्रदेश सरकार का आभार प्रकट करते हुए हर्ष जताया। प्रदेश उपाध्यक्ष मंडल प्रभारी कृष्ण गोपाल मित्तल के नेतृत्व में संगठन के व्यापारियों ने कैंप कार्यालय पर एकत्र होकर हर्ष जताया और मिष्ठान खिलाकर एक दूसरे का मुंह मीठा कराया। संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष कृष्ण गोपाल मित्तल, अनिल सिंघल, पंकज जैन, शिव कुमार सिंघल, हर्ष जैन,शीतल प्रसाद,विकास मित्तल, सुधीर कुमार, राहुल बंसल, अभिलक्ष मित्तल, मयंक गोयल, पवन अग्रवाल समेत अनेक व्यापारियों ने कहा कि सरकार न भाजपा शीर्ष नेतृत्व द्वारा संगठन के प्रदेश महामंत्री बृजेश शुक्ला को मद्य निषेध परिषद में उपाध्यक्ष बनाकर राज्य मंत्री दर्जा देकर व्यापारियों का सम्मान किया है।

## एसडी कॉलेज फार्मेसी को एनबीए की मान्यता मिली

**मुजफ्फरनगर।** एसडी कॉलेज ऑफ फार्मेसी एंड वोकेशनल स्टडीज को एनबीए की मान्यता प्राप्त, कॉलेज अब यूपी के शीर्ष सात फार्मेसी कॉलेजों में शामिल हो गया है। शनिवार को एसडी कॉलेज ऑफ फार्मेसी एंड वोकेशनल स्टडीज के सभागार में इस उपलब्धि की घोषणा कॉलेज के निदेशक डॉ. अरविंद कुमार, डॉ वैशाली, डॉ पोपिन कुमार, ईशान अग्रवाल आदि ने की। उन्होंने बताया कि यह मान्यता कॉलेज की अकादमिक गुणवत्ता, उन्नत इंफ्रास्ट्रक्चर, कुशल फैकल्टी और विद्यार्थियों की उपलब्धियों का प्रतिफल है। कॉलेज ने शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर गुणवत्ता, अनुशासन और नवाचार को प्राथमिकता दी है। अत्याधुनिक प्रयोगशालाएं, लाइब्रेरी, अनुभवी फैकल्टी, इंडस्ट्री-ओरिएंटेड कोर्सेस और सशक्त प्लेसमेंट सेल इसके प्रमुख आधार स्तंभ हैं। कॉलेज निदेशक डॉ अरविन्द कुमार ने समस्त मीडिया प्रतिनिधियों, शिक्षकों, विद्यार्थियों और अभिभावकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सफलता केवल कॉलेज की नहीं, बल्कि पूरे जिले और प्रदेश की उपलब्धि है।

## रात में चिकित्सक नहीं मिलने पर मौत

**मुजफ्फरनगर।** रुड़की रोड पर हुई दुर्घटना में घायल व्यक्ति का जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। देर रात मरीज की अधिक तबीयत खराब होने पर जिला चिकित्सालय के चिकित्सकों का बुलाया गया, लेकिन वह कमरा बंद कर सोते रहे। इससे व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक के पुत्र ने चिकित्सकों पर यह लापरवाही का आरोप लगाते हुए सीएमओ को स्टाफ और चिकित्सकों की शिकायत की है। पुरकाजी के कुतुबपुर निवासी अभिषेक ने सीएमओ सुनील कुमार तेवतिया को एक शिकायती पत्र दिया है। इसमें उन्होंने अवगत कराया कि उनके पिता सतीश 30 मई को रात आठ बजे सड़क दुर्घटना में घायल हुए, जिन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। रात करीब 12 बजे से एक बजे के बीच उनके पिता की ज्यादा तबीयत खराब हो गई। इस दौरान वह स्टाफ के कमरे की तरु गए, लेकिन वह कमरा बंद कर लेटे रहे। आरोप लगाया कि स्टाफ ने देखने के लिए 300 रुपये मांगे। काफी देर बाद नर्स आई, तो उनके पिता की मौत हो चुकी थी। अभिषेक ने अपने पिता की मौत का जिम्मेदार चिकित्सकों व स्टाफ को बताते हुए कार्रवाई की मांग की है।

## सिर पर पंच मारकर गंभीर रूप से किया जख्मी

**बुढाना।** सिर पर पंच मारकर एक युवक को घायल कर दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार वह ग्राम जौला का रहने वाला है। मन्नू व भूरा पुत्रगण गुलफान निवासी ग्राम बग्गा हरियाणा के बहुत ही दबंग किस्म के आदमी हैं तथा सिर पर बहुत लम्बे-लम्बे बाल रखते है तथा पडौसियो के साथ आये दिन गाली गलोच व मारपीट पर उतारू रहते हैं। बीती 26 समय करीब 4 बजे शाम का है कि उसका भाई सादिक अपने घर पर जा रहा था कि रास्ते मे उक्त मन्नू पुत्रा गुलफान, भूरा पुत्रा गुलफान ने गाली गलोच करते हुए सिर पर पंच मारकर हमला किया जब उसका भाई अपनी जान बचाकर भागने लगा तो उक्त व्यक्तियो ने जाते-जाते दोबारा फिर मसकट से सिर पर वार किया जिसमे उसके भाई सादिक की हालत नाजुक बनी हुई है तथा उसके भाई सादिक की डाक्टरी करायी जिसमे गम्भीर चोट बतायी गयी है। उपरोक्त व्यक्ति में उसके घर पर आकर उसकी बहन के साथ भी बुरी नीयत से मारपीट की जिससे बहन को भी काफी गुम चोटे आयी।

## अहिल्याबाई होल्कर जयंती पर 43 महिला सफाईकर्मी सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** पचेंडा रोड स्थित बारात घर में शुक्रवार की देर रात्रि नगर पालिका के द्वारा देवी अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती पर महिला सशक्तिकरण के लिए एक सम्मेलन आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में 43 महिला सफाई कर्मचारी और 10 आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को राज्यमंत्री कपिलदेव अग्रवाल और चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप के द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में सहकारी बैंक अध्यक्ष विमल शर्मा, चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप, पूर्व चेयरमैन सुभाष शर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष सुधीर सैनी आदि रहे। उक्त लोगों के द्वारा देवी अहिल्या बाई होलकर के जीवन पर प्रकाश डाला गया। सभी से उनकी तरह अपने धर्म के प्रति अडिग रहने और गरीबों की सेवा करने के लिए कहा।

कार्यक्रम से पूर्व इन सभी महिला सफाई कर्मचारियों का नगर पालिका के सभागार में स्वास्थ्य विभाग की टीम के द्वारा मेडिकल चेकप कराया गया।

कार्यक्रम में 10 आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को उनके द्वारा सरकार की योजनाओं को सफल बनाने के लिए प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम में आई सभी महिलाओं को पटका पहनाकर सम्मानित किया गया। इस दौरान ईओ डा. प्रज्ञा सिंह, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर अतुल कुमार, योगेश कुमार, पलक्षा मैनवाल, सुशील कुमार, आकाशदीप, रुचि शर्मा, दीपक सैनी आदि मौजूद रहे।

# ज्वॉइंट कमिश्नर को बताई अधिवक्ताओं की समस्याएं

**मुजफ्फरनगर।** बेंच और बार के बीच जीएसटी कार्यालय राज्य कर विभाग मे बैठक संपन्न हुई जिसमें विभाग की ओर से जॉइंट कमिश्नर कार्यपालक सांत्वना गौतम ओर अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

अधिवक्ताओं ने मुजफ्फरनगर जीएसटी विभाग की ओर से आ रही समस्याओं से अवगत कराया इसमें मुख्य रूप से रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया को आसान बनाने, जीएसटी पोर्टल की तकनीकी समस्याओं के समाधान हेतु मुजफ्फरनगर सेंटर पर तकनीकी सहायता टीम का गठन किया जाए, नियमित समय पर बार और बेंच के बीच में मीटिंग का आयोजन करना, ब्याज माफी योजना के अंतर्गत अभी तक विभाग द्वारा SPL5 जारी नहीं किया यथाशीघ जारी किया जाए, रिफंड प्रक्रिया को तेजी किया जाए, धारा 61 के संबंध में सुनवाई जल्दी होनी चाहिए, जनपद मैं ष्ठ इकाई द्वारा मारे जा रहे छोटे व्यापारियों पर छापे का भी विरोध किया इसके अलावा मोहदया मुजफ्फरनगर में जीएसटी



कार्यालय का निर्माण शामली बाईपास पर प्रस्तावित है नवनिर्मित जीएसटी कार्यालय में अधिवक्ताओं को बैठने के लिए कक्ष की व्यवस्था करने की मांग की गई बैठक में अध्यक्ष शलभ कौशिक, महासचिव असगर मेंहदी, अभिषेक खन्ना,आरके शर्मा, लक्ष्मण सिंह, सलिल वत्स, रोहतास करनवाल, मुकेश कुमार ढींगरा, रवि शंकर अग्रवाल, अभिलाष कुमार, अंकुर मैनी, प्रवीण कुमार, नमन मित्तल, दीपक कुमार शर्मा, शहजाद आलम, कृष्ण कुमार नीरज पाल, मनीष कुमार गुप्ता विकास वत्स, नीतिश गुप्ता, जसवीर सिंह सुधीर कुमार तायल, बृजमोहन, डॉक्टर मोहम्मद तसलीम, हरीश अरोड़ा, अभिनव त्यागी, नवीन गोयल, जावेद सिद्दीकी, अमित कुमार, प्रवीण कुमार आदि अधिवक्ता उपस्थित रहे हैं



मुजफ्फरनगर : देवी अहिल्याबाई को नमन करते बसपा नेता दारा सिंह प्रजापति।

# मसीही पब्लिक स्कूल में छात्रा हिना आई प्रथम

**बुढ़ाना।** कस्बे के चंधेडी रोड पर स्थित मसीही पब्लिक स्कूल में आज शनिवार के दिन नर्सरी से लेकर कक्षा पांच तक का रिजल्ट छात्र छात्राओं को मुख्य अतिथि एडवोकेट अलीम सिद्दीकी और एडवोकेट मौहम्मद मियां रिजवानी के कर कमलों द्वारा संयुक्त रूप से वितरित किया गया।

रिजल्ट पाकर छात्र छात्राएं फूली नही समाई। कक्षा नर्सरी में प्रथम छात्रा माहिन, द्वितीय छात्र दिलनवाज और तृतीय छात्रा आफजा, कक्षा एलकेजी में प्रथम छात्रा नबिया, द्वितीय छात्रा हयात और तृतीय छात्र अरशद, कक्षा यूकेजी में प्रथम छात्र बदर, द्वितीय छात्रा निकहत और तृतीय छात्र समद, कक्षा प्रथम में प्रथम छात्रा सुमैरा, द्वितीय छात्र हारिश और तृतीय छात्र हसन, कक्षा दो में प्रथम छात्रा अलीजा, द्वितीय छात्र अली और तृतीय छात्र उमर, कक्षा 3 में प्रथम छात्र शायान,



द्वितीय छात्रा सुहाना और तृतीय छात्र उमर, कक्षा 04 मे प्रथम छात्रा शाहिन व द्वितीय छात्र शोबान, कक्षा 05 में प्रथम छात्र सूफियान, द्वितीय छात्र आमिर और तृतीय छात्र अजहर आए। छात्रा हुमैरा और हिना भी अपनी अपनी कक्षाओं में प्रथम आई। इस दौरान स्कूल स्टाफ में मुख्य रूप से हफीज अहमद रिजवानी, शाइस्ता, शबनम, इलमा, अदीबा, सालेहा आदि शिक्षक शिक्षिकाओं की भी उपस्थित देखने को मिली।

## अब बेटी के खातें में जाएगा 60 हजार का कन्यादान

**मुजफ्फरनगर।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत अब बेटी के बैंक खाते में 60 हजार रुपये कन्यादान के रूप में जाएगे। शासन स्तर पर योजना में व्यय होने वाली धनराशि में बढोत्तरी की गई है। योजना के तहत अब तक प्रत्येक जोडे पर 51 हजार रुपये खर्च होते आए है, लेकिन अब प्रत्येक जोडे पर एक लाख रुपये खर्च होंगे। शासन स्तर पर मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना को लेकर काफी बदलाव हुए हैं। पूर्व में योजना के तहत प्रत्येक जोड़े पर 51 हजार रुपये खर्च होते आए है। जिसमें 35 हजार रुपये वधु के खाते में और 10 हजार रुपये का सामान दिया जाता था।वहीं छह हजार रुपए भोजन और अन्य व्यवस्था पर खर्च होते थे। अब शासन स्तर से मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत खर्च होने वाली धनराशि को 51 हजार से बढाकर एक लाख कर दिया गया है। जिसमें 60 हजार रुपये वधु के बैंक खाते में, 25 हजार रुपये का सामान और 15 हजार रुपए भोजन व अन्य व्यवस्था पर खर्च होगे। वहीं आवेदक के परिवार की वार्षिक आय सीमा अधिकतम तीन लाख तक हो गई है। जिला समाज कल्याण अधिकारी विनित कुमार मलिक ने बताया कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में अब प्रत्येक जोडे पर एक लाख रुपये खर्च होंगे। शासन स्तर से व्ययराशि में बढोत्तरी की गई है। -मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में यह मिलेगा सामान मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत पांच साड़ी ब्लाउज सहित, चुनरी, पैन्ट का कपड़ा, शर्ट का कपड़ा, गमछा, चाँदी की पायल (एक जोड़ी), चांदी की बिछिया (एक जोड़ी), डिनर सेट, कुकर, कढ़ाही, ट्रॉली बैग, वैनिटी किट, दीवार घड़ी, सीलिंग फैन, आयरन प्रेस, डबल बेड चादर, कम्बल, गद्दा/मैट्रेस, तकिया, सिन्होरा, चूड़ी (लाल काँच की) आदि सामान दिया जाएगा।

# पावर कारपोरशन की रेड में 140 घरों में पकड़ी बिजली चोरी

**मुजफ्फरनगर।** पावर कारपोरेशन की कई टीमों ने छापेमारी करते हुए करीब 140 घरों में बिजली चोरी पकडी है। इनमें से अधिकांश लोगों ने मीटर से पहले केबिल में कट लगाया हुआ था। वहीं कुछ लोगों ने मीटर में छेड़छाड़ की हुई थी। इसके अलावा कुछ लोग कटिया डालकर बिजली चोरी कर रहे थे। इन लोगों के खिलाफ बिजली चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई जा रही है।

मुख्य अभियंता पवन अग्रवाल ने बिजली चोरी पकड ने लिए कई टीमों को गठन किया हुआ है। जिसमें एक्सईएन, एसडीओ, जेई और लाइनमैन आदि कर्मचारी शामिल है। शहरी क्षेत्र में विभागीय टीमों के द्वारा मोहल्ला खालापार, किदवईनगर, रामपुरी, जनकपुरी, लद्दावाला, सुजडू, अलमासपुर, नई मंडी, कच्ची सड़क, मिमलाना रोड आदि स्थानों पर छापेमारी करते हुए करीब 40 से अधिक घरों में बिजली चोरी पकडी है।वहीं अन्य टीमों ने पुरकाजी, छपार, शाहपुर, बघरा, जानसठ, चरथावल आदि क्षेत्रों में छापेमारी करते हुए करीब 100 घरों में बिजली चोरी पकडी है। मुख्य अभियंता पवन अग्रवाल ने बताया कि गांव खोजा नगला में मनव्वर को सीधे विद्युत चोरी करते पाया गया। इसके अतिरिक्त तीन ओर व्यक्तियों को जो अपने कनेक्शन के मीटर में शंट डिवाइस लगाकर विद्युत चोरी करते पाए गए है। जिसमें महफुज हसन, अरशद, मकर्रनिन शामिल है। इन लोगों के द्वारा बडी बिजली चोरी की जा रही थी। उन्होंने बताया कि सभी लोगों के खिलाफ बिजली

# कुर्बानी के फोटो पोस्ट करने पर होगा मुकदमा दर्ज

**■ डीएम व एसएसपी ने बकरीद के संबंध में की बैठक**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जिलाधिकारी उमेश मिश्रा और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा की अध्यक्षता में ईदज्जुहा (बकरीद) पर्व को लेकर जिला पंचायत सभागार में बैठक संपन्न हुई। बैठक में संबंधित विभाग के अधिकारियों और पीस कमेटी के सदस्यों ने प्रतिभाग किया।

जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने कहा कि सभी एक दूसरे की भावनाओं का आदर करते हुए आपसी भाईचारे और सौहार्दपूर्ण माहौल में बकरीद का त्योहार मनाएं। उन्होंने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका और नगर पंचायतों को निर्देश दिए कि ईद के पर्व पर सफाई व्यवस्था, बिजली और पानी की कोई भी समस्या नहीं आने पाए, इसका अधिकारीगण विशेष ध्यान रखें। जिलाधिकारी ने कहा कि जहां-जहां पर सड़कें और नालियां टूटी हुई हैं, उनको एक सप्ताह के अंदर ठीक कर लिया जाए। उन्होंने नगर पालिका और नगर पंचायत को निर्देश दिए कि 7, 8 और 9 जून से पूर्व टीम गठित कर विशेष सफाई कराई जाए और कहीं पर भी कुर्बानी के अवशेष या कूड़ा इकठा नहीं होना चाहिए।

### एसएसपी का बयान

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने कहा कि ईदज्जुहा बकरीद के त्योहार को आपसी भाईचारे और शांतिपूर्ण से मनाएं। उन्होंने सभी धर्म के गुरुओं से अपेक्षा की कि अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा देकर उनको अच्छा बनाएं। उन्होंने कहा कि यदि कोई व्यक्ति सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट और अफवाह फैलाने और कुर्बानी के फोटो अपलोड करता है, उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### कुर्बानी के फोटो सोशल मीडिया पर पोस्ट न डालें

जिलाधिकारी ने कहा कि बकरीद के कुर्बानी का फोटो सोशल मीडिया पर कोई भी फोटो पोस्ट न करें, इस पर ध्यान देने की आवश्यकता है। बकरीद के त्योहार को सभी लोग मिलजुल कर बेहतरीन ढंग से मनाएं।



मुजफ्फरनगर : बकराईद पर शांति समिति की बैठक लेते डीएम -एसएसपी।

# छह दिन से लापता अनिकेत पुलिस के लिए बना पहेली

## गंगनहर में नहाते समय हुआ था लापता, दोस्त के साथ गया था अनिकेत

■ परिजन गंगनहर के किनारे टकटकी लगाये बैठे है

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** गंगनहर में नहाते समय लापता हुआ युवक अनिकेत अभी तक नहीं मिल पाया है। घटना को छह दिन बीत चुके हैं, लेकिन पुलिस और गोताखोरों की तमाम कोशिशों के बावजूद युवक का कोई सुराग नहीं मिल पाया है। परिजन हर दिन गंगनहर के किनारे टकटकी लगाए बैठे हैं। उनकी आंखों में उम्मीद की चमक अब धुंधली पड़ने लगी है।

देवीदास निवासी उमेश पुत्र हीरालाल ने कोतवाली में अपने भतीजे अनिकेत पुत्र दिनेश की गुमशुदगी दर्ज कराई थी। परिजनों ने बताया कि 25 मई, शनिवार को अनिकेत का एक दोस्त उसे घर से बुलाकर गंगनहर ले गया था। तभी से अनिकेत लापता है। शनिवार को भी अनिकेत के परिजन गंगनहर में उसकी तलाश कर रहे थे। 6 दिन बाद भी अनिकेत का सुराग लगने के बाद लापता हुआ

अनिकेत पुलिस प्रशासन के लिए पहली बन गया है, पुलिस इस मामले ने कई पहलुओं पर जांच कर रही है अनिकेत लापता हुआ है या नहर में नहाते समय डूब गया है के अलावा भी कई बिंदुओं पर जांच कर रही है। अनिकेत का कोई सुराग न मिलने से उसके परिजनों का रो रो कर बुरा हाल हो गया है।

### मेरा भतीजा लौटकर जरूर आएगा : चाचा उमेश

अनिकेत के चाचा उमेश रोते हुए कहते हैं, हमुझे अब भी उम्मीद है कि मेरा भतीजा जिंदा है। पुलिस दिन-रात नहर में खोजबीन कर रही है, लेकिन अब तक कोई निशान नहीं मिला। हमने अपने स्तर से भी गोताखोर बुलाए हैं, लेकिन सब व्यर्थ जा रहा है।

### पुलिस का बयान

कोतवाली प्रभारी ब्रजेश कुमार शर्मा ने बताया कि युवक की गंगनहर में डूबने की आशंका के चलते लगातार सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। पुलिस और गोताखोरों की मदद से नहर के आसपास की तलाशी ली जा रही है।

## समिति में मुंह देखकर किया गया खाद वितरित

**बुढ़ाना।** गांव मोहम्मदपुर राय सिंह में स्थित साधन सहकारी समिति में आज शनिवार के दिन मुंह देखकर खाद का वितरण हुआ। जिन किसानों को आज तक खाद नहीं मिला वे किसान मायूस लौटे। इससे क्षेत्र के किसानों में भारी रोष है। इस प्रकरण को देखते हुए बुढ़ाना ब्लाक के पूर्व प्रमुख और राष्ट्रीय लोकदल के वरिष्ठ नेता विनोद मलिक सोमवार के दिन एआर कोऑपरेटिव मुजफ्फरनगर में पहुंचकर संबधित अधिकारियों से मुलाकात कर समिति के अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की मांग करेंगे। उसके बाद समिति के अधिकारी और कर्मचारियों की शिकायत को-ऑपरेटिव विभाग लखनऊ में भी की जाएगी और फिर उसके बाद आगे की रणनीति तय की जाएगी। पूर्व प्रमुख विनोद मलिक ने कहा कि जो समिति के कर्मचारी इस तरह के काम में लिप्त हैं उन लोगों के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए।

## अहिल्याबाई जयन्ती पर पाल समाज ने निकाली शोभायात्रा

**मोरना।** वीरांगना अहिल्याबाई होलकर जयन्ती के अवसर पर पाल समाज द्वारा शोभा यात्रा का आयोजन किया गया। जिसमें अनेक झांकियों का प्रदर्शन किया गया। शोभा यात्रा का अनेक स्थानों पर स्वागत किया गया।

मोरना ब्लॉक क्षेत्र के गांव फिरोजपुर में आयोजित शोभायात्रा का शुभारम्भ वीरांगना अहिल्याबाई होलकर के चित्र सम्मुख पुष्प अर्पित कर किया गया कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

युवा समाजसेवी रोबिनपाल ने वीरांगना रानी अहिल्याबाई के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि देवी स्वरूप महारानी अहिल्याबाई ने प्राचीन हिन्दू संस्कृति का प्रचार भारत वर्ष में किया। अनेक मन्दिरों का पुनरोद्धार किया तथा दुखियों की मदद की व न्याय प्रदान किया। देवी अहिल्याबाई का जीवन सदैव प्रेरणास्रोत रहेगा।



शोभायात्रा फिरोजपुर से शुरू आरम्भ होकर शुकतीर्थ के मुख्य मार्गो से होते हुए इलाहबास गांव मे पहुंची तथा मोरना व बहुपुरा होते वापस फिरोजपुर पहुंची।शोभायात्रा पर अनेक स्थानों पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया साथ कढ़ी का प्रसाद वितरण किया गया तथा ठंडे शरबत की छबील लगाकर शरबत वितरण किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से मदन प्रधान, अरूणपाल, महकसिंह प्रधान, कार्तिक पाल, सन्नी पाल, राजपाल प्रधान, रवि पाल, भूषण, निगम, दीपुपाल,पप्पन,अनुज पाल, शुभमपाल, आदि मौजूद रहे।

## किराये पर रह रही महिला के जेवर चोरी

**मुजफ्फरनगर।** दिल्ली के नांगलाई की मूल निवासी निसात मिर्जा ने कॉलोनी में माडल टाउन कॉलोनी में साबिर के मकान में किराए पर कमरा लिया है। वह मकान में ऊपरी हिस्से में बने कमरे में रहती है। नीचे हिस्से में शाहबाज किराए पर रहता है। पीडित शुक्रवार रात में कही गई थी। देर रात वापस आई तो घर में सामान बिखरा पाया। आरोप है कि चोरों ने ताले तोड़ कर कई लाख के जेवर व एक लाख 35 हजार रुपये नगद व अन्य कीमती सामान चोरी किया है। इसके अलावा शाहबाज के घर में तोडफोड़ कर दवाई चोरी की है। सूचना पाकर सिविल लाइन थाना पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू की है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया।

## शामली बाईपास के निकट आई-टेन में लगी आग

**मुजफ्फरनगर।** नगर के राना चौक से शामली बाइपास की तरफ जा रही आइटेन कार में आग लग गई। सूचना पाकर दमकल विभाग टीम ने पहुंच कर आग को बुझाया। पुलिस ने बताया कि बुढ़ीना खुर्द निवासी अलीशेर मुजफ्फरनगर से कार में अपने गांव जा रहा था। बाइपास पर अनियंत्रित होकर कार डिवाइडर से टकरा गई। इस दौरान कार में आग लग गई। चालक ने कूद कर जान बचाई। कूदने के दौरान उसे चोट आई। उसे जिला अस्पताल में उपचार दिलाया गया।

## सोफिया व व्योमिका के सम्मान में निकली तिरंगा यात्रा

**बुढ़ाना।** ऑल इंडिया आवाम ए हिंद पार्टी के सैंकडों कार्यकर्ताओं ने बुढाना कस्बे के खतौली तिराहे पर एकत्रित होकर एक तिरंगा यात्रा का शुभारंभ पार्टी के लीगल एडवाइजर सलीम एडवोकेट के नेतृत्व में ऑपरेशन सिंदूर की सफलता, भारतीय सेना के सम्मान व खासकर कर्नल सोफिया कुरैशी के सम्मान में किया। कार्यकर्ताओं ने तिरंगा यात्रा में देशभक्ति से ओत-प्रोत होकर देश की शान में नारेबाजी की और कहा कि हमारे देश की तरफ आंख उठाने वाले किसी भी सूरत में बख्शे नहीं जाएंगे। जोश जूनून व जज्बे के साथ निकाली गयी इस तिरंगा यात्रा में पार्टी के लीगलध् एडवाइजर सलीम एडवोकेट ने कहा कि वाकई में कर्नल सोफिया कुरैशी ने दुश्मन देश पाक के छक्के छुड़ाकर यह साबित कर दिया कि देश की आन शान के लिए जान देने में मुस्लिम भी पीछे नहीं हैं। शाम लगभग पांच बजे कस्बे के खतौली तिराहे से यह तिरंगा यात्रा आरंभ हुई। तिरंगा यात्रा में कार्यकर्ताओं ने भारतीय सेना जिंदाबाद, कर्नल सोफिया कुरैशी जिंदाबाद और विंग कमांडर व्योमिका सिंह जिंदाबाद के नारे जमकर लगाए। नारेबाजी करते हुए सभी कार्यकर्ता कस्बे के चौधरी चरण घसिंह तिराहे पर पहुंचे। यहां कार्यकर्ताओं ने अपनी 6 मांगों का ज्ञापन एसडीएम राजकुमार को दिया। ज्ञापन में पिछडे वर्ग को 63 प्रतिशत आरक्षण देने, 300 यूनिट घरेलू बिजली मुफ्त देने, मजदूरों को 3 हजार रूपये प्रतिमाह मजूदर सम्मान निधि देने, युवाओं को रोजगार, निर्धारित मजदूरी दरों को लागू करने तथा बुढ़ाना हिंडन नदी को स्वच्छ बनाने की मांग की गई। इस मौके पर रामसिंह गौतम, फुरकान, साजिद, रईस, मोहम्मद अली, असलम और नदीम आदि सैंकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## आंगनबाड़ी रूम की जर्जर छत गिरेगी तब ही ठीक होगी?

**बुढ़ाना।** आंगनबाड़ी के कमरे की जर्जर छत कब गिर जाए कुछ नहीं कहा जा सकता। इस जर्जर छत की शिकायत 2 वर्ष पूर्व आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों गीता मैनूवाल व शबनम ने संबंधित अधिकारियों को की मगर आज तक उक्त समस्या का समाधान नहीं हुआ और न ही किसी भी अधिकारी ने जर्जर छत की कोई भी खबर ली। अब ग्रामीण कहने लगे हैं कि शायद जब ये छत गिरेगी और एक दो महिलाएं मरेंगी तब शायद विभाग की नींद टूटेगी। बताया जाता है कि ब्लाक बुढ़ाना क्षेत्र के गांव मदीनपुर खिजरपुर में आंगनबाड़ी केंद्र है। जिसमें आंगनबाड़ी कार्यकत्री गीता मैनूवाल व शबनम तैनात हैं। दोनों कार्यकत्रियों ने करीब 2 वर्ष पूर्व संबंधित अधिकारियों को शिकायत की थी ।

## जिले में कोरोना का अलर्ट, स्वास्थ्य विभाग ने की मॉक ड्रिल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** दिल्ली के बाद मेरठ में कोरोना पॉजिटिव मरीज मिलने के बाद मुजफ्फरनगर भी अलर्ट मोड पर आ चुका है। इसके चलते ऑक्सीजन प्लांट की क्षमता और क्रियान्वयन देखने के लिए शनिवार को मॉक ड्रिल हुई। सीएमओ ने दोनों जिला अस्पताल में ऑक्सीजन प्लांट चौक किए।

वहीं तहसील क्षेत्र में चिकित्सा अधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई। इस दौरान अधिकारियों व कर्मचारियों को अलर्ट मोड पर रहने के निर्देश दिए गए। कोरोना के मामले लगातार बड़े शहरों में मिलने लगे हैं। पड़ोसी जनपद मेरठ में एक मामला मिलने के बाद मुजफ्फरनगर में स्वास्थ्य विभाग अधिकारियों ने सतर्कता बर्तनी शुरू कर दी है।

कोरोना की तैयारी को लेकर शनिवार सुबह सीएमओ डा. सुनील तेवतिया ने टीम के साथ जिला अस्पताल और जिला महिला अस्पताल में लगे आक्सीजन प्लांट यूनिट पर मॉकड्रिल की।माक ड्रील के दौरान इमरजेंसी में स्टाफ की मौजूदगी और वार्डो में आक्सीजन की सप्लाई देखी गई। आक्सीजन प्लांट क्रियाशील मिलने पर संतुष्टि जताई गई। इस दौरान ऑक्सीजन प्लांट में तैनात कर्मचारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। ऑक्सीजन प्लांट को लेकर हर समय तैयार रहने के निर्देश इंचार्ज को दिए गए। उधर जिले के बुढ़ाना और खतौली में चिकित्सा अधिकारियों ने निरीक्षण किया। बुढाना में एसीएमओ प्रशांत कुमार व खतौली में एसीएमओ दिव्या वर्मा ने ऑक्सीजन प्लांट की व्यवस्थाओं और उनकी मशीनों की जांच की। सीएमओ सुनील कुमार तेवतिया ने बताया कि कोरोना को लेकर ऑक्सीजन प्लांट की व्यवस्थाएं जांचने के लिए मॉक ड्रिल हुई है। इसमें ऑक्सीजन प्लांट की व्यवस्थाओं और क्षमता पर विशेष ध्यान दिया गया। सभी जनों ऑक्सीजन प्लांट क्रियाशील अवस्था में मिले हैं। सीएमओ ने बताया कि शासन से कोई गाइडलाइन नहीं आई है, लेकिन अपने स्तर पर जिले को आपात स्थित में स्वास्थ्य सेवाओं में निपटने के लिए मजबूत किया जा रहा है।

## सिचाई विभाग बना पर्यावरण का दुश्मन उजाड़े जा रहे हरे भरे पेड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** हरे भरे वृक्षों को काटकर हरियाली को किया समाप्त जब के कुछ ही दिनो बाद इसी मार्ग से कावड का आगमन होगा शिव भक्त कावड मार्ग से पेडो की छाया का लाभ उठाकर अपनी मजिल तक पहुंचते है मगर सिचाई विभाग नही चाहाता की शिव भक्त हरे भरे पेडो की छाया मे अपनी मजिल तय करे । एक ओर सरकार प्रदेश को हरा भरा करने के लिए वृक्षारोपण अभियान चलाये हुए है वहीं सिंचाई विभाग ने सरकार के प्रयासों को धता बताने मे कोई कसर बाकी नहीं रखना चाहता है। इसका उदाहरण बेलडा गांव मे स्थित सिंचाई विभाग के गेस्ट हाउस परिसर मे खडे हरे भरे पेड़ों को काट दिया गयानहर पुल के किनारे खडे सीमल के प्राचीन विशालकाय पेड़ के गिर जाने के बाद इसी परिसर मे कुछ समय पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष के नेतृत्व मे भाजपा नेताओं व समाज सेवियों द्वारा वृक्षारोपण किया गया था किन्तु विभाग ने इस की कोई परवाह न करते हुए हरे वृक्षों को काटकर अपने इरादों और धता बताने के होंसलो को साबित कर दिखाया है ग्रामीणो का कहना है की अगामी कांवड मार्ग शुरू होने जा रही है यही पर शिव भक्तो के लिए शिविर लगाया जाता है जिसकी छाया मे शिव भक्त आराम करते इन पेडो से किसी को कोई नुकसान भी नही है

## कैंटर ने तोड़े बिजली के खंभे

**मुजफ्फरनगर।** शुक्रवार की देर रात्रि एक केंटर मुजफ्फरनगर की ओर से तेज गति से खतौली की ओर जा रहा था। मंसूरपुर में नेशनल हाईवे पर थाने से पहले भगत जी स्वीट्स की दुकान के सामने खड़ी एक कार में टक्कर मार कर बिजली के दो खंभे तोड़ता हुआ वह डिवाइडर के दूसरी ओर चला गया। गनीमत रही कि कार में उस समय कोई नहीं बैठा था। खंबे टूटने से आसपास के क्षेत्र की विद्युत सप्लाई बाधित रही।

सुबह के समय विद्युत सप्लाई सुचारु की गई। पुलिस का कहना है कि इस संबंध में अभी कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है।

### सूचना

मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र स.11442 दिनांक 01.11.17 मे गलती से माता का नाम नीलम अंकित करा दिया गया जबकि वास्तविक नाम नीलम राठी है शुद्धिकरण हेतु आवेदन पत्र सम्बन्धित विभाग मे प्रस्तुत किया जा रहा है।

**निवेदक,**
**नीलम राठी पत्नी मनोज कुमार 137/2 प्रेमपुरी**
**मु० नगर 975807081**

## शातिर लुटेरा अमित मुठभेड़ में घायल

**तितावी।** तितावी पुलिस ने शुक्रवार देर रात करीब 12 बजे एक शातिर बदमाश अमित को मुठभेड़ में घायल कर पकड़ लिया। बदमाश की पहचान काज़ीखेड़ा निवासी अमित के रूप में हुई है, जिस पर पहले से आईफोन लूट समेत कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस को अमित की लंबे समय से तलाश थी।

पुलिस सूत्रों के अनुसार, तितावी थाना पुलिस रात्रि गश्त के तहत संदिग्ध वाहनों और व्यक्तियों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान एक व्यक्ति बाइक पर आता दिखा। पुलिस ने रुकने का इशारा किया, लेकिन वह बाइक मोड़कर भागने लगा। शक होने पर पुलिस ने उसका पीछा किया। भागते समय युवक की बाइक फिसल गई, जिसके बाद खुद को पुलिस से घिरता देख युवक ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी आत्मरक्षा में फायरिंग की, जिसमें आरोपी के पैर में गोली लग गई। सीओ फुगाना ;षिका सिंह ने बताया कि गिरफ्तार अमित वही बदमाश है, जिसने कुछ दिन पहले सिविल लाइन थाना क्षेत्र में एक महिला से आईफोन लूटा था। उस मामले में उसका साथी विजय उर्फ गोल्डी पहले ही एक मुठभेड़ में घायल होकर गिरफ्तार हो चुका है। मुठभेड़ के दौरान अंधेरे का फायदा उठाकर अमित फरार हो गया था, जिसकी लगातार तलाश की जा रही थी।पुलिस ने पकड़े गए आरोपी के पास से एक तमंचा, एक जिंदा कारतूस, एक खोखा कारतूस और घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल भी बरामद की है। पुलिस ने घायल अमित को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस का कहना है कि पूछताछ में और भी खुलासे हो सकते हैं, क्योंकि अमित कई अन्य लूट और चोरी की वारदातों में भी संलिप्त रहा है। सीओ फुगाना ;षिका सिंह ने बताया कि बदमाश अमित कई वारदातों में वांछित था। पुलिस चेकिंग के दौरान उसने पुलिस पर फायर किया, जिसके जवाब में उसे गोली लगी। वह घायल है और अस्पताल में भर्ती है। इस मामले में विधिक कार्रवाई की जा रही है। बरामद असलहा और अन्य वस्तुएं फोरेंसिक जांच के लिए भेजी जा रही हैं।

## एक हजार जैविक किसानों का उत्पाद खरीदेगी कंपनी : प्रबंधक

**मोरना।** मोरना में नमामि गंगे जैविक खेती परियोजना के तहत द्वितीय चरण में क्षेत्रीय कर्मचारी और समूह संचालकों का फार्मर प्रोडड्सर कंपनी के गठन हेतु प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता वरिष्ठ परियोजना प्रबंधक डा. जेपी शर्मा ने कहा कि एक हजार जैविक किसानों का उत्पाद खरीदने के लिए फार्मर प्रोडड्सर कंपनी का गठन किया जा रहा है जो चयनित एक हजार किसानों का उत्पाद खरीदेगी।

शिविर में वरिष्ठ परियोजना प्रबंधक डा. जेपी शर्मा ने कहा कि नमामि गंगे जैविक खेती परियोजना के तहत क्षेत्र में ग्राम पंचायत खरपौड़, मीरावाला, दरियाबाद, छछरौली, कसमपुर खोला, कैल्लापुर जसमोर आदि का चयन किया गया है। जिसमें किसान गन्ना, सरसो, गेहूं, मूंग, बासमतर चावल का उत्पादन कर रहे है। जिनके उत्पादन के लिए फार्मर प्रोडड्सर कंपनी का गठन किया जा रहा है। शिविर में सहायक विकास अधिकारी कृषि अंकुल शर्मा ने कहा कि खरीफ फसल में धान बीज की बुवाई के लिए बीज दिया जा रहा है, जिसमें सरकार द्वारा प्रति किलों धान बीज पर 26 रूपये का अनुदान दिया जा रहा। प्रशिक्षण में मुख्य वक्ता सहायक विकास अधिकारी कृषि अंकुल शर्मा ने कहा मोटा अनाज स्वास्थ्य के लिए लाभदायक होता है, जिस पर सरकार अनुदान दे रही है प्रत्येक वर्ष किसानों को बुवाई के लिए मोटा अनाज का बीज निशुल्क मिलता है। प्रशिक्षण में कृषि विभाग के संदीप कुमार ने कहा कि किसानों को समय समय पर मिटी की जांच अवश्य करानी चाहिए। शिविर में प्रशिक्षक वीरेंद्र कुमार के द्वारा फार्मर प्रोडड्सर कंपनी को सरकार के द्वारा मिलने वाली सुविधाओं की विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई।

### सम्बन्ध-विच्छेद सूचना

मेरा पुत्र **तालिब** मेरे कहने-सुनने में नहीं है। **तालिब** को मैं अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर उससे संबंध विच्छेद करती हूं। भविष्य में उक्त द्वारा किए किसी भी कृत्य व लेन-देन के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

**अनीसा पत्नी स्व0 अ0 अजीज**
निवासी मौहल्ला मुश्तर्क, निकट जामा मस्जिद कस्बा व थाना मीरापुर तहसील जानसठ, जिला मुजफ्फरनगर।

### सूचना

मेरा पुत्र मौ.अम्मान पुत्र वकील अहमद मेरे कहने सुनने में नहीं है गलत संगत में रहने लगा है। गलत लडको के साथ उठता बैठता है। मेरे पुत्र ने अपनी मर्जी से बिना किसी को बताये शादी कर ली है इसलिए मैने अपने पुत्र मौ.अम्मान से अपने सभी प्रकार के सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है तथा मैने व मेरे परिवार ने मौ. अम्मान से अपने सभी प्रकार के सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। मेरे पुत्र अम्मान द्वारा किये गये किसी भी तरह के लेन-देन, गलत आचरण व पुलिस अदालती कार्यवाही से मेरे व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। अपने द्वारा किये गये किसी भी कृत्य व लेन-देन के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

**वकील अहमद पुत्र अब्दुल शकूर निवासी म.न.-6/1 किदवई नगर थाना कोतवाली जिला-मुजफ्फरनगर**

## होल्कर जयंती पर किया गया खीर का वितरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** आज शनिवार के दिन कस्बा बुढाना में राज माता रानी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती के शुभ अवसर पर भारत चौक पर मीठी स्वादिष्ट खीर के प्रसाद का वितरण किया गया। यह कार्यक्रम धनगर समाज बुढाना की ओर से आयोजात किया गया।




जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पधारे अखिल भारतीय हिंदू महासभा के जिला उपाध्यक्ष शंकर पाल ने होलकर की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए बताया कि राजमाता अहिल्याबाई होलकर मालवा साम्राज्य की होलकर रानी थी। उन्हें भारत की सबसे दूरदर्शी महिला शासकों में से एक माना जाता है। 18वीं शताब्दी में मालवा की महारानी के रूप में धर्म का संदेश फैलाने में और औद्योगीकरण के प्रचार प्रसार में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा था। इस दौरान यहां पर मुख्य रूप से राकेश कुमार, कमल पाल, सनी पाल, मोहन कश्यप, सुनील पाल, सचिन पाल, नगर उपाध्यक्ष धीरज पाल, विपिन पाल, संदीप पाल, अजय पाल और अनुज पाल आदि गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति देखने को मिली।

## हिंदू संगठन कार्यकर्ताओं पर जानलेवा हमला

**बुढ़ाना।** हिंदू संगठन के कार्यकर्ता पर जानलेवा हमला किया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार पारस पुत्र मोहन निवासी ग्राम जौला ने बताया कि वो एक हिंदू संगठन से है। बीती 26 मई की देर रात उनके गांव के ही विशु व वंश पुत्रगण महेन्द्र द्वारा उस पर और उसके भाई हर्ष पर जानलेवा हमला पंच और चाकुओं से किया गया। जिसमें उस पर और उसके भाई हर्ष पर पंच व चाकुओं से वार किये गये। जिनको छुडाने के लिये संगीता पत्नी मुरारी आयी तो उक्त व्यक्तियों ने संगीता पर भी हमला किया तथा सिर में पंच मारा जिससे उसका सिर भी लहुलुहान हो गया। उसके बाद 112 नम्बर पर पुलिस को फोन किया गया तो मौके पर 112 नम्बर की पुलिस पहुंची तो दोनो व्यक्ति वहां से फरार हो गये। तब वहां एम्बुलेन्स बुलायी गयी तो एम्बुलेंस हम तीनों घायलों को लेकर सीएचसी पर और उनका इलाज शुरु किया तो वहां पर गांव के महेन्द्र पुत्र कूड़ा, संदीप व कुलदीप पुत्रगण अजब सिंह निवासीगण ग्राम कुरालसी पहुंचें और वहां पर आकर गाली गलौच की और मारपीट करने की कोशिश की और कहा कि यदि तुमने हमारे खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करायी तो हम तुम्हें जान से मार देगें। इनकी वहां पर वीडियो भी बनायी गयी। अगले दिन उसके ताऊ का लडका मोनू पुत्र महेन्द्र मन्दिर में जा रहा था तो उसे विशु की माता कृष्णा ने पकड़ा और रोककर कहा कि तुमसे जो कुछ हो कर लेना। हमारे 80 बीघा जमीन है। हम पैसा खर्च करके कुछ भी नहीं होने देगें। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## पुलिस मुठभेड़ में हत्यारोपी घायल

**छपार।** पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान हत्या में नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर उसकी निशानदेही पर अवैध असलाह और घटना में प्रयुक्त बाइक बरामद की है। शुक्रवार की रात्रि में पुलिस सिसौना में बागो वाले रास्ते पर वाहन चेकिंग कर रही थी। इसी बीच बाइक सवार दो संदिग्ध युवक आते दिखाई दिये। जहां रूकने का इशारा करने पर बदमाशों ने फायरिंग की। पुलिस ने अपने बचाव में जवाबी फायरिंग की तो बाइक फिसलकर गिर गई और एक बदमाश पुलिस की गोली से घायल हो गया। पुलिस ने बदमाशों को गिरफ्तार कर तमंचा, कारतूस बरामद किया। घायल का नाम शाकीब निवासी शौकत कॉलोनी लिसाड़ी गेट मेरठ दूसरा उसका भाई साहिल लिसाड़ी गेट जनपद मेरठ है। पुलिस का कहना है कि बताया 4 अप्रैल को हाईवे के निकट गांव विजोपरा के जंगल में गोली लगा सलमान निवासी मोहल्ला अहमद नगर थाना लिसाड़ी गेट मेरठ का शव मिला था। पुलिस का कहना है कि सलमान की हत्या घायल बदमाश ने अपने मामा वसीम उर्फ खटमल व मृतक की पत्नी शुमाइला के साथ मिलकर की थी।जिस पर सलमान ने पता चलने पर और दोनों को रंगे हाथ पकड़ कर दोनो की पिटाई की थी। उसकी पत्नी ने अपने पति को देख लेने की धमकी दी थी 4 अप्रैल को सलमान ने मोहल्ले के एक युवक पर गोली चला दी थी जिस पर उसकी पत्नी रुड़की मे छुपाने के लिए कहकर सलमान को लेकर चल दिए रात्रि में बीजोपुरा के जंगल में ले जाकर उसकी गोली मार कर हत्या कर दी मृतक के भाई नौशाद ने मोहल्ले के ही पांच युवको के विरुद्ध थाने में हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। लेकिन पुलिस ने गहनता से जांच की और सड़क पर लगे कैमरे खंगाले उसमें एक महिला और एक पुरुष बाइक पर जाते हुए दिखाई दिए जिससे मामला निकला और उक्त तीन नाम सामने आए पुलिस मुठभेड़ के बाद सलमान की हत्या स्वीकार की जबकि मुख्य आरोपी वसीम उर्फ खटमल व वह मृतक की पत्नी सुमाईला पर दस हजार का इनाम था वसीम उर्फ खटमल की बहन रुबीना को भी पुलिस ने हत्यारो को शरण देने के आरोप में गिरफ्तार कर तीनों को कोर्ट में पेश किया पुलिस का कहना है कि मृतक की पत्नी व पत्नी का प्रेमी अभी फरार है ।

### सम्बन्ध विच्छेद सूचना

हमारा पुत्र आसिफ हमारे कहने सुनने से बाहर है। गलत संगत में पड़ गया है। इसलिए हमने आसिफ से सम्बन्ध विच्छेद कर इसे अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। इसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य व लेनदेन की हमारी व हमारे अन्य परिवार के सदस्यों की कोई जिम्मेदारी किसी प्रकार की नहीं होगी। ये अपने कृत्य व लेनदेन का स्वयं जिम्मेदार होगा।

**वसील पुत्र नफीस व श्रीमती मुर्शीदा पत्नी वसील निवासीगण- ग्राम रोहाना खुर्द, थाना कोतवाली नगर, तहसील सदर जिला मुजफ्फरनगर**

### संबंध विच्छेद सूचना

मेरी पत्नि गुलशाना के अवैध संबंध शबाब आलम उर्फ साहब आलम पुत्र वकील निवासी ग्राम कूकडा, थाना नई मंडी जिला मु.नगर के साथ हो गये मैने व परिजनो ने कई बार गुलशाना व शबाब आलम उर्फ साहब आलम को समझाया लेकिन वे नहीं माने और शबाब आलम उर्फ साहब आलम ने मुझे धमकी दी कि अगर तूने गुलशाना को मुझसे मिलने से रोका तो तुझे व तेरे बच्चो को जान से मार दूंगा। दिनांक 29.05.2025 को रात्रि में गुलशाना घर में रखे एक लाख रुपये नगद व सोने चांदी के समस्त कीमती जेवरात लेकर अपने प्रेमी शबाब आलम उर्फ साहब आलम के साथ घर से भाग गई है। जिस कारण मैने गुलशाना से अपने समस्त पारिवारिक व सामाजिक संबंध समाप्त कर लिए हैं तथा उसे अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में मेरा व परिवार के अन्य सदस्यों का गुलशाना के साथ कोई मतलब वास्ता नहीं रहा। उसके किसी भी कृत्य व लेन देन या वाद विवाद के ये स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरी व परिवार के अन्य सदस्यों की कोई जिम्मेदारी किसी प्रकार की नहीं होगी।

**सरफराज पुत्र यासीन निवासी ग्राम कूकडा, थाना नई मंडी जिला मुजफ्फरनगर**

### सूचना

मेरा पुत्र नईमुद्दीन मेरे व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों के कहने सुनने से बाहर है। गलत संगत में पड गया है। आये दिन घर में व बाहर लडाई झगडा व गाली-गलौच करता रहता है इसलिए मैने व मेरे परिजनों ने नईमुद्दीन से अपने सभी प्रकार के सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है तथा मैने अपने पुत्र नईमुद्दीन को अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। आज के बाद मेरे पुत्र नईमुद्दीन के द्वारा किये गये किसी भी कृत्य व लेन-देन की मेरी व मेरे अन्य परिवार के सदस्यों की कोई जिम्मेदारी किसी प्रकार की नही होगी। मेरा पुत्र नईमुद्दीन अपने कृत्यों व लेन-देन का स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**गफ्फार पुत्र निजामुद्दीन निवासी म.न 650 मौहल्ला इस्लामाबाद भूड खतौली थाना खतौली जिला-मुजफ्फरनगर**

## ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर तिरंगा यात्रा निकाली



**मुजफ्फरनगर।** गांव मोघपुर में ऑपरेशन सिंदूर के सफल ऑपरेशन में सेवा के सम्मान में पूरे गांव में तिरंगा यात्रा निकल गई इस दौरान ग्रामीण देशभक्ति से और बहुत नारे लगा रहे थे। इस अवसर पर धर्मवीर, विनीत, संजीव, विनोद,सुनील हरेंद्र आदि रहे।

## भोजाहेडी में भी मनाई गई राजमाता अहिल्या बाई होल्कर जयंती

**शाह टाइम संवाददाता**

**पुरकाजी।** समीपवर्ती ग्राम भोजाहेडी मे धनगर समाज के धनगर उत्थान समिति द्वारा लोक माता देवी अहिल्याबाई होल्कर जी की 300 वी जयंती धूमधाम से मनाई गई है। जिसमे समाज के बुजुर्ग युवा व महिलाओ के बढ चढ कर हिस्सा लिया।

बृजपाल सिंह धनगर की अध्यक्षता तथा श्रीपाल धनगर के संचालनता मे लोक माताअहिल्याबाई होल्कर जयन्ति पखवाडे पर शनिवार को आयोजित कार्यक्रम में राजमाता देवी अहिल्या बाई होल्कर की 300 वी जयन्ति पर उनके चित्र पर माल्यापर्ण कर श्रृद्धा सुमन अर्पित किये गये तथा वक्ताओ द्वारा उनके जीवन पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा है कि लोकमाता अहिल्या बाई होल्कर द्वारा देश मे 28 वर्ष सुशासन कर जनता को अपना परिवार समझा तथा समाज मे फैली कुरितियो को समाप्त कर देशकी जनता को राष्ट्रहित देशभक्ति का पाठ



पढाया तथा एकता पर जोरदिया गया उनकी राष्ट्र भक्ति एवं देशप्रेम की प्रेरणा अपने जीवन में उतारने पर जोर दिया गया है कार्यक्रम में भोपाल सिंह धनगर का सहयोग रहा है । इस दौरान कार्यक्रम में तेजपाल धनगर संजय धनगर विरेन्द्र मुकेश धनगर राजकुमार धनगर राजेश धनगर मोहित धनगर संजय धनगर यश धनगर टोनी धनगर अतुल धनगर आर्यन ऋतिक ईशांत धनगर गौरव सौरव ऋषिपाल मनीष विपिन बोबी प्रशांत धनगर प्रिंस अंकित राजेंद्र रवि बाला सुदेशना बबीता किरण धनगर सरेशो कैला कुसुम पिंकी पवित्र धनगर राजजो ईशानी धनगर आदि सेकडो लोग उपस्थित शामिल रहे।

### सूचना

मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र पंजीकृत स.5649 दिनांक 28.08.2010 में गलती से नाम अजमत जैहरा Azmat Zehra अंकित कर दिया गया था जबकि उसका वास्तविक नाम जाफरी अजमत जेहरा Jafri Azmat Zehra है। हाईस्कूल की मार्कशीट में जाफरी अजमत जेहरा Jafri Azmat Zehra है और भविष्य में भी इसी नाम से जाना जायेगा। नाम संशोधन हेतु शपथ पत्र विभाग में प्रस्तुत किया जा रहा है।

**फिरोज हैदर पुत्र मौ. तकी जाफरी निवासी 382/7 खादरवाला जिला मुजफ्फरनगर**

# सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों को दी गई विदाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने सेवानिवृत्त होने वाले पुलिसकर्मियों के लिए पुलिस लाइन सभागार कक्ष मे विदाई समारोह का आयोजन किया, इस दौरान उन्होंने रिटायर हुए पुलिसकर्मियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए फूल-माला पहनाकर व उपहार भेंट कर विदाई दी। शनिवार को पुलिस लाईन के सभागार में रिटायर हुए पुलिसकर्मियों के लिए एक प्रोग्राम एसएसपी की देखरेख में किया गया। समारोह के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री संजय कुमार वर्मा द्वारा सेवानिवृत्त हो रहे पुलिसकर्मियों को पुष्पमाला पहनायी गई तथा कर्तव्यों के निर्वहन हेतु उनके द्वारा किए गए कार्यों की प्रशंसा की गई। उन्होंने



सेवानिवृत्त हुए समस्त पुलिसकर्मियों को स्मृति चिन्ह व उपहार भेंट कर उनके आगामी सुखमय व समृ( जीवन की कामना करते हुए शुभकामनाएं दी। विदाई समारोह के दौरान पुलिस अधीक्षक अपराध इंदु सिद्धार्थ, क्षेत्राधिकारी नगर ध्लाइन राजू कुमार साव, प्रति. सार निरीक्षक श्री ऊदल सिंह सहित पुलिस के अन्य अधिकारी/ कर्मचारीगण तथा सेवानिवृत्त हुए पुलिसकर्मियों के परिजन मौजूद रहे।

# एमजी पब्लिक स्कूल में बच्चों ने दिखाया प्रतिभा का जोश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** एम.जी. पब्लिक स्कूल में गर्मियों के अवकाश के दौरान आयोजित किए जा रहे समर कैंप का शनिवार को भरपूर जोश, उल्लास और उत्साह से परिपूर्ण सांस्ख्रतिक कार्यक्रम की रंगारंग मंचीय प्रस्तुतियों के बीच विधिवत समापन हो गया। प्रतिभागी बच्चों द्वारा समर कैंप में पाये गए प्रशिक्षण की सुन्दर झलक मंच पर नजर आई।

इसके साथ ही विद्यालय में बच्चों द्वारा आर्ट एण्ड क्राफ्ट के माध्यम से तैयार सामग्री की प्रदर्शनी आकर्षण का केन्द्र रही। एम.जी. पब्लिक की प्रधानाचार्या श्रीमती मो. निका गर्ग ने बताया कि शनिवार को विद्यालय में चल रहे सात दिवसीय समर कैंप का विधिवत समापन हुआ। इस दौरान बच्चों द्वारा समर कैंप पर पाये गए प्रशिक्षण का सुन्दर मंचन



विभिन्न प्रस्तुतियों के माध्यम से उनके अभिभावकों के समक्ष किया गया। बच्चों ने इन सात दिनों में अपनी शिक्षिकाओं के मार्गदर्शन में नॉन फायर कुकिंग, इंग्लिश स्पीकिंग, हिंदी सुलेख, कौशल विकास, गीत-संगीत और नृत्य, योग, मेहंदी, कला एवं क्राफ्ट आदि का प्रशिक्षण प्राप्त करते हुए अपनी अपने प्रतिभाओं को निखारने का काम किया। ऊर्जा और रचनात्मकता से भरपूर बच्चों ने विभिन्न मंचीय प्रस्तुतियों से अपनी प्रतिभा को साबित करते हुए अभिभावकों को गौरवान्वित करते हुए कैंप के इस समापन समारोह को यादगार बनाने का काम किया। समर कैंप में बच्चों ने जो कुछ भी सीखा समापन अवसर पर वो सभी के समक्ष प्रस्तुत किया गया। मंच पर बच्चों की शानदार प्रदर्शन से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। बच्चों द्वारा कला एवं क्राफ्ट के माध्यम से तैयार की गई विभिन्न चित्रकला एवं साज सज्जा की वस्तुओं की प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिसमें अभिभावकों ने बच्चों और शिक्षिकाओं के साथ बच्चों की कला प्रतिभा का अवलो. कन करते हुए सराहना की। प्रधानाचार्या श्रीमती मोनिका गर्ग ने बताया कि समर कैंप में कक्षा आठ तक के करीब 120 बच्चों ने प्रतिभाग किया। सभी बच्चों को प्रशस्ति पत्र देकर उनका उत्साहवर्धन करते हुए भविष्य में सफलता अर्जित करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। शिविर आयोजन में शिक्षिकाओं एवं समस्त स्टाफ का भरपूर सहयोग रहा।

# हमले के बाद दहशत में अधिवक्ता, पीड़िता की बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भोपा।** थाने के निकट यूसुफपुर चौराहे पर कार मे बैठी महिला के साथ दबंगो ने मारपीट अपहरण कर लिया था। तथा कार मे मौजूद अधिवक्ता के साथ भी दबंगो ने मारपीट कर कार का शीशा तोड़ दिया था। पुलिस ने पीड़ित महिला को बरामद कर लिया तथा कुछ व्यक्तियों से घटना के संबंध मे पूछताछ की गई है वहीं हमले के बाद दहशत मे आये अधिवक्ता ने आरो. पियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

भोपा थाना क्षेत्र के कस्बा भोकरहेड़ी निवासी अधिवक्ता सुमीत सहरावत ने बताया की बीते 28 मई की देर शाम क्षेत्र के यूसुफपुर चौराहे पर अज्ञात बदमाशों ने उनकी कार पर हमला कर कार मे मौजूद एक महिला के साथ मारपीट कर उसका अपहरण कर लिया था इस दौरान एडवोकेट सुमीत सहरावत के साथ भी दबंगो ने मारपीट की तथा पिस्टल से उन्हें आतंकित किया। श्रुति नामक महिला जिसको न्यायालय से शाहपुर पुलिस की सुरक्षा मे भोकरहेड़ी निवासी व्यक्ति बलजोर के साथ सुपुर्दगी मे ले जाया जा रहा था। भोपा थाने के पहले शाहपुर थाने के दरोगा द्वारा छोड़ सुरक्षा हटा ली थी जिसके बाद आरोपी फिल्मी अंदाज मे महिला का अपहरण कर ले गए थे। घटना के बाद हड़कंप मच गया था। एडवोकेट सुमित सहरावत की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करते हुए महिला को बरामद कर लिया।तथा कुछ व्यक्तियों से पूछताछ की जा रही है। वहीं शनिवार को थाने पहुंचे एडवोकेट सुमीत सहरावत ने बताया की घटना के बाद वह दहशत मे है और अपने लाईसेन्स प्राप्त असलाह को साथ रखने को मजबूर हैं। थाना प्रभारी निरीक्षक ओम प्रकाश सिंह ने बताया की महिला को बरामद कर चिकित्सिय परीक्षण कराया गया है।

## अनियंत्रित कैंटर ने तोड़े बिजली के खंभे

**मुजफ्फरनगर।** शुक्रवार की देर रात्रि एक केंटर मुजफ्फरनगर की ओर से तेज गति से खतौली की ओर जा रहा था। मंसूरपुर में नेशनल हाईवे पर थाने से पहले भगत जी स्वीट्स की दुकान के सामने खडघे एक कार में टक्कर मार कर बिजली के दो खंभे तोडघ्ता हुआ वह डिवाइडर के दूसरी ओर चला गया। गनीमत रही कि कार में उस समय कोई नहीं बैठा था। खंबे टूटने से आसपास के क्षेत्र की विद्युत सप्लाई बाधित रही। सुबह के समय विद्युत सप्लाई सुचारु की गई।

# एसडी इंजीनियरिंग में प्रतिभा सम्मान समारोह सम्पन्न

## जिलाधिकारी ने भावी इंजीनियरों को दी राष्ट्र निर्माण में योगदान करने की प्रेरणा

**10 वीं एवं 12 वीं के मेधावी छात्रों का सम्मान**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जानसठ रोड स्थित एस0 डी0 कालेज ऑफ इंजी. नियरिंग एंड टैक्नोलोजी, मुजफ्फर नगर भविष्य ज्योति कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रतिभा सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया।

इस विशेष अवसर पर कक्षा 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षा में उत्दृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र एवं पदक प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस समारोह का उद्देश्य छात्रों की प्रतिभा को प्रोत्साहन देना और उन्हें उच्च



शिक्षा की दिशा में प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र, अभिभावक, शिक्षक तथा गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि-श्री कपिल देव अग्रवाल जी, उत्तर प्रदेश सरकार के व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) ने अपने संबोधन में कहा की आज सम्मानित हो रहे ये छात्र देश के भविष्य हैं। इनकी सफलता से समाज को प्रेरणा मिलती है। ऐसे आयोजनों से छात्र और अभिभावक दोनों को प्रोत्साहन मिलता है। मैं एस0 डी0 कालेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टैक्नोलोजी को इस अनुकरणीय पहल के लिए बधाई देता हूं। श्री उमेश मिश्रा जी, जिलाधिकारी, मुजफ्फर नगर ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा सच्ची प्रतिभा वही होती है जो अनुशासन, परिश्रम और सकारात्मक सोच से आगे बढ़ती है। ये छात्र अपने परिवार, समाज और जनपद का नाम रोशन कर रहे हैं। यह आयोजन विद्यार्थियों के आत्मविश्वास को नई उड़ान देने का कार्य करेगा। डॉ. वीरपाल निरवाल, जिला पंचायत अधिकारी, मुजफ्फरनगर ने कहा की ग्रामीण और नगरीय क्षेत्रों की प्रतिभाओं को एक मंच पर लाकर उन्हें सम्मानित करना वास्तव में एक प्रेरणादायक कार्य है। शिक्षा ही एकमात्र माध्यम है जो सामाजिक समरसता, आर्थिक उन्नति और नैतिक मूल्यों की स्थापना में सहायक होती है। मैं एस0 डी0 कालेज ऑफ इंजी. नियरिंग एंड टैक्नोलोजी को ऐसे नवाचारपूर्ण आयोजनों के लिए शुभकामनाएं देता हूं। उपाध्यक्ष-श्री विनोद कुमार ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा छात्रों की सफलता में परिवार, विद्यालय और स्वयं उनके संकल्प की अहम भूमिका होती है। यह मंच उन सभी को धन्यवाद कहने का अवसर है। मैं सभी विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देता हूं और कॉलेज प्रशासन को उनके प्रयासों के लिए साधुवाद देता हूं।

# खेत पर हुई मारपीट का वीडियो मीडिया पर हुआ वायरल

**शाह टाइम्स संवाददता**

**मोरना।** गांव करहेडा का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें खेत मे मौजूद किसानो के दो पक्षों मे जमकर मारपीट हो रही है।

पुरुष व महिलाओ के बीच हो रही मारपीट का वीडियो व्हाट्सऐप ग्रुप मे वायरल होने के बाद पुलिस ने संज्ञान लेते हुए आरोपियों का शान्ति भंग मे चालान कर दिया। भोपा थाना क्षेत्र की मोरना चौकी प्रभारी ललित राजपूत ने बताया कि क्षेत्र के गांव करहेडा में जमीन को लेकर पिछले कई वर्षों से दो पक्षों में विवाद चल रहा है, जिसका वाद माननीय न्यायालय में लम्बित है।

शुक्रवार को जमीन पर कब्जे को लेकर दोनों पक्ष आपस में भिड गए तथा गाली गलौज करते हुए मारपीट शुरू हो गई थी, जिसमें पुलिस ने एक पक्ष के गजेन्द्र व दूसरे पक्ष से महकसिंह व विकास का शांति भंग में चालान कर दिया। मारपीट की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है, जिसमें दोनों पक्ष जमीन को लेकर आपस में झगडते हुए नजर आ रहे हैं।

# जिनवाणी मां की भव्य पालकी यात्रा निकाली

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** चन्द्रप्रभ दिगम्बर जैन मंदिर पीसनोपाडा खतौली में श्रुतपंचमी के उत्सव के फलस्वरूप त्रिदिवसीय विधान अंतिम दिन सरस्वती पूजन की गई जिसमें पवन जैन रायपुर के परिवार द्वारा जिनवाणी वस्त्र अर्पित किया गया।

इसके पश्चात डॉ पुनीत जैन व द्रव्य शास्त्री द्वारा विधान का समापन कराया गया।इसके बाद जिनवाणी मां की भव्य पालकी यात्रा पिसनोपाडा जैन मंदिर से गली घटाघर बिददीबाड़ा, कानूनगोयान मौहल्ले से बड़ा बाजार से होकर वापस पीसनोपाड़ा मंदिर पहुंची। यात्रा का शुभारंभ राजीव जैन बैंक वालो ने झंडा दिखाकर किया। प्रथम पालकी वैभव जैन शशांक जैन नीरज जैन दिल्ली आगम जैन ने उठाई इसके



पश्चात सभी श्रद्धालुओं ने पालकी उठाई। यात्रा में आशीष शास्त्री सुमित शास्त्री विवेक शास्त्री निखिल शास्त्री ने भजनों के माध्यम से भक्ति प्रस्तुत की सभी इंद्र एवम इंद्राणी ने नृत्य भक्ति व उत्साह से खतौली के सात जैन मंदिरों की परिक्रमा की। बैण्डबाजों की ध्वनि से खतौली नगरी भक्तिमय हो गई। गया पालकी यात्रा के बाद मीठी ठंडी ठंडाई का वितरण जैन मिलन खतौली द्वारा किंया गया।इसके पश्चात मंगलकलश यात्रा मुकेश आढ़ती के परिवार के घर पहुंची जहां सभी को मिष्ठान्न वितरण किया गया।

सभी को भोजन का आथित्य राहुल जैन पैकर्स परिवार का रहा कार्यक्रम में, अरविंद, सुनील, मनीष जैन दिल्ली सुशील जैन जैन मंडी, राहुल जैन, सुशील जैन सिल्लो, हितेश जैन मनोज आढ़ती मदन जैन निशांत जैन, विनय जैन, नित्यम जैन सार्थक जैन शुभम जैन आगम जैन सम्यक जैन, अंकित अशोक संजय जय भगवान, सुनील ठेकेदार, हरिश. चंद्र जैन कुलदीप, रजनी, शैलबाला, रीतू सोनम विदुषी शिल्पी, संगीता, अंजू, अंजलि मृदुला जैन अलका जैन रेखा जैन आदि सैंकड़ो की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# खतौली में चेरिटेबल ट्रस्ट ने ब्लड डोनेट कैंप किया आयोजित

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** खतौली नगर के बुढघना रोड स्थित केयर प्लस मेडिकल सेंटर के संयोजन में प्रोमेट चौरिटेबल ट्रस्ट द्वारा एक भव्य रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर बडघे संख्या में लोगों ने बढा-चढाकर हिस्सा लिया और 50 से अधिक यूनिट ब्लड डोनेट किया गया। शिविर के दौरान डॉक्टर वकार ने बताया कि रक्तदान करने से न केवल जरूरतमंदों की जान बचती है, बल्कि रक्तदाता के शरीर में भी नया रक्त बनने की प्रक्रिया तेज होती है, जिससे स्वास्थ्य लाभ होता है। जिला उपाध्यक्ष युवा राष्टीय लोकदल के हम्माद सिद्दीकी ने भी बताया कि रक्तदान से पहले प्रत्येक व्यक्ति का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया और उन्हें नि:शुल्क दवाइयां भी वितरित की गईं। हम्माद सिद्दीकी ने युवाओं से ज्यादा से ज्यादा रक्तदान करने की अपील की है।

इस आयोजन में स्थानीय लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और शिविर को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई इसी कडघे में डाक्टर सुवपनिल गुप्ता,दानिश, उस्मान, मौमीन हकीम, आमान, बिलाल, अनस, अदीब, असद आदि मौजूद रहे।

# सीएचसी खतौली में जन औषधि केंद्र का शुभारंभ

**सस्ती दवाइयों से मिलेगा आमजन को लाभ**

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** शनिवार को साम. ुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) खतौली परिसर में प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र का शुभारंभ किया गया।

इस अवसर पर अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. दिव्या वर्मा ने केंद्र का निरीक्षण किया और औषधि केंद्र के उद्घाटन पर स्वास्थ्य विभाग की टीम को शुभकामनाएं दीं। केंद्र प्रभारी डॉक्टर अश्वनी ने जानकारी दी कि इस जन औषधि केंद्र के माध्यम से क्षेत्र के लोगों को अब कम कीमत पर उच्च गुणवत्ता वाली दवाइयां उपलब्ध होंगी। उन्होंने बताया कि केंद्र पर शुगर, किडनी, हृदय रोग और एंटीबायोटिक जैसी



आवश्यक दवाइयां आसानी से उपलब्ध रहेंगी। डॉ. वर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री जन औषधि योजना का उद्देश्य देश के प्रत्येक नागरिक तक सस्ती और गुणवत्तापूर्ण दवाइयां पहुंचाना है, और यह केंद्र उसी दिशा में एक अहम कदम है। स्थानीय लोगों में भी इस पहल को लेकर खुशी का माहौल है और उन्होंने सरकार की इस योजना की सराहना की। लोगों का कहना है कि इस केंद्र के खुलने से उन्हें महंगी दवाइयों से राहत मिलेगी और स्वास्थ्य सेवाएं पहले से अधिक सुलभ होंगी। कार्यकर्म में सीएचसी प्रभारी अवनीश कुमार, शहजाद, अनस, प्रदीप कुमार, सुधीर कुशवाहा, अमित कुमार , बबलू आदि मौजूद रहे।

# कॉलिज प्रशासन ने पकड़ा फर्जी परीक्षार्थी

**एमए अर्थशास्त्र द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षा में पकड़ा गया नकलची, दोस्त की मां की मृत्यु पर देने गया था पेपर**

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** शनिवार को एमए द्वितीय सेमेस्टर की अर्थशास्त्र की परीक्षा के दौरान एक बडा मामला सामने आया, जब एक छात्र ने अपने दोस्त की जगह परीक्षा देने की को. शिश की।

कडी चेकिंग के दौरान यह पकडघ गया, जिसके बाद आरोपी छात्र को पुलिस के हवाले कर दिया गया। मामला खतौली तहसील क्षेत्र के कुंद कुंद जैन पीजी कॉलिज का है, जहां एक गांव निवासी छात्र की जगह दूसरे गांव का छात्र परीक्षा देने पहुंचा था। परीक्षा केंद्र में सतर्कता बरतते हुए अधिकारियों ने शक के आधार पर जब जांच की तो सच्चाई सामने आई। पूछताछ में पकडे गए छात्र ने बताया कि उसके दोस्त की मां का निधन हो गया था, जिसके कारण वह परीक्षा नहीं देने नही आया था।

दोस्त की मदद करने के लिए उसने उसकी जगह परीक्षा देने का निर्णय लिया था। हालांकि यह दोस्ती की मिसाल हो सकती है, पर कॉलेज प्रशासन की लापरवाही भी इस प्रकरण में उजागर हुई है। एडमिट कार्ड पर छात्र का फोटो मौजूद होने के बावजूद भी कॉलेज प्रशासन असली और नकली छात्र की पहचान नहीं कर सका। यह सवाल खडघ करता है कि इतनी कडघे सुरक्षा और जांच के बावजूद फर्जी परीक्षार्थी परीक्षा कक्ष तक कैसे पहुंच गया? कॉलेज प्रशासन और पुलिस दोनों मामले की गंभीरता से जांच कर रहे हैं। पकडघे गए छात्र से पूछताछ जारी है, वहीं कॉलेज प्रबंधन पर भी प्रश्नचिन्ह लग गया है।

वही इस घटना के बाद कॉलिज प्रधानाचार्य रीना की और से खतौली पुलिस को तहरीर दे दी गई थी पुलिस ने तहरीर लेने के बाद दोनों युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की तैयारी कर रही थी।

## दोस्ती का फर्ज निभाने के लिए बीए के छात्र ने दी एमए की परीक्षा

**चेकिंग में हुआ भंडाफोड़**

**पीजी कॉलेज** में शनिवार को एमए अर्थशास्त्र द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षा के दौरान उस वक्त हडघ्कंप मच गया,

जब एक युवक की इस हरकत से जहां दोस्ती की मिसाल देखने को मिली, जहां एक दोस्त ने दोस्ती का फर्ज निभाने के बड़ा फैसला लिया था। वहीं परीक्षा व्यवस्था पर भी सवाल खडघे हो गए हैं। कॉलेज प्रशासन की बडघी लापरवाही सामने आई है कि एडमिट कार्ड पर स्पष्ट फोटो होने के बावजूद युवक परीक्षा हॉल तक कैसे पहुंच गया। इस घटना के बाद कॉलेजों में परीक्षा की पारदर्शिता और सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल खडघे हो गए हैं। परीक्षा केंद्र में इतनी सुरक्षा के बाद भी कोई बाहरी व्यक्ति परीक्षा में बैठ सके, यह गंभीर लापरवाही का संकेत है।

शाह टाइम्स

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**

**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# बीसीए में ईषिता ने पाया प्रथम स्थान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** श्रीराम कॉलेज के छात्रों ने बी.सी.ए. में शत प्रतिशत रिजल्ट देकर एक बार फिर सफलता का परचम लहराया। आज बी.सी.ए प्रथम सेमेस्टर के परीक्षा परिणाम की मेरिट सूची तैयार की गई। प्रथम सेमेस्टर की मेरिट सूची में ईषिता ने 85.17 प्रतिशत कनुप्रिया काम्बोज ने 82.33 प्रतिशत एवं कनिका शर्मा ने 82.17 प्रतिशत अंक प्राप्त करके क्रमश प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। मेरिट सूची में स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों ने इस सफलता का श्रेय भगवान, माता-पिता एव अध्यापकगणों को देते हुये उनका धन्यवाद दिया।

शिक्षकों और विद्यार्थियों की मेहनत से आगे भी अच्छे परिणाम देखने को मिलते रहेंगे और उन्होंने प्रशस्ति-पत्र देकर विद्यार्थियों को



सम्मानित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के निदेशक डॉ. अशोक कुमार ने सभी विद्यार्थियों को बधाई दी। उन्होंने विभाग के सभी प्रवक्ताओं को उनके सतत प्रयासों के लिए सराहना की तथा भविष्य में भी इसी प्रकार की सफलता के आकाश को छूने की आशा व्यक्त की। संकाय के सभी शिक्षकों ने विद्यार्थियों को आर्शीवाद देते हुये उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुये कहा कि विद्यार्थियों ने शिक्षकों का मान बढाया है। इस अवसर पर कंप्यूटर विभाग के विभागाध्यक्ष निशांत राठी ने सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुये उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि हमारे महाविद्यालय के छात्रों ने अथक प्रयास किया है जिसका परिणाम यह है कि आज हमारे महाविद्यालय की जिले में उत्कृष्ट पहचान बन गई है, जो बहुत गर्व की बात है। छात्रों के साथ साथ इस महाविद्यालय के प्रवक्ता भी बधाई के पात्र हैं जिन्होंने छात्रों को उनके पाठ्यक्रम से सम्बन्धित सभी जानकारियां उपलब्ध कराई हैं। छात्रों को सम्मानित करने के मौके पर महाविद्यालय के निदेशक के साथ संकाय के विभागाध्यक्ष निशांत राठी एवं प्रवक्ता नीतू सिंह, प्रवीण कुमार, अमित त्यागी, डा. प्रमोद कुमार, विकास कुमार, मौ. युसुफ, अंकुर रोहेला, संजयकान्त, हिमांशु होरा, विश्वास कुमार, राहुल गौतम, निधि, विधि तायल, सिद्धांत गर्ग, नवनीत चौहान, अजय कुमार, राहुल मेनवाल, सुमित सैनी, कपिल कुमार, वैष्णवी शुक्ला, वंदना शर्मा, अमित राठी, हंस कुमार एवं मनोज पुण्डीर, दिनेष यादव आदि ने सभी को बधाई दी।

## विवाहिता के साथ मारपीट बदसलुकी का आरोप

**मोरना।** विवाहिता ने ससुराल जनो पर मारपीट करने व देवर पर छेड़खानी करने जैसे गंभीर आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। पीड़िता के भाई की तहरीर पर संज्ञान लेकर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। ककरौली थाने पर पहुंचे अमीर आलम ने तहरीर देकर बताया कि करीब दो वर्ष पूर्व उसकी बहन की शादी थानाक्षेत्र के गांव निवासी युवक से हुई थी। शादी के बाद से ही उसका पति व ससुरालजन उसकी बहन को परेशान करते आ रहे हैं। आरोप है कि महिला का देवर उस पर गन्दी नजर रखता है। गुरुवार की रात देवर ने कमरे में घुसकर उसके साथ बदतमीजी व छेड़छाड़ की। शोर-शराबा होने पर ससुराल वाले आ गये। महिला ने अपने पति को बताया तो उसने अन्य लोगों के साथ मिलकर उसके साथ मारपीट की तथा चाकू से वार किया व उसके चेहरे पर तेजाब डालने का प्रयास किया।

# क्रिस्टल वर्ल्ड वाटर पार्क का भ्रमण

**भोपा।** न्यू वैल्किन पब्लिकस्कूल के छात्र-छात्राओं को अध्ययन के साथ-साथ मनोरंजन और अनुभवजन्य शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से, बुधवार को एक शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। इस भ्रमण के अंतर्गत छात्र-छात्राओं को क्रिस्टल वर्ल्ड वाटर पार्क, हरिद्वार ले जाया गया जिसमें कक्षा 6 से लेकर कक्षा 12 तक के छात्र-छात्राओं ने पिकनिक का क्रिस्टल वर्ल्ड जाकर भरपूर आनंद उठाया प्रात: 8:00 बजे छात्र- छात्राओं ने विद्यालय से बसों द्वारा रवाना होकर उत्साहपूर्वक यात्रा प्रारंभ की। मार्ग में विद्यार्थियों ने गीत-संगीत व खेलों का आनंद लिया। वाटर पार्क पहुँचने पर बच्चों ने विभिन्न जल क्रीड़ाओं जैसे वेव पूल, वाटर स्लाइड्स, रेन डांस, झूले ,नौका विहार, स्लाइड ,भूलभुलैया ,एवं एडवेंचर मूवी ,स्विमिंग पूल आदि का भरपूर आनंद लिया। विद्यालय के शिक्षकगणों की देखरेख में यात्रा पूर्णत: सुरक्षित एवं अनुशासित रही। सभी



छात्र-छात्राओं ने अत्यंत अनुशासन और उत्साह के साथ भाग लिया। भ्रमण के अंत में विद्यार्थियों को जलपान और भोजन भी कराया गया। विद्यार्थी इतने उत्साहित थे कि घर वापस आने के लिए तैयार ही नहीं छात्र-छात्राओं ने अनुशासित व्यवहार और सहयोग की भावना का परिचय दिया। विद्यालय प्रबंधन एवं प्रधानाचार्य महोदय ने इस सफल आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए भविष्य में इस प्रकार के और भी शैक्षणिक व मनोरंजनात्मक भ्रमण आयोजित करने की बात कही। पिक. निक पर विद्यालय के उपाध्यक्ष के.केंद्र आनंद ने बच्चों का मार्गदर्शन किया। भ्रमण में सीमा, रीना चौधरी ,गागह्ल चौधरी, मीना त्यागी,कपिल देव ,हिमांशी, उत्पल तोमर, मोहित, नीतू , पिंकी आदि शिक्षक शिक्षिकाएं शामिल हुए।

# मरघट की भूमि पर जलभराव का ग्रामीणों ने किया विरोध, पूर्व मंत्री से भी मिले लोग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** चौसाना जदीद में रकबे मे स्थित मरघट (बच्चा दफनाने का श्मशान) की आरक्षित भूमि पर गांवों की निकासी का पानी जमा होने के कारण ग्रामीण मृत शीशु (बच्चों) के शरीर का अपनी अपनी भूमि मे अन्तिम संस्कार करते है। जिससे ग्रामीणों को भारी समस्या से जूझना पडता है। आरोप है कि वर्षो से मरघट को मुक्त कराकर पानी निक. ासी की मांग कर रहे है लेकिन दों गावों की सीमा होने के कारण अधिकारी नाला निर्माण नही करा रहें। ग्रामीणो ने विरोध करते हुए समाधान की मांग की है।

चौसाना विशत आहत व चौसाना जदीद दो अलग अलग ग्राम पंचायतें है। चौसाना जदीद के रकबे में खसरा संख्या 1151 पडता है। जो मरघट की भूमि के लिए आरक्षित है। जिस पर दोनो गावों का गंदा पानी तालाब मे जाने से पूर्व ही जमा हो जाता है। जिस कारण लोगो को मृत बच्चो को दफनाने मे भारी समस्या का सामना करना पडता है। ग्रामीण पिछले पॉच वर्षो से लगातार नाला निर्माण कर गंदे पानी को तालाब तक पहॅुचाने की मांग कर रहे है लेकिन दोनो गावों की पंचायते एक दूसरे मे भूमि होना बताकर जीर्णोद्धार मे बांधा उत्पन्न कर रही है। जिसके कारण ग्रामीण मृत बच्चों को अपने खेतो एंव अन्य स्थानों पर दफनाकर अन्तिम संस्कार की क्रिया को पूरा करते है। ग्रामीणों का आरोप है कि पूर्व मे जो शिकायत की गई थी उनके लिए मनरेगा से काम कराने का आश्वासन दिया गया था। लेकिन नए सत्र मे भी कार्य अपूर्ण है। शनिवार को दो दर्जन ग्रामीण मरघट पर पहुॅचें और प्रदर्शन कर प्रशासनिक कार्यवाही का विरोध किया। इस दौरान राजकुमार, मुकेश, महिपाल, पदम, टीटू, राकेश, मनोज, सोमबीर, प्रमोद आदि मौजूद रहे।





**पूर्व मंत्री से मिले ग्रामीण, समाधान का आश्वासन**

ग्रामीणो का एक दल विरोध प्रदर्शन करने के बाद पूर्व गन्ना मंत्री सुरेश राणा से मिला और मरघट की समस्या से अवगत कराते हुए समाधान की मांग की गई । ग्रामीणों ने बताया कि मंत्री जी से सीडीओ के पूरे मामले से अवगत कराते हुए जल्द नाला निर्माण कराने व मरघट की भूमि को खाली कराने के निर्देश दिए।

# श्रुत पंचमी पर्व पर विशेष आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर, धर्मपुरा में शनिवार को श्रुताराधक सन्त क्षुल्लक प्रज्ञांशसागर गुरुदेव के सानिध्य में 'श्रुत पंचमी पर्व पर श्रुत स्कन्ध विधान का आयोजन किया गया। विधान विशेष रूप से द्वादशांग श्रुत ज्ञान को समर्पित हुआ। इस दिन जी पर 108 पवित्र प्राचीन सरस्वती मन्त्रों के साथ अध्यनरत बालकों द्वारा बृहद् शान्तिधारा कराई गई। शांति धारा की बोली अंकित जैन, संयम जैन परिवार और रमेश चंद जैन, गौरव जैन परिवार की ओर से हुई। उसके पश्चात विधान में बैठने वाले सभी बालक बालिक. ाओं को उपहार स्वरूप मन्त्रित कलम पेन भेंट किए गए। इससे पूर्व कार्यक्रम के चित्र अनावरण कर्ता राजकुमार जैन, यश जैन रहे। दीप प्रज्वलन कर्ता विनोद जैन, अमित जैन कंडेला परिवार रहे। इस अवसर पर सन्त क्षुल्लक प्रज्ञांशसागर ने श्रुतपंचमी का महत्व बताया और कहा कि जैन शासन में श्रुत पंचमी पर्व सबसे महान पर्व में से एक है। इस तिथि को तीर्थंकर भगवान के उपदेश को मौखिक रूप से परिवर्तित करके अक्षर के रूप में शास्त्रों में जिनवाणी में लिखा गया था। तीर्थंकर भगवान समावशरण में मोक्ष का मार्ग सुखी होने का उपदेश देते है जो विश्व कल्याणकारी होता है। उन्होंने बताया कि तीर्थंकर भगवान के उपदेश सिर्फ जिनवाणी में सुरक्षित है। जिनवाणी में ही तीर्थंकर भगवान के मुक्ति प्रदान करने वाले महान वचन है। हमारे सौभाग्य से ही धरसैन आचार्य के कारण 2550 वर्ष बाद भी हमें तीर्थंकर के उपदेश सही सलामत मिले है। इसलिए यह पर्व प्रत्एक जैन को बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाते रहना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन सचिन जैन भगतजी ने किया। इस अवसर पर संतोष जैन, राजेश जैन, प्रवीण जैन, अंकित जैन, अनुज जैन, विकास जैन, राजकुमार जैन,सुनील जैन, अरविंद जैन, सुनील जैन, डोली जैन, स्वीटी जैन, दीपा जैन, आशा जैन, सुधा जैन, पूनम जैन, मीनू जैन मौजूद रहे।



## एक नजर

### प्रार्थना पत्रों पर नहीं हो रही कार्रवाई

**ऊन।** तहसील में राजस्व संबंधी विवादों में समय पर निस्तारण नहीं किया जा रहा है पीड़ित बार-बार प्रार्थना पत्र देते रहते हैं लेकिन कार्रवाई नहीं हो पा रही है। गांव टपराना में कब्रिस्तान की भूमि खसरा नंबर 2306 अभिलेखों में दर्ज है ग्रामीणों का आरोप है कि कब्रिस्तान की भूमि के दक्षिण दिशा के चकदार ने कब्रिस्तान की भूमि पर खड़ंजा लगाना शुरू कर दिया है जबकि कब्रिस्तान के पूर्व में सरकारी चकरोड है चकदार द्वारा कब्रिस्तान की चारदीवारी को तोड दिया गया है ।इस संबंध में ग्रामीण नौशाद, नदीम, गुलनवाज, वजाहत, रियाज आदि ने तहसीलदार मृदुला दुबे को शिकायत कर खडजा कार्य बंद कराकर कब्रिस्तान की टूटी बाउंड्री को ठीक करने की मांग की है ।गांव कमालपुर में गाटा संख्या 400 व नाली गाटा संख्या 401 पर अवैध कब्जा कर गांव के ही जसवीर, लीला ने भवन निर्माण कार्य शुरू कर दिया है गांव का मुख्य मार्ग होने के कारण लोगों को आने-जाने में परेशानी उठानी पड़ेगी ।इस संबंध में ग्रामीणों ने उप जिला अधिकारी को शिकायत की थी लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई ।शनिवार को ग्रामीणों राजेंद्र, राममेहर,कवरपाल ने नायब तहसीलदार रविंद्र कुमार को शिकायत कर सरकारी मार्ग व नाली को कब्जा मुक्त करने की मांग की है।

### दुष्कर्म का वांछित गिरफ्तार

**शामली।** थाना कोतवाली शामली क्षेत्रान्तर्गत अभियुक्त द्वारा पीड़िता के साथ दुष्कर्म करने की घटना कारित की गई थी। घटना के सम्बन्ध में दिनांक 26.5.2025 को पीडिता के परिजनों द्वारा थाना कोतवाली शामली पर तहरीर दी गई । प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना कोतवाली शामली पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया। घटना की गम्भीरता को दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक शामली द्वारा अभियुक्त की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु प्रभारी निरीक्षक कोतवाली शामली को निर्देशित किया गया था। इसी क्रम में थाना कोतवाली शामली पुलिस द्वारा दुष्कर्म करने के मामले में वांछित एक अभियुक्त को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है।

### अभियुक्त को कोर्ट ने सुनाई सजा

**शामली।** उत्तर प्रदेश शासन की मंशा के अनुरूप शामली पुलिस द्वारा अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही व पैरवी के क्रम में राष्ट्रीय गौरव अपमान निवारण अधिनियम के मामले में एक अभियुक्त को माननीय न्यायालय द्वारा सुनाई सजा व अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। 1. वर्ष 2023 में अभियुक्त नदीम पुत्र यासीन निवासी मौहल्ला नानू कस्बा जलालाबाद थाना थानाभवन जनपद शामली के विरुद्ध थाना थानाभवन पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। इसी क्रम में न्यायालय सीजेजेडी/जेएम, कैराना शामली द्वारा अभियुक्त उपरोक्त को दोषी पाते हुए 1500/-रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है। अर्थदण्ड अदा न करने पर 2 दिवस अतिरिक्त कारावास का प्रावधान किया गया है।

# तीन दिवसीय स्काउट-गाइड कैंप का समापन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** द न्यू हाइट्स एकेडमी में आयोजित तीन दिवसीय स्काउट-गाइड कैंप का हर्षोल्लास के साथ समापन हुआ। वहीं, कैराना कोतवाली प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र सिंह कार्यक्रम में मुख्यातिथि के तौर पर मौजूद रहे। कस्बे के झाड़खेड़ी रोड पर स्थित द न्यू हाइट्स एकेडमी में छात्र-छात्राओं के शारीरिक, मान. सिक एवं सामाजिक विकास को ध्यान में रखते हुए स्काउट-गाइड का तीन दिवसीय शिविर आयोजित किया गया।

जिसमें विद्यालय के सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने टीम बिल्डिंग गेम्स, प्राथमिक उपचार, नोड्स बांधना, आपदा प्रबंधन, देशभक्ति गीत, समूह संच. ालन तथा रात्रिकालीन कैम्पफायर आदि गतिविधियों में प्रतिभाग किया। बच्चों ने न सिर्फ आत्मनिर्भरता सीखी, बल्कि सामाजिक सेवा और अनुशासन की भावना भी आत्मसात की। कैंप का आयोजन स्काउट एंड गाइड शिक्षक श्वेता राठी और वरुण यादव की देखरेख में हुआ। विद्यालय चेयरमैन इमरान सिद्दीकी ने कहा कि स्काउट-गाइड जैसी गतिविधियां विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करती हैं। प्रधानाचार्य विवेक कुमार उपाध्याय ने कहा कि उनका उद्देश्य केवल शैक्षणिक शिक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि छात्रों को व्यावहारिक जीवन के लिए तैयार करना भी है। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। वहीं, उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले स्काउट्स एवं गाइड्स को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उप-प्राचार्या तृप्ति सिंह , संजय त्यागी, माफिया सैफी, नेहा गोयल, ओमप्रकाश सिंह, प्रदीप, मुनेश और समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# विद्यालय छात्रा परिषद् की घोषणा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के स्कॉटिश इंटरनेशनल स्कूल में विद्यालय छात्र परिषद् की घोषणा की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था के अध्यक्ष राज. कुमार गर्ग, डायरेक्टर्स राजीव गर्ग, रितेश गर्ग और प्रशासनिक अधिकारी प्रदीप त्यागी द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

शनिवार को प्रधानाचार्या आशु त्यागी ने बताया कि विद्यालय की छात्र परिषद् स्टूडेंट काउंसिल के लिए नवीन पदाधिकारियों का चयन कर लिया गया है। छात्र परिषद के सभी पदाधिकारी गण को पद की गरिमा के अनुरूप उत्कृष्ट नेतृत्व, गोपनीयता और कर्तव्य निष्ठा की शपथ दिलाई गई।

शपथ दिलाने के लिए शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया, जिसमें चयनित विद्यार्थियों ने अपने उत्कृष्ट नेतृत्व, अनुशासन और सहभागिता के आधार पर यह गौरवपूर्ण स्थान प्राप्त किया है। आगामी शैक्षणिक सत्र में ए पदाधिक. ारी गण विद्यालय की विभिन्न गति. विधियों और कार्यक्रमों में नेतृत्व प्रदान करेंगे। छात्र परिषद् के नव-निर्वाचित पदाधिकारियों में हेड बॉय देव शुक्ला, हेड गर्ल सिमरन राणा, वाइस हेड बॉय केतन चौहान, वाइस हेड गर्ल सुहानी खैवाल, सांस्कृतिक प्रमुख मनस्वी अग्रवाल, स्पोर्ट्स कैप्टन लक्ष्य मलिक व आनिया चौहान, वाइस स्पोर्ट्स कैप्टन वंश खैवाल व सृष्टि खैवाल को चुना गया। विद्यालय के चारों सदनों ग्लैडिएटर्स, फोबियन्स, स्पार्टन्स, टाइटन्स के कप्तान और क्लब के प्रभारी का भी चयन किया गया। अध्यक्ष राजकुमार गर्ग ने बच्चों को आशीर्वाद देते हुए उन्हें अपने पद की गरिमा की अक्षुण्णता, अखंडता और कर्तव्य निष्ठा को ईमानदारी सत्यता और अनुशासन बद्धता को ईमानदारी से निभाने का आवाहन करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। चारों सदनों के प्रभारी क्रमशः रजनीश कुमार, अतुल वर्मा, रोहित जैन और राजेश राठौर रहे।



### एसीएमओ ने किया निरीक्षण

**झिंझाना।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर 250 एलपीएम की क्षमता का ऑक्सीजन प्लांट लगा हुआ है जो प्रतिदिन 2 से 3 घंटे चलाया जाता है। हालांकि शनिवार को ऑक्सीजन प्लांट पर एसीएमओ विनोद कुमार ने पहुंचकर निरक्षण किया तथा अन्य सुविधाओं के बारे में पूछताछ की। ऊन चिकत्सा प्रभारी डॉक्टर तरुण चौधरी ने बताया कि अस्पताल में आइसोलेट के लिए 20 बेड आरक्षित किए गए हैं।

## गर्मी और लू के दृष्टिगत आंगनवाड़ी केंद्रों पर 15 जून तक अवकाश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जिला कार्यक्रम अधिकारी शामली यामिनी रंजन ने बताया कि वर्तमान में भीषण गर्मी और लू के दृष्टिगत उ.प्र. बेसिक शिक्षा परिषद के नियंत्रणाधीन संचालित परिषदीय सहायता प्राप्त एवं समस्त यू.पी. बोर्ड, सी.बी.एस.ई. बोर्ड, आई.सी.एस.ई. बोर्ड से मान्यता प्राप्त प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय (कक्षा 01-08) में दिनांक 20.05.2025 से दिनांक 15.06.2025 तक ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित किया गया हैं। विद्यालयों में अधिकांश आंगनबाड़ी केन्द्रों का संचालन हो रहा हैं। आंगनबाड़ी केन्द्रों पर आने वाले बच्चे (03 वर्ष से 06 वर्ष) प्राथमिक विद्यालय के बच्चों से भी छोटे बच्चे होते है। अतः जिलाधिकारी के अनुमोदन दिनांक 29.05.2025 के क्रम में आंगनबाड़ी केन्द्रों पर आने वाले बच्चों के लिए भी दिनांक 15.06.2025 तक अवकाश घोषित किया जाता हैं। अवकाश अवधि में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों मिनी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं सहायिकाओं द्वारा लाभार्थियों को टेकहोम राशन का वितरण नियमानुसार किया जाना हैं। इसके अतिरिक्त सामुदायिक गतिविधियों, गृह भ्रमण, बच्चें का वजन, वी.एच.एस.एन.डी. कार्यक्रम आदि का निष्पादन पूर्ववत किया जाएगा।

# ट्रेंच विधि से बुवाई के फायदे बताए



**अफजलगढ़।** गन्ना आयुक्त लखनऊ के आदेशानुसार गन्ने का अधिक उत्पादन कराने हेतु प्रदेश की अन्य चीनी मिलों को जनपद बिजनौर की चीनी मिल क्षेत्र में प्रगतिशील किसानों को क्षेत्र का भ्रमण करने के निर्देश के अन्तर्गत किसान सहकारी चीनी मिल्स लिमिटेड सेमी खेड़ा बरेली के 25 कृषकों के एक दल को द्वारिकेश शुगर मिल क्षेत्र का भ्रमण कराया गया। इसी क्रम में कृषकों को क्षेत्र के ग्राम प्रेमपुरी व रसूलपुर के कृषकों के कृषि फॉर्म का भ्रमण कराया गया। किसानों द्वारा गन्ने की पेड़ी प्रबंधन उर्वरकों के प्रयोग मात्र एवं समय पर चर्चा की गई। भ्रमण पर आए किसानों द्वारा खेतों में खड़ी विभिन्न उन्नतशील गन्ना प्रजातियों की फसल की प्रशंसा की गई। द्वारिकेश शुगर मिल के महाप्रबंधक उमेश कुमार द्वारा पेड़ी प्रबंधन ट्रेस वल्चर के प्रयोग गैप फिलिंग, स्टेबल सेविंग चार-पांच फीट चौड़ाई पर गहरी ट्रेंच विधि से बुवाई आदि पर चर्चा करते हुए इसके होने वाले फायदे पर विधिवत प्रकाश डाला गया। भ्रमण दल के साथ गन्ना विकास विभाग बरेली के लोकनाथ, संतोष कुमार, सतवीर सिंह तथा गन्ना पर्यवेक्षक धर्मेंद्र के साथ उपस्थित रहे। इस अवसर पर द्वारिकेश शुगर मिल के गन्ना महाप्रबंधक उमेश सिंह, बिसेन गन्ना महाप्रबंधक डॉक्टर रजनीश सिंह तथा अमरीक सिंह, अक्षांश सिंह, विशेष सिंह व काफी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

# नवनियुक्त एसडीएम ने तहसील कार्यालयों का किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** एक दिन पूर्व कैराना एसडीएम बनाई गई प्रांतीय सिविल सेवाद्धपीसीएसत्रः अधिकारी निधि भारद्वाज ने कार्यालय पहुंचकर अपना कार्यभार संभाल लिया। उन्होंने तहसील मुख्यालय पर तैनात अधीनस्थ अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ में बैठक करके शासन के मंशा के अनुरूप कार्य करने के निर्देश दिए है। इस दौरान उन्होंने राजस्व लिपिक,रजिस्ट्रार कानूनगो कार्यालय व पूर्ति कार्यालय का निरीक्षण किया,जहां पूर्ति अधिकारी मदनपाल व बाबू अंकुर आदि उपस्थि मिले। जिलाधिकारी शामली अरविंद चौहान ने प्रांतीय सिविल सेवा (पीसीएस) की अधिकारी निधि भारद्वाज को कैराना एसडीएम का कार्यभार सौंपा है। वह ऊन तहसील में एसडीएम के पद पर तैनात थी। उनके स्थान पर पीसीएस अधिकारी संदीप त्रिपाठी को ऊन एसडीएम बनाया गया है। वह ऊन तहसील में एसडीएम न्यायिक का कार्य देख रहे थे। शनिवार को नवनियुक्त एसडीएम निधि भारद्वाज तहसील मुख्यालय पर पहुंची।

जहां पर उन्होंने कार्यालय पहुंचकर अपना कार्यभार ग्रहण किया। इससे पूर्व, तहसील मुख्यालय पहुंचने पर तहसीलदार अर्जुन चौहान व अन्य कर्मचारियों ने बुके भेंट करके उनका स्वागत किया।



## सेवा उपरांत विदाई समारोह संपन्न



**शामली।** आज दिनांक 31.05. 2025 को राजकीय पशु चिकित्सालय कैराना के प्रांगण में ओमपाल सिंह वेटरनरी फार्मासिस्ट की सेवा उपरांत विदाई समारोह किया गया। जिसमें जनपद शामली के मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ चन्द्रभानु कश्यप, उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ आनन्द कुमार वेटरनरी फार्मासिस्ट संघ के जिलाध्यक्ष डॉ गजराज सिंह, प्रांतीय उपाध्यक्ष पशुधन प्रसार अधिकारी डॉ नरेश कुमार, डॉ प्रदीप कुमार, अरविन्द कुमार, डॉ विजय पाल व समस्त पशु चिकित्सालय कर्मचारी विदाई समारोह के दौरान उपस्थित रहे।

# देहात क्षेत्र में पहला फ्लोर मिल शुरू



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** क्षेत्र के गांव डोगपुरा में फ्लोर मिल के उद्घाटन पर पहुंचे शामली डीएम ने मिल का फीता काटकर शुभारंभ किया। खादर क्षेत्र में फ्लोर मिल के चलने से लोगों की तरक्की के साथ-साथ गांव के लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे। मिल के चलने से लोगों में खुशी की लहर है।

शनिवार की दोपहर शामली जिलाधिकारी अरविंद चौहान झिंझाना क्षेत्र के गांव डोगपुरा में सुमन देवी फ्लोर मिल के उद्घाटन पर पहुंचे। उन्होंने कहा कि यह खुशी की बात है कि युवा भी उद्योग लगाकर रोजगार के अवसर पैदा कर रहे हैं। उन्होंने वेदखेड़ी से डॉगपुरा तक खराब पड़े रोड को जल्द बनवाने का आश्वाशन दिया। खादर क्षेत्र में पहला फ्लोर मिल के चलने से गांव के लोगों की तरक्की के साथ-साथ लोगों को रोजगार भी मिलेंगा। मिल चलने से लोगों में खुशी की लहर है। मिल के डायरेक्टर राम मेहर पांचाल ने कहा कि यह जनपद का दूसरा फ्लोर मिल है। आने वाले समय में हम लोगों को शुगर फी आटा भी उपलब्ध कराएंगे। इस अवसर पर भाजपा नेता अनिल चौहान, भुट्टू प्रधान, उद्यमी लोन अधिकारी अंकित कुमार, अतुल गुप्ता, हाजी रुस्तम, गगनदीप सिंह आदि सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित रहे।

# शुगर मिल पर स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने का आरोप



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के मौहल्ला दयानंदनगर निवासी नागरिकों ने डिप्टी कलेक्टर को ज्ञापन देकर त्रिवेणी ग्रुप की शामली शुगर मिल पर जन स्वास्थ्य के साथ जानबूझकर खिलवाड करने का आरोप लगाया है। शनिवार को सभासद अनिल उपाध्याय व निशीकांत संगल के नेतृत्व में नागरिकों ने डिप्टी कलेक्टर हामिद हुसैन को ज्ञापन देकर कहा कि शुगर मिल शामली की ताना शाही और हठधर्मिता के चलते जान बूझकर सार्वजनिक रूप से आम जन मानस के स्वास्थ्य से खिलवाड़ किया जा रहा है। शुगर मिल द्वारा फेलाई जा गंदगी के विरुध वार्ड की पीड़ित जनता कई बार जिला प्रशासन से गुहार लगा चुकी है, लेकिन कोई कार्यवाही नही की गई। उन्होने समस्या का जल्द से जल्द निस्तारण करने की मांग करते हुए पलायन की चेतावनी दी है। इस अवसर पर रूपेश कुमार, रवि कुमार, राजीव कुमार, मो. हित, देशराज, रणजीत, लोकेन्द्र कुमार, छोटेलाल आदि मौजूद रहे।

## तंबाकू निषेध दिवस पर किया जागरूक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शनिवार को जिला संयुक्त चिकित्सालय में विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें सीएमओ डा। किशोर आहुजा ने हॉस्पिटल पहुंचे मरीजों तथा उनके तीमारदारों को तम्बाकू का सेवन न करने की शपथ ग्रहण कराई। शनिवार को जिला संयुक्त चिकित्सालय में विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर एक जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी को संबोधित करते हुए सीएमएस डा। किशोर आहुजा ने कहा कि तम्बाकू निषेध दिवस पर संकल्प ले कि तम्बाकू का सेवन नही करेगे। उन्होने कहा कि तंबाकू, बीडी, सिगरेट या अन्य कोई गुटखा खाने से कैंसर जैसी बीमारियों का सामना करना पड सकता है। यह सेहत के लिए हानिकारक है। उन्होने कहा कि तंबाकू का सेवन करने से हो सकता है कि चंद मिनटों के लिए आनंद आ जाए, लेकिन यह भविष्य को बर्बाद कर देता है। ऐसे में पूरा परिवार खत्म हो जाता है। इसके लिए सार्वजनिक स्थलों, हॉस्पिटल, स्कूल, कालेज में तंबाकू का सेवन करने पर जुर्माने का प्रावधान है। उन्होने सभी से आपने आसपास रहने वाले लोगों को भी जागरूक करने का आहवान किया। इस अवसर पर डा। समद अली, शिवम आदि मौजूद रहे।

# चिकित्सा एवं योग कैंप का किया आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शनिवार को ग्राम पंचायत बलवा में एक आयुष आपके द्वारा कार्यक्रम के अंतर्गत क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डा. ईसम पाल के मार्गदर्शन में डा. सुधीर कुमार द्वारा चिकित्सा एवं योग कैंप का आयोजन किया गया। जिसमे आगामी योग दिवस की तैयारी करते हुए प्रोटोकॉल के अनुसार ग्रामीणों को योगाभ्यास कराया गया। कैंप का उद्घाटन ग्राम प्रधान पति राजीव चौहान ने किया। योग कैंप में योगाचार्य राजेंद्र सिंह एवं योगाचार्य रोहिणी सिंह ने प्रोटोकॉल के अनुसार योगाभ्यास कराया। चिकित्सा शिविर में ग्रीष्म ऋतु से संबंधित व्याधियों यथा अतिसार, लू लगना एवं कोरोना तथा पानी की कमी आदि स्वास्थ्य समस्याओं पर ग्रामीणों के साथ चर्चा की गई। चिकित्सा शिविर में फार्मासिस्ट प्रकाश, वार्ड बॉय जनेश्वर प्रसाद, जिला कार्यक्रम प्रबंधक जयंत कुमार का विशेष योगदान रहा।



# नालों पर बने अवैध शौचालय किए ध्वस्त



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नगर निगम के प्रवर्तन दल व स्वास्थ्य विभाग की टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए खानआलमपुरा के निकट टीचर्स कॉलोनी में नालों पर अवैध रुप से बनाये गए तीन पक्के शौचालयों को ध्वस्त कर दिया।

प्रवर्तन दल प्रभारी कर्नल एच बी गुरुंग ने बताया कि टीचर्स कॉलोनी में कुछ लोगों द्वारा नाले पर अवैध रुप से पक्के शौचालय बनाने की शिकायत जनसुनवाई में आयी थी। अतिक्रमणकारियों को अपने शौचालय हटाने के लिए दो बार नोटिस भी दिए गए और समय भी दिया गया था लेकिन शौचालयों को न हटाने पर आज नगरायुक्त के निर्देश पर कार्रवाई करते हुए उक्त तीनों शौचालयों को ध्वस्त कर दिया गया। कर्नल गुरुंग ने बताया कि कॉलोनी में कुछ और लोगों द्वारा भी अतिक्रमण किया गया है। जिन्हें नोटिस दिए गए है।

कार्रवाई के दौरान कर्नल एच बी गुरुंग, निगम के सम्पत्ति सुरक्षा अधिकारी हरिप्रकाश कसाना, सफाई निरीक्षक अमित, प्रवर्तन दल के कैप्टन नरेश, सूबेदार प्यार सिंह व हेमराज, के अलावा रणदीप, पवन, विक्रम और नवाबुद्दीन आदि शामिल रहे।

# चोरी करते सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई महिला



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** नगर में एक महिला चोर का आतंक बढ़ता ही जा रहा हैं। महिला चोर द्वारा चोरी करते हुए दुकानदारों ने उसे रंगे हाथों पकड़कर पुलिस को सौंप दिया था बाद पुलिस ने महिला को मंदबुद्धि बताकर छोड़ दिया गया था।

उल्लेखनीय है कि एक सप्ताह पूर्व एक महिला चोर द्वारा नगर में एक व्यापारी अजीम मलिक की दुकान से सामान चोरी कर लिया गया था तो महिला चोर को व्यापारियों ने उसे पकड़ कर पुलिस को सौंप दिया गया था मगर पुलिस ने उसे मनबुद्धि समझकर उसे छोड़ दिया था। बीती रात भी इस महिला चोर ने नगर में आरडी मार्केट में व्यापारी अतीक अंसारी की दुकान से हजारों रु का सामान चोरी कर लिया महिला चोर द्वारा घटित चोरी की घटना सीसीटीवी कैमरे में में कैद हो गई। पीड़ित ने महिला चोर को के खिलाफ पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है।कोतवाल सूबे सिंह का कहना हैं कि मामले की जांच की जा रही हैं। महिला मंदबुद्धि न हुई तो उस के खिलाफ कार्यवाही गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

# बीटेक के छात्र-छात्राओं को टेबलेट का वितरण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नागल।** इंद्रप्रस्थ इंस्टीट्यूट आफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी उमाही में प्रदेश सरकार की चलाई जा रही स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण टेबलेट वितरण योजना के अंतर्गत बीटेक के छात्रों को स्मार्ट टेबलेट वितरित किए गए।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि थानाध्यक्ष रमेश चंद्र सिंह ने कहा कि छात्र छात्राओं को खूब मेहनत करके आगे बढ़ना चाहिए तथा भविष्य में देश के लिए कुछ करना चाहिए। संस्था निदेशक डॉ अंजू वालिया ने कहा कि छात्रों को इस टैबलेट का सदुपयोग आगामी परीक्षाओं हेतु करना चाहिए।

उन्होंने छात्र छात्राओं को सरकार द्वारा उपलब्ध कराए गए इस टैबलेट का सही दिशा में उपयोग करने एवं आगे बढ़ाने हेतु प्रेरित किया। संस्था के उपनिदेशक आशुतोष गुप्ता ने कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही स्वामी विवेकानंद सशक्तिकरण स्मार्ट टेबलेट वितरण योजना के अंतर्गत आज कुल 52 छात्रों को स्मार्ट टैबलेट वितरित किए गए हैं। संच. ालन डॉ नेहा त्यागी ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपनिरीक्षक महेश कुमार, अश्वनी कुमार, सूर्यकांत, दीपक बर्मन, हेमंत कटारिया, सविता स्वरूप आदि उपस्थित रहे।

# रविदास आश्रम में होगा संत समागम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** प्रगतिशील अनुसूचित जाति ग्राम प्रधान संगठन द्वारा सन्त समागम का आयोजन गांव नागल माफी में रविदास आश्रम में किया जायेगा जिसमें प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री सहित कई विधायक, पूर्व विधायक व अन्य राजनीतिक व समाजिक लोग शामिल होंगे।

उक्त जानकारी प्रगतिशील अनुसूचित जाति ग्राम प्रधान संगठन के अध्यक्ष संजीव कुमार सहगल एडवोकेट ने जानकारी देते हुए बताया कि 1 जून को सिद्धपीठ मां शाकंभरी देवी परिक्षेत्र में स्थित जगत गुरु रविद. ास आश्रम नागल माफी में संत लोतीदास की परम शिष्य साध्वी रेखा दास की 41 दिन की जग कल्याण के लिए साधना के उपलक्ष में गुरु रविद. ास जी महाराज व लोना दे चमारी का विशाल सत्संग व विचार गोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है जिसने प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार, उत्तराखंड के विधायक उमेश कुमार, भारतीय बौद्ध संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष भंते संघप्रिय राहुल, पूर्व विधायक नरेश सैनी, उत्तराखंड से विधायक ममता राकेश, पूर्व विधायक देशराज कर्णवाल, पूर्व मंत्री सुबोध राकेश, पूर्व विधायक सुरेश राठौर, दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री राजबीर सिंह,, बेहट नगर पंचायत चेयरमैन अब्दुल रहमान उर्फ शालू भैया सहित काफी संख्या में अतिथि और अन्य लोग उपस्थित होगे प्रधान संगठन से जुड़े लोगों ने बेहट नगर पंचायत पहुंच कर नगर पंचायत अध्यक्ष अब्दुर रहमान उर्फ शालू भैया को निमंत्रण पत्र सौंपा। इस दौरान पूर्व विधानसभा अध्यक्ष बबलू कुमार एडवोकेट, प्रधान सूरत सिंह, प्रधान सुरेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# छुटमलपुर के वार्ड 13 में जलभराव से हाहाकार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** नगर पंचायत के वार्ड नंबर 13 में महीनों से जारी जलभराव की समस्या ने स्थानीय निवासियों का जीना दूभर कर दिया है। गलियों में भरा पानी न केवल आवागमन को मुश्किल बना रहा है, बल्कि मच्छरों और बीमारियों का खतरा भी बढ़ा रहा है। आगामी बरसात के मौसम की आशंका ने मोहल्ले वालों की चिंता को और गहरा कर दिया है। इस वार्ड में ज्यादातर गरीब तबके के लोग रहते हैं, जो इस समस्या से सबसे ज्यादा प्रभावित हैं। निवासियों का कहना है कि उन्होंने कई बार नगर पंचायत चेयरमैन शमा परवीन से इस मुद्दे पर कार्रवाई की मांग की, लेकिन हर बार उन्हें केवल आश्वासन ही मिला

शनिवार को चेयरमैन शमा परवीन ने जलभराव प्रभावित क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने निवा. सियों को बताया कि पानी की निक. ासी के लिए वह 1 लाख रुपये की सहायता देंगी, लेकिन बाकी 5 लाख रुपये का चंदा मोहल्ले वालों को स्वयं इकट्ठा करना होगा। इस बयान से नाराज निवासियों ने तीखी प्रतिक्रिया दी। स्थानीय निवासी हाजी छोटे ने चेयरमैन के रवैये पर कड़ा ऐतराज जताते हुए कहा, जब हम काम की बात करते हैं, तो चेयरमैन कहती हैं कि जिसे वोट दिया, वही काम करेगा। यह गैर-जिम्मेदाराना बयान है। चुनाव के समय आपने बड़े-बड़े वादे किए थे, हर घर तक पहुंचकर वोट मांगे थे, लेकिन अब आप अपनी जिम्मेदारी से मुकर रही हैं। हम कोई खैरात नहीं मांग रहे, बल्कि अपने हक की मांग कर रहे हैं।"

हाजी छोटे ने आगे कहा कि गलियों में पानी भरने से बच्चों और बुजुर्गों को सबसे ज्यादा परेशानी हो रही है। कई लोग गंदे पानी में चलने को मजबूर हैं, जिससे बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। निवासियों ने बताया कि बार-बार शिकायत करने के बावजूद नगर पंचायत की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। चेयरमैन के 'चंदा' वाले बयान ने लोगों का गुस्सा और भड़का दिया। गुस्साए मोहल्ले वालों ने कहा, "हम गरीब लोग हैं, लेकिन हमारा आत्मसम्मान है। हम चंदा इकट्ठा करने की बजाय अपने हक के लिए लड़ेंगे।" इस दौरान माहौल तनावपूर्ण हो गया, और चेयरमैन शमा परवीन बिना कोई जवाब दिए अपनी गाड़ी में बैठकर वहां से चली गईं।

निवासियों ने यह भी आरोप लगाया कि चुनाव के समय चेयरमैन ने जलभराव, साफ-सफाई और बुनियादी सुविधाओं के लिए बड़े-बड़े वादे किए थे, लेकिन सत्ता में आने के बाद कोई भी वादा पूरा नहीं हुआ। सभासद आदिल अल्वी ने कहा, "हमने बार-बार इस समस्या को नगर पंचायत के सामने उठाया, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही। चेयरमैन का यह कहना कि 'जिसे वोट दिया, वही काम करेगा' जनता के साथ मजाक है।" मोहल्ले वालों ने चेतावनी दी कि अगर जल्द ही जलभराव की समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो वे सड़कों पर उतरकर विरोध प्रदर्शन करेंगे।

मौके पर मोहम्मद अतहर, बाबा खालिद, गुलफाम अल्वी, अखमल अल्वी, बाबा यासीन, हाजी छोटा, इसलाम मसूरी, सभासद आदिल अल्वी, मोहम्मद रहीस, मेहताब मलिक, वाजिद अंसारी, नौशाद सलमानी, फखरुद्दीन मनिहार और हाजी आबिद सहित कई अन्य निवासी मौजूद रहे। स्थानीय लोगों ने मांग की कि नगर पंचायत तत्काल नाले की सफाई और निर्माण का काम शुरू करे ताकि जलभराव की समस्या से स्थायी निजात मिल सके। उन्होंने प्रशासन से इस मुद्दे पर गंभीरता दिखाने और ठोस कदम उठाने की अपील की।

# ईद उल अजहा को लेकर शांति समिति की बैठक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** थाना प्रांगण में एसडीएम सदर सुबोध कुमार व सीओ सदर मनोज कुमार यादव की मौजूदगी में आगामी त्यौहार ईद उल अजहा को शांतिपूर्ण रूप से सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत रखते हुए शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में नगर पंचायत चेयरमैन, सभासद सहित ग्राम पंचायतो के प्रधान, पूर्व प्रधान एवं गणमान्य व्यक्ति शामिल हुए।

शनिवार को आयोजित बैठक में एसडीएम सदर सुबोध कुमार ने निर्देश देते हुए कहा कि नगर पंचायत व ग्राम पंचायत द्वारा जानवरो के अवशेष दबवाने के लिए नगर व गांव के बाहर गड्ढे खुदवाए जाए, पानी की आपूर्ति सुचारू रूप से दी जाए, जिन गांवों में सफाई कर्मियों की कमी है वहां मजदूर लगाएं ताकि सफाई व्यवस्था में कोई कमी न आये, कोई भी व्यक्ति खुले में कुर्बानी न करें। सीओ सदर मनोज यादव ने कहा कि क्षेत्र के लोग बधाई के पात्र है क्योंकि थाना के त्यौहार रजिस्टर में कोई भी वाद विवाद ईद उल अजहा को लेकर दर्ज नही है। आशा करते है कि क्षेत्र के लोग हमेशा की तरह ही इस बार भी पुलिस प्रशासन का सहयोग व सरक. ारी आदेशो का पालन करते हुए त्यौहार मनाएंगे।

थाना प्रभारी निरीक्षक चन्द्रसेन सैनी ने कहा कि आगामी त्यौहार ईद उल अजहा को परंपरागत तरीके एवं शांतिपूर्ण रूप से मनाए। ईद की नमाज ईदगाह परिसर में ही पढ़ें, सड़क पर नमाज न पढ़े, प्रतिबंधित जानवर की कुर्बानी न करे, कुर्बानी की कोई भी वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर न डाले। चेयरमैन प्रति. निधि जायर हुसैन चाँद मियां ने कहा कि हमारे क्षेत्र के लोग हमेशा से ही आपस मे मिल जुलकर त्यौहार मनाते आये है। ईद उल अजहा के त्यौहार को भी हम सभी लोग एक दूसरे की धार्मिक भावनाओं का ख्याल रखते हुए मनाएंगे। उन्होंने कहा कि यदि त्यौहार पर बिना कटौती के सुचारू रूप से विद्युत आपूर्ति चलती रहेगी तो पानी की बेहतर सप्लाई के चलते सफाई व्यवस्था भी बेहतर बनी रहेगी।

नगर पंचायत ईओ राजीव कुमार ने सभी लोगो को आश्वस्त किया कि त्यौहार पर पानी व सफाई व्यवस्था में कोई कमी नही लगने दी जाएगी। भाजपा मंडल अध्यक्ष मुकेश शर्मा ने कहा कि यदि एक दूसरे की धार्मिक भावनाओ का ध्यान रखते हुए त्यौहार मनाया जाए तो कोई भी समस्या पैदा नही होती। हमारा क्षेत्र आपसी भाईचारे एवं साम्प्रदायिक सौहार्द की मिसाल है। मौलाना मुअव्वज ने सभी लोगो से कुर्बानी को पर्दे में करने व साफ सफाई का ध्यान रखते हुए करने को कहा।

बैठक में पूर्व सभासद सुधीर कुमार जैन, यूनुस कुरैशी, केएस मजाहिरी, जुलकरनैन प्रधान बुड्ढाखेड़ा आदि ने भी अपने विचार रखे। इस अवसर पर कारी मुकर्रम, दिलशाद प्रधान, इस्लाम प्रधान, साजिद बुड्ढाखेड़ा, वसीम महफूज, इरशाद प्रधान, धर्मवीर प्रधान, सलीम प्रधान, राव अब्दुल हई प्रधान, रवि कुमार, विनय कश्यप, सभासद इनाम, हफीजुर्रहमान, मुस्तकीम प्रधान, तेजपाल सैनी, रमजान प्रधान, आकाश काशी, मंजूर प्रधान सहित सैंकड़ो की संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे, संचालन एसआई विनोद ढाका ने किया।

## वारंटी दबोचा

**बेहट।** थाना कोतवाली बेहट पुलिस द्वारा एक आरोपित वारंटी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने कानूनी कार्यवाही करते हुए उसे न्यायालय में पेश किया है।

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सूबे सिंह ने बताया कि वे पुलिस बल के साथ इलाके में गश्त कर रहे थे तो उन्हें मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि गैंगस्टर एक्ट में निरुद्ध आरोपित वारंटी गांव टोली के पास जाने के लिए खड़ा है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मुकदमा संख्या 187/25 धारा 137 (2)65(1) बीएनएस व 3/4 (2), पॉक्सो धाराओं में संदीप आरोपित वारंटी संदीप पुत्र सतीश मोहल्ला बड़ी माजरी कस्बा व थाना बेहट जनपद सहारनपुर को गांव टोली कलसिया मार्ग से गिरफ्तार किया है। वारंटी के खिलाफ के खिलाफ विधिवत कानूनी कार्यवाही कर न्यायालय मे पेश किया है। टीम में एस आई , कारण नगर महिला एस आई मनोरमा , हेड कास्टेबल सुनील त्यागी शामिल रहे।

## याद किए गए गणेश शंकर विद्यार्थी

**गंगोह।** शुक्रवार को मूर्धन्य पत्रकार अमर शहीद गणेश शंकर विद्यार्थी को हिन्दी पत्रकारिता दिवस पर याद किया गया।

सांप्रदायिक सौहार्द के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले गणेश शंकर विद्यार्थी का 26 अक्तूबर 1890 को ग्वालियर में जन्मे विद्यार्थी जी वर्ष 1931 में 25 मार्च को सां. प्रदायिक एकता की खातिर शहीद हो गए थे। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के नजदीक तिराहे पर स्थापित विद्यार्थी जी की प्रतिमा पर कार्यक्रम आयोजित किया गया।

**सूचना**

मैने अपने पुत्र ललित कुमार व पुत्रवधू शशी व उसके परिवार को अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। भविष्य में उनके कार्यो का मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नही होगा।

**वेद प्रकाश पुत्र श्री सन्दल सिंह निवासी ग्राम खेडा मुगल, थाना देवबंद, जनपद सहारनपुर।**

**सूचना**

मैने अपने पुत्र फेसल को अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। भविष्य में उसके कार्यो का मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नही होगा।

**इरशाद पुत्र कालू निवासी धोबीवाला, गली नम्बर-11, थाना मण्डी, सहारनपुर।**

**सूचना**

मैने अपने पुत्र शादाब व उसकी पत्नि सलमा को अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। भविष्य में उनके कार्यो की मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नही होगा।

**हसीना पत्नि नौशाद निवासी मंशाकालौनी, पुराना कलसिया रोड, थाना मण्डी, सहारनपुर।**

**न्यायालय उपजिलाधिकारी, सदर, सहारनपुर।**

संख्या: / राजस्व अहलमद

दिनांक: मई 2025

वाद संख्या-3864/2025

कंप्यूटरीकृत वाद संख्या-टी202509600103864

महमूद हसन आदि बनाम आरिफ आदि

1. महमूद हसन 2. मौ. याकूब पुत्रगण अब्दुल रहमान निवासी ग्राम जयरामपुर उर्फ नानका परगना हरोडा तहसील व जिला सहारनपुर। वादीगण

बनाम.... आरिफ आदि

प्रतिवादीगण

वाद अन्तर्गत धारा 116 अधिनियम, उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता-2006 स्थित ग्राम जयरामपुर उर्फ नानका परगना हरोडा तहसील व जिला सहारनपुर।

(प्रतिवादी 1. आरिफ 3. खुशनूद अली 4. नूर हसन पुत्रगण अब्दुल कययूम 5. जैतून 6. वाजिद 8. मौ. आबिद पुत्रगण मोहम्मद अययूब 10 ग्राम सभा/ग्राम पंचायत ग्राम जयरामपुर उर्फ नानका परगना हरोडा तहसील व जिला सहारनपुर द्वारा उसके प्रधान मजकूर।

एतद्द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि वाद उपरोक्त 1. महमूद हसन 2. मौ. याकूब पुत्रगण अब्दुल रहमान निवासी ग्राम जयरामपुर उर्फ नानका परगना हरोडा तहसील व जिला सहारनपुर द्वारा योजित किया गया है, जिसमें आपको प्रतिवादी बनाया गया है, जिसमें दिनांक 03.06. 2025 नियत है।

अतः आप उपरोक्त बाद में नियत दिनांक 03.06.2025 को सुबह 11.00 बजे आप स्वंय या अपने पैरोकार के माध्यम से अद्योहस्ताक्षरी के न्यायालय में उपस्थित होकर अपने वाद की पैरवी करें। यदि नियत दिनांक पर आप उपस्थित नहीं होते है। तो यह समझा जायेगा कि आपको उक्त वाद में कुछ नहीं कहना है और वाद में न्यायालय द्वारा समुचित आदेश पारित कर दिये जायेगें।

**उपजिलाधिकारी, सदर, सहारनपुर।**

# जैन समाज ने श्रुत पंचमी महापर्व मनाया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** जैन समाज कार्यकारिणी समिति रामपुर के तत्वाधान में श्रुत पंचमी महापर्व बड़ी धूमधाम से मनाया गया। प्रात: छोटे जैन मंदिर में श्री जी का अभिषेक और शांतिधारा की गई। शांतिधारा करने का सौभाग्य पुष्पेंद्र जैन नीरज जैन को प्राप्त हुआ। उसके पश्चात प्राचीन मंदिर जी से मां जिनवाणी के अवतरण दिवस पर जिनवाणी मां की पालकी यात्रा निकाली गई।

यात्रा में पालकी में विराजमान मां जिनवाणी को पीले वस्त्र में इंद्राणी बनी महिलाएं पालकी लेकर चल रही थीं। जय जय कारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा। श्रद्धालुओं द्वारा जिनवाणी मां की भव्य आरती की गई। शाम के समय जैन युवा टीम के द्वारा नमोकार महामंत्र के पाठ का आयोजन किया गया। इस दौरान जैन समाज के प्रधान मनोज जैन, महामंत्री निपुण जैन, अमित जैन, आर्जव जैन, राकेश जैन, तरुण जैन, भूपेंद्र जैन, पुष्पेन्द्र जैन, नीरज जैन, अरविन्द जैन, शशांक जैन, संजय जैन, अशुंल जैन, अभिषेक जैन सहित समाज के सैकड़ों महिला पुरुष मौजूद रहे।

# केंद्रीय रेल मंत्री से विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग

**रामपुर मनिहारान।** वयोवृद्ध वरिष्ठ समाजसेवी महबूब सैफी रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को भेजे पत्र में लिखा है कि दिल्ली शामली सहारनपुर रेलखंड पर पिछले 45 वर्षों से ट्रेनें चल रही हैं मगर दिल्ली से प्रात: काल के समय सहारनपुर के लिए वाया शामली कोई ट्रेन नहीं है। दिल्ली से प्रात: 4:30 बजे ट्रेन सं0 64091चलती है जो 7:30 बजे शामली पहुँच कर समाप्त कर दी जाती है।इसी ट्रेन को सहारनपुर अम्बाला तक बढ़ाया जा सकता है और सांय काल के समय इसी ट्रेन को वापस लाया जा सकता है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार में रेलवे स्टेशनों पर बहुत काम हुआ है लेकिन रामपुर मनिहारान में एक प्लेटफार्म से दूसरे प्लेटफॉर्म पर जाने के लिए पार पथ(ऊपरी पुल) नहीं है जिससे महिलाओं बुजुर्गों और बच्चों को समस्या होती है। सहारनपुर दिल्ली के बीच चलने वाली जनता एक्सप्रेस ट्रेन सं. 14545/14546 में बहुत ज्यादा भीड़ हो जाने के कारण सीट को लेकर विवाद हो जाता है। इसलिए इसमें कम से कम 4 डिब्बे जोड़े जाएं। 20 दिसंबर 2016 को रेलमंत्री मनोज सिन्हा ने नानोता रेलवे स्टेशन पर दिल्ली शाहदरा शामली टपरी का डबल लाइन का उद्घाटन किया था मगर 9 वर्ष बीत जाने पर भी कार्य शुरू नहीं किया गया।इसे शीघ्र शुरू कराया जाए। मेमू दिल्ली से प्रात: 5:25 बजे चलती है और 9:13 बजे रामपुर मनिहारान पहुंचती है। रामपुर से सहारनपुर की मात्र 28 किमी की दूरी पौने दो घंटे में पूरी करके 10:55 बजे सहारनपुर पहुंचती है।

**NAME CHANGE**

I IYMAN. S/o mohd ATHAR. R/o ,Vill Sirsali kalan. Ps. badgaon. Dst. Saharanpur, U.P. 247451. have changed my name to Mohd AYMAN. for all future purposes.

# जनता का भरोसा जीते मीडिया: प्रदीप




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** प्रैस क्लब गंगोह हिंदी पत्रारिता दिवस धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व सांसद प्रदीप चौधरी, पूर्व प्रमुख दिनेश चौधरी, महंत सुशील शर्मा, अरविंद पाल कपूर, योगेश गर्ग, प्रदीप तायल व अन्य अतिथियों ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया। मुख्य अतिथि पूर्व सांसद ने कहा कि मीडिया जब निर्भय व निष्पक्ष होकर जन समस्याओं और पनपते अपराधों को उजागर करेगा, तभी वह जनता का भरोसा पा सकेगा। शोभित विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. रणजीत सिंह व कुलसचिव डॉ. महिपाल सिंह ने तथ्यपरक पत्रका. रिता अपनाने का आह्वान किया। व्यापारी नेता ईश्वर गोयल, प्रदीप तायल, पूर्व प्रमुख दिनेश चौधरी ने प्रेस-व्यापार समन्वय और ग्रामीण मुद्दों के उठान पर बल दिया। अरविंद पाल कपूर, नरेंद्र तायल, प्रमोद भारती, निकिता सिंह, डॉ. जेएस चौहान, विपिन शर्मा, अरविंद टेबक, श्रवण शर्मा, बलबीर तोमर आदि ने भी विचार रखे। अध्यक्षता महंत सुशील शर्मा व संचालन डॉ. राकेश गर्ग और अध्यक्ष भारत गर्ग ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम संयोजक अरविंद टेबक ने आभार व्यक्त किया। इस मौके पर रमेशचंद्र गर्ग, विजेंद्र सैनी, सुहेल खान, राजेश्वर शर्मा, सुरेंद्र अरोडा, नौशाद चौधरी, अफजल खान, उमंग गर्ग सहित प्रकाश गोयल, तलविंद्र कपूर, एडवोकेट इंलमचंद्र सैनी आदि पत्रकार मौजूद रहे।

# मेरठ में कोरोना मरीज की पुष्टि के बाद सीएचसी में तैयारियां

**छुटमलपुर।** मेरठ में हाल ही में एक कोरा. ेना मरीज की पुष्टि के बाद छुटमलपुर के फतेहपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) ने अपनी तैयारियों को और मजबूत करने के लिए कमर कस ली है। शनिवार को सहारनपुर चिकित्सालय के क्षयरोग अधिकारी डॉ. सर्वेश सिंह ने फतेहपुर सीएचसी का दौरा कर ऑक्सीजन प्लांट का निरीक्षण किया। उन्होंने सभी ऑक्सीजन पॉइंट्स की कार्यक्षमता को परखा और पुष्टि की कि प्लांट पूरी तरह से सुचारू रूप से काम कर रहा है। साथ ही, सभी आपूर्ति लाइनों को भी जांचा गया ताकि किसी भी आपात स्थिति में कोई कमी न रहे।

सीएचसी प्रभारी डॉ. संजीव कुमार ने बताया कि अस्पताल में किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पुख्ता इंतजाम हैं। अस्पताल में 20 बेड, पांच वेंटीलेटर और पर्याप्त संख्या में छोटे ऑक्सीजन सिलेंडर उपलब्ध हैं। इसके अलावा, आवश्यक दवाइयों और अन्य चिकित्सा उपकरणों का स्टॉक भी सुनिश्चित किया गया है। डॉ. कुमार ने स्पष्ट किया कि छुटमलपुर क्षेत्र में अभी तक किसी भी मरीज में कोरोना के लक्षण नहीं पाए गए हैं। उन्होंने कहा, "यह सभी जांच और तैयारियां केवल सावधानी के तौर पर की जा रही हैं ताकि किसी भी संभावित स्थिति में हम पूरी तरह तैयार रहें।"

डॉ. संजीव कुमार ने स्थानीय निवासियों से अपील की कि वे घबराएं नहीं और स्वास्थ्य विभाग के दिशानिर्देशों का पालन करें। उन्होंने मास्क पहनने, सामाजिक दूरी बनाए रखने और बार-बार हाथ धोने जैसे बुनियादी नियमों का पालन करने पर जोर दिया। साथ ही, उन्होंने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने और केवल आधिकारिक सूचनाओं पर भरोसा करने की सलाह दी। उन्होंने कहा, "हमारी टीम पूरी तरह से सतर्क है और किसी भी स्थिति से निपटने के लिए तैयार है। जनता को चाहिए कि वे शांत रहें और किसी भी स्वास्थ्य संबंधी समस्या होने पर तुरंत सीएचसी से संपर्क करें।"

क्षयरोग अधिकारी डॉ. सर्वेश सिंह ने बताया कि ऑक्सीजन प्लांट की जांच के दौरान सभी तकनीकी पहलुओं को बारीकी से देखा गया। उन्होंने कहा, "हमने यह सुनिश्चित किया है कि ऑक्सीजन की आपूर्ति निर्बाध रूप से हो सके। इसके अलावा, वेंटीलेटर और अन्य उपकरणों की कार्यक्षमता भी जांच ली गई है।" उन्होंने यह भी जोड़ा कि स्वास्थ्य विभाग नियमित अंतराल पर ऐसी जांच करता रहेगा ताकि किसी भी आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई की जा सके।

एक स्थानीय निवासी मोहम्मद अली ने कहा, "यह अच्छी बात है कि अस्पताल अपनी तैयारियां कर रहा है, लेकिन हमें यह भी चाहिए कि गांव-गांव में जागरूकता फैलाई जाए ताकि लोग सावधानी बरतें।"

स्वास्थ्य विभाग ने यह भी स्पष्ट किया कि मेरठ में सामने आए मामले के बाद जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह सतर्क हैं। छुटमलपुर और आसपास के क्षेत्रों में निगरानी बढ़ा दी गई है, और किसी भी संदिग्ध लक्षण वाले व्यक्ति की तुरंत जांच की जाएगी। डॉ. संजीव कुमार ने कहा, "हमारी प्राथमिकता लोगों की सुरक्षा है। हम किसी भी स्थिति में लापरवाही नहीं बरतेंगे।"

इसके साथ ही, सीएचसी ने स्थानीय लोगों से अपील की है कि वे बुखार, खांसी, सांस लेने में तकलीफ या अन्य असामान्य लक्षण दिखने पर तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में संपर्क करें। स्वास्थ्य विभाग ने यह भी कहा कि क्षेत्र में नियमित रूप से सैनिटाइजेशन और अन्य निवारक उपाय किए जा रहे हैं ताकि किसी भी संभावित खतरे को रोका जा सके।

मौके पर डॉ. सर्वेश सिंह और डॉ. संजीव कुमार के साथ सीएचसी के अन्य कर्मचारी भी मौजूद रहे। स्वास्थ्य केंद्र की इस सक्रियता से स्थानीय निवासियों में भरोसा बढ़ा है, लेकिन वे चाहते हैं कि ऐसी तैयारियां और जागरूकता अभियान निरंतर चलते रहें ताकि भविष्य में किसी भी स्वास्थ्य संकट से प्रभावी ढंग से निपटा जा सके।

# गांव लखनौती में दर्जनों राउंड फायरिंग होने से मची अफरा-तफरी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** पैसों के लेनदेन को लेकर चल रही रंजिश के चलते साले के पुत्र ने अपने साथियों के साथ मिलकर दर्जनों राउंड फायरिंग करते हुए फूफा को गोली मारकर घायल कर दिया। हालांकि मारपीट में गोली लगने से घायल संजय त्यागी की पत्नी भी फायरिंग के दौरान मची भगदड़ में गिरकर घायल हो गई। पीडित परिवार ने आरोपी हिस्ट्रीशीटर भतीजे सहित तीन लोगों को नामजद करते हुए 20 से 25 अज्ञात लोगों के खिलाफ कार्रवाई को तहरीर दी है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव लखनौती में लखनौती में उस समय हड़कंप मच गया जब आठ-10 बाइको पर सवार हथियारों से लैस युवकों ने संजय त्यागी के घर पहुंच फायरिंग करना प्रारंभ कर दिया। दर्जनो राउंड फायरिंग में एक गोली संजय त्यागी की जांघ में लग गई जबकि उनकी पत्नी फायरिंग के दौरान मची भगदड़ में गिरकर घायल हो गई। जिससे उनके हाथ में फ्रेक्चर हो गया। जानकारी के मुताबिक दो दिन पूर्व ही संजय के पुत्र प्रांजुल त्यागी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। प्रांजुल की मौत के दौरान आए भतीजे और ससुराली परिजनों से संजय की प्रांजुल द्वारा लिए गए पैसों के लेनदेन को लेकर बहस हो गई थी। जिसके चलते शनिवार को हिस्ट्रीशीटर भतीजे ने अपने साथियों के साथ मिलकर गांव पहुंच सचिन त्यागी के घर हमला कर दिया। दर्जनों राउंड गोली चलने से गांव में सन्नाटा पसर गया। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस ने ही संजय त्यागी और उनकी घायल पत्नी को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। जहां से संजय त्यागी को हायर केयर सेंटर रेफर कर दिया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में गांव में पुलिस बल तैनात कर दिया गया। घायल संजय त्यागी के परिजनो ने भतीजे अंचिन त्यागी सहित दो अन्य को नामजद करते हुए 20 से 25 अज्ञात के खिलाफ कार्रवाई को तहरीर दी। एसपी देहात सागर जैन ने बताया कि पीडित परिजनों की शिकायत पर देवबंद कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया जा रहा है। बताया कि गांव में लगे सीसी कैमरों से अन्य आरोपियों की भी पहचान की जा रही है। बताया कि जिस हिस्ट्रीशीटर को तहरीर में नामजद किया गया है उस समेत सभी आरोपियों की गिरफ्तारी को दो टीमो का गठन कर छापेमारी की जा रही है।

> देवबंद। लखनौती गांव में फायरिंग की घटना के बाद घायल संजय त्यागी के घर के बाहर पुलिस को तैनात किया गया है। पुलिस के मुताबिक यह कदम सुरक्षा के मद्देनजर उठाया गया है। ग्रामीणों के मुताबिक हमलावर अचिन त्यागी हिस्ट्रीशीटर है। वह एक गैंग से भी जुड़ा है और उसके सदस्यों के साथ मिलकर लगातार आपराधिक वारदातों को अंजाम देता है। कई दिन पूर्व उसकी संजय के बेटे अचिन के साथ कहा. सुनी भी हुई थी।



# जयंती पर माता अहिल्याबाई होल्कर को किया याद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** पाल विकास समिति के तत्वावधान में शुक्रवार को राजमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर की जयंती धूमधाम से मनाई गई। श्रद्धांजलि अर्पित कर इनके बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया गया।

मंगलौर चौकी स्थित कार्यालय पर हुए कार्यक्रम में समिति अध्यक्ष जयप्रकाश पाल ने कहा कि माता अहिल्याबाई होल्कर ने महिला शिक्षा को बढ़ावा दिया था। महिला सशक्तिकरण के लिए उनके द्वारा किए गए कार्यों को हमेशा याद किया जाता रहेगा। माता अहिल्याबाई ने कल्याणकारी राज्य की स्थापना की और निस्वार्थ भाव से जातिवाद और कुरीतियों पर अंकुश लगाया। जो रास्ता उन्होंने दिखाया था, नई नस्लों को उस पर चलकर आगे बढना चाहिए। जयप्रकाश ने समाज में फैली कुरीतियों जैसे दहेज प्रथा आदि को समाप्त करने का आह्वान किया। साथ ही लड़कियों को उच्च शिक्षित बनाने पर जोर दिया।

चौ. ओमपाल सिंह ने कहा कि महापुरुष सर्वसमाज के होते है। हमें इनके कार्यों से प्रेरणा लेनी चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता मांगेराम पाल एवं संचालन चौ. ओमपाल सिंह ने किया। इस मौके पर मनोज पाल, सावन, अरविंद पाल, अनुज पाल, श्रीपाल, अंकुश पाल, तेजपाल, अरुणपाल, सतपाल आदि मौजूद रहे।



# हिंदी पत्रकारिता दिवस पर हुए कार्यक्रम, पत्रकार हुए सम्मानित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** हिंदी पत्रकारिता दिवस पर पत्रकार संगठनों द्वारा कार्यक्रम का आयोजन कर स्थानीय पत्रकारों को सम्मानित किया गया। इस दौरान वक्ताओं ने पत्रकारों को समाज का आईना बताया।

अभी तक इंडिया न्यूज चौनल के तत्वावधान में डाक बंगले पर आयोजित हुए कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए प्रख्यात शायर डा. नवाज देवबंदी ने कहा कि पत्रकारिता एक मिशन है। जो लोग इस मिशन पर पूरी ईमानदारी से चल रहे हैं वह वास्तव में मुबारकबाद के मुस्तहिक हैं। भाजपा नगराध्यक्ष अरुण गुप्ता और हाल ही में आईएफएस बन देवबंद का नाम रोशन करने वाले आमिर नौशाद ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में स्थानीय पत्रकारों को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित कर अध्यक्षता गोविंदराम शर्मा व संचालन सैयद वजाहत शाह ने किया।

अंत में संयोजक आसिफ सागर और बलबीर सैनी ने सभी का आभार व्यक्त किया। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के तत्वावधान में मित्तल सैन चौक स्थित एक सभागार में आयोजित हुए कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार अशोक गुप्ता ने कहा कि पत्रकार समाज के प्रहरी हैं। मुख्य अतिथि आलोक तनेजा ने कहा कि सरकारी तंत्र की बेरुखी तथा भेदभावपूर्ण रवैया छोटे व मझौले समाचारों पत्रों के पतन का कारण है। समाजसेवी सेठ कुलदीप कुमार, व्यापारी नेता दीपकराज सिंघल, पालिकाध्यक्ष विपिन गर्ग, प्रेस एसोसिएशन के अध्यक्ष मनोज सिंघल ने भी विचार रखे। कार्यक्रम में स्थानीय पत्रकारों को सम्मानित किया गया। संयोजक ओमवीर सिंह व राजकुमार जाटव ने सभी का आभार जताया। अधिवक्ता रामपाल सिंह, लेखक कमल देवबंदी, संजय राठी, वेद प्रकाश पांडे, मुकेश शर्मा, मुमताज अहमद आदि मौजूद रहे।




# विदेशी सामान का न तो प्रयोग करेंगे और न ही बेचेंगे: राणा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** पश्चिम उत्तर प्रदेश संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल की बैठक में स्वदेशी सामान का उपयोग कर भारत की अर्थव्यवस्था को और अधिक मजबूत करने पर बल दिया गया।

ब्रह्मपुरी कालोनी में हुई बैठक में संगठन के जिलाध्यक्ष जयवीर राणा ने कहा कि प्रधानमंत्री के आवाहन पर देश-प्रदेश के व्यापारियों ने निर्णय लिया है कि आगे से किसी भी प्रकार के विदेशी सामान का न तो प्रयोग करेंगे और न ही बेचेंगे। विवेक तायल, राजेश सिंघल, संदीप शर्मा, मनोज सिंघल एड., सलीम कुरैशी, अजय गर्ग, उद्यमी अय्यूब बेग और शिवकुमार वर्मा ने भी विचार रखे और देश की अर्थव्यवस्था को और अधिक मजबूत करने में सहयोग का आह्वान किया।

कोतवाल धर्मेंद्र सोनकर ने व्यापारियों को समस्याओं के समाधान में सहयोग का भरोसा दिलाया, व्यापारियों ने बुके भेंट कर उनका सम्मान किया। सचिन शर्मा, शिवम तायल, वंश सिंघल, प्रदीप सिंघल, रोहित शर्मा, राहुल वर्मा व प्रवीण धीमान आदि मौजूद रहे।



# सीएम से देवबंद में आधुनिक स्लाटर हाउस बनवाने की मांग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** ऑल इंडिया जमीयतुल कुरैश (यूथ विंग) के पूर्व जिला उपाध्यक्ष रिहान अहमद कुरैशी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को ज्ञापन भेजा है। इसमें उन्होंने देवबंद में आधुनिक स्लाटर हाउस बनवाए जाने की मांग की है। ज्ञापन में उन्होंने कहा कि देवबंद में स्थित स्लाटर हाउस को बहुत पहले नगर पालिका परिषद ने बंद कर दिया था। जिसके स्थान पर गैराज बना दिया गया। स्लाटर हाउस बंद होने से मीट व्यापारियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कुरैशी के मुताबिक व्यापारियों को सहारनपुर या शामली जनपद से मीट लाकर दुकानें चला रहे हैं। उन्होंने सीएम से देवबंद में आधुनिक स्लाटर हाउस बनवाने की मांग की है।

# पालिकाध्यक्ष से त्योहार से पूर्व सड़कों के गड्ढे भरवाने की मांग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** नजर फाउंडेशन के अध्यक्ष नजम उस्मानी मोहल्ला खानकाह और देवबंद-गंगोह मार्ग पर बने गड्ढों को ईद-उल-अजहा (बकरीद) के त्योहार से पूर्व भरवाए जाने की मांग की है।

शनिवार को पालिकाध्यक्ष विपिन गर्ग और अधिशासी अधिकारी डॉ. धीरेंद्र कुमार राय को भेजे ज्ञापन में बताया कि मोहल्ला खानकाह से होकर गुजरने वाले मार्ग पर जगह-जगह गहरे गड्ढ़े बने हुए हैं। जिस वजह से लोगों को आवाजाही में परेशानी उठानी पड़ रही है। कई बार तो वाहन चालक इनकी वजह से चोटिल तक हो चुके हैं। 7 जून को बकरीद का त्योहार है। ईदगाह में नमाज के लोग इन्हीं रास्तों से होकर गुजरते हैं। इसलिए जनहित को ध्यान में रखकर मार्गों की मरम्मत कराने की मांग की है। इसके साथ ही उस्मानी ने कासमी कब्रिस्तान से सटे नाले को पक्का बनवाने की मांग की है। क्योंकि बरसात के मौसम में गंदा पानी कब्रिस्तान और उसके समीप से गुजर रहे मार्ग पर भर जाता है। जिससे लोगों को असुविधा का सामना करना पड़ता है।

> **जनहित को ध्यान में रखकर मार्गों की मरम्मत कराने की मांग की।**

# गुर्जर जागृति व उत्थान मंच के बैनर तले ऊंचागांव में हुई बैठक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** ऊंचागांव में गुर्जर बिरादरी की बैठक में समाज में फैली कुरीतियों को दूर करने और फिजूलखर्ची समेत अन्य बुराईयों को रोकने को लेकर विचार-विमर्श किया गया।

शनिवार को गुर्जर जागृति व उत्थान मंच के बैनर तले ग्राम प्रधान कृष्णपाल के आवास पर बैठक का आयोजन हुआ। इसमें वक्ताओं ने विवाह समारोह, या अन्य किसी कार्यक्रम में हो रही फिजूलखर्ची समेत मृत्यू भोज, दहेज प्रथा समेत अन्य विषयों पर गहनता से विचार मंथन करते हुए इस पर सख्ती से प्रतिबंध लगाने की बात कही। मुख्य अतिथि जिला सहकारी बैंक के चेयरमैन चौधरी राजपाल सिंह ने कहा कि समाज में नशाखोरी बढ़ रही है। खेलकूद पर ध्यान देने के बजाए बच्चे गलत संगत में पड़ रहे हैं। इस कारण उनका शारीरिक विकास नहीं हो रहा है। समाज में विभिन्न तरह की कुरीतियां पनप रही है। जिन्हें पुरानी परंपराओं को अपनाकर दूर करना होगा। डीजे बजाकर भौंडे प्रदर्शन को रोकने होगा।

उन्होंने सभी से बच्चों पर विशेष रुप से ध्यान देने का आह्वान किया। साथ ही सरकारी पदों पर समाज के युवाओं की भागीदारी बढ़ाने की दिशा में कदम उठाने होंगे। अध्यक्षता उत्तराखंड के मानपुर गांव के प्रधान रामपाल सिंह व संचालन कविंद्र चौधरी ने किया। इस मौके पर चौधरी परविंद्र, चौधरी राज सिंह, अनिल, अमित, नवाब, कुलबीर, ईश्वरपाल, अनूप सिंह, राजू, विकास आदि मौजूद रहे।




# कृषक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम

**चांदपुर।** मुख्यमंत्री गन्ना कृषक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत गन्ना विकास परिषद चांदपुर सोसाइटी चांदपुर के मास्टर ट्रेनर द्वारा कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर मोहित कुमार नें गन्ना समिति के खाद गोदामों और चीनी मिल द्वारा उपलब्ध कराये जा रहे विभिन्न कृषि प्रकार के निवेश के बारे में जानकारी दी। शुगर मिल चांदपुर के वरिष्ठ प्रबंधक (गन्ना), अजीत सिंह ने गन्ने में लगने वाले विभिन्न रोग एवं कीट तथा टॉप बोरर, अर्ली शूट बोरर, पाईरिला, लाल सड़न, विल्ट आदि रोग के लक्षण, बचाव के विभिन्न प्रकार के तरीकों के संबंध में प्रभावित टिलर्स को प्रदर्शित करते हुए एवं फेरोमेन ट्रैप, लाइट ट्रैप, शूट कटिंग, चीनी मिल से दिए जाने वाली सुविधाएं के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। चीनी मिल के डेवलोपमेन्ट हेड प्रदीप सोलंकी द्वारा मिट्टी के नमूने के विषय में जानकारी दी गई। उनके द्वारा अवगत कराया गया कि सोइल फर्टिलिटी मैप के अनुसार ही पोषक तत्वों को खेतों में डाले। इस मौके पर किसानों से अपनी बात साझा करते हुए नरेंद्र सरोहा द्वारा प्रजातीय संतुलन के बारे में बताया। उधर सीनियर ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक विश्वामित्र पाठक ने गन्ना समिति चांदपुर द्वारा समिति में स्थापित फार्म मशीनरी बैंक की विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए बताया कि चांदपुर ने विभाग द्वारा संचालित विभागीय योजनाओं एवं जैविक खेती, गन्ने की पत्तियों की मल्चिंग करने, गन्ने में ड्रिप सिंचाई, गन्ने की बुआई की ट्रेंच, रिंग पिट विधियां, सहफसली खेती की महत्ता, मृदा स्वास्थ, फसल चक्र, स्वीकृत प्रजातियों की बुआई पर जानकारी देकर कृषकों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। उन्होंने सभी कृषकों को अवगत कराया कि वर्तमान परिदृश्य में आय दुगनी करने का एक मात्र विकल्प पंचामृत विधि से खेती करना ही रह गया हैं। पंचामृत विधि से खेती करने के सभी अवयव, ट्रेंच, ड्रिप सिचाई, इंटरक्रॉपपिंग, रटून मैनेजमेंट और ट्रेस मूलचिग सभी विधियां प्रभावशाली हैं। गोष्ठी में प्रगतिशील कृषक एवं मास्टर ट्रेनर ने सिंगल बड विधि से गन्ने रोपड़ एवं महिला समूहो की उपयोगिता के बारे में कृषकों के साथ अपना अनुभव शेयर किया।

**NAME CHANGE**

I LUQMANABEGUM. W/o mohd ATHAR. R/o ,Vill Sirsali kalan. Ps. badgaon. Dst. Saharanpur, U.P.247451. have changed my name to LUKMANA. for all future purposes

# एसडी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टैक्नोलोजी में प्रतिभाओं का सम्मान







**मुजफ्फरनगर।** जानसठ रोड स्थित एस0 डी0 कालेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टैक्नोलोजी, मुजफ्फरनगर भविष्य ज्योति कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रतिभा सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस विशेष अवसर पर कक्षा 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र एवं पदक प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस समारोह का उद्देश्य छात्रों की प्रतिभा को प्रोत्साहन देना और उन्हें उच्च शिक्षा की दिशा में प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र, अभिभावक, शिक्षक तथा गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि- कपिल देव अग्रवाल जी, उत्तर प्रदेश सरकार के व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) ने अपने संबोधन में कहा की आज सम्मानित हो रहे ए छात्र देश के भविष्य हैं। इनकी सफलता से समाज को प्रेरणा मिलती है। ऐसे आयोजनों से छात्र और अभिभावक दोनों को प्रोत्साहन मिलता है। मैं एस0 डी0 कालेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टैक्नोलोजी को इस अनुकरणीय पहल के लिए बधाई देता हूं। उमेश मिश्रा जी, जिलाधिकारी, मुजफ्फरनगर ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा सच्ची प्रतिभा वही होती है जो अनुशासन, परिश्रम और सकारात्मक सोच से आगे बढ़ती है। ए छात्र अपने परिवार, समाज और जनपद का नाम रोशन कर रहे हैं। यह आयोजन विद्यार्थियों के आत्मविश्वास को नई उड़ान देने का कार्य करेगा। डॉ. वीरपाल निरवाल, जिला पंचायत अधिकारी, मुजफ्फरनगर ने कहा की ग्रामीण और नगरीय क्षेत्रों की प्रतिभाओं को एक मंच पर लाकर उन्हें सम्मानित करना वास्तव में एक प्रेरणादायक कार्य है। शिक्षा ही एकमात्र माध्यम है जो सामाजिक समरसता, आर्थिक उन्नति और नैतिक मूल्यों की स्थापना में सहायक होती है। मैं एस0 डी0 कालेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टैक्नोलोजी को ऐसे नवाचारपूर्ण आयोजनों के लिए शुभकामनाएं देता हूं। उपाध्यक्ष- विनोद कुमार ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा छात्रों की सफलता में परिवार, विद्यालय और स्वयं उनके संकल्प की अहम भूमिका होती है। यह मंच उन सभी को धन्यवाद कहने का अवसर है। मैं सभी विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देता हूं और कॉलेज प्रशासन को उनके प्रयासों के लिए साधुवाद देता हूं। सचिव- अनुभव कुमार ने अपने संदेश में कहा छात्रों की मेहनत को जब समाज में सम्मान मिलता है, तो वह केवल एक उपलब्धि नहीं होती, बल्कि वह नई प्रेरणा का स्रोत बनती है। हमारा संस्थान छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए समर्पित है। एस0 डी0 कालेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टैक्नोलोजी द्वारा आयोजित यह सम्मान समारोह छात्रों में आत्मबल और प्रतिस्पर्धात्मक भावना का संचार करने में सहायक सिद्ध होगा।

निदेशक-डॉ। सिद्धार्थ शर्मा ने कहा 'भविष्य ज्योति' के अन्तर्गत आयोजित यह कार्यक्रम न केवल प्रतिभाओं को पहचानने का मंच है, बल्कि यह छात्रों को समाज व राष्ट्र निर्माण की दिशा में अग्रसर करने का प्रयास भी है। एस0 डी0 कालेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टैक्नोलोजी छात्रों को सदैव गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और नवाचार प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध रहेगा।

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मेरी संस्था **MBF India Private Limited** लातूर (महाराष्ट्र) में 100% घुलनशील निम्नलिखित उर्वरकों का उत्पादन कर रही है तथा इन्हे हम उत्तर प्रदेश राज्य मे भी बिक्री करना चाहते हैं।

| Sr.no. | Name of Fertilizer | Trade Mark |
|---|---|---|
| 1 | Monopotasshium Phosphate(00:52:34) | Delta |
| 2 | Mono Ammonium Phosphate(12:61:00) | Delta |
| 3 | Potassium Nitrate (13:00:45) | Delta |
| 4 | NPK(19:19:19) | Delta |
| 5 | NPK 7.75-26-17-9S-0.15B | Mobile |
| 6 | NPK10.72-15.25-12.5Ca-4.25 S-0.15B | Mobile |
| 7 | NPK 6-12-40 | Mobile |
| 8 | NPK 14.8-43.5-11 | Mobile |
| 9 | NPK 11-24-24-85 | Mobile |
| 10 | NPK 6-12-40-11S | Mobile |
| 11 | NPK 11-24-24 | Mobile |

**Imported & Marketed by :MBF India Pvt. Ltd., Plot No.A-94, Additional M.I.D. Charngu (BK) LATUR, Maharashtra, India-413531**

# कृष्णा कॉलेज में विदाई समारोह में सांस्कृतिक व रंगारंग कार्यक्रम

**बिजनौर।** कृष्णा कालेज बिजनौर के विज्ञान विभाग की ओर से विदाई समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समारोह का शुभारम्भ कालेज के संस्थापक निदेशक राजीव कुमार, प्रबंधक मनोज कुमार, निदेशक पवन कुमार, कृष्णा कालेज ऑफ लॉ प्राचार्य डा. परवेज अहमद खान, कृष्णा कालेज ऑफ साइंस प्राचार्या डा. सीमा शर्मा, योजना और विकास अधिकारी कृष्णा कालेज डा. एस.सी. जैन ने संयुक्त रुप से मां सरस्वती के आगे दीप प्रज्जवलित करके किया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ कृष्ण वंदना पर मनमोहक नृत्य के साथ किया गया। छात्र छात्राओं ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक व रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर कार्यक्रम में सबका मन मोह लिया। विदाई समारोह में छात्र-छात्राओं के रैंप वॉक, नृत्य एवं संगीत व विभिन्न गेम्स के आयोजन के साथ-साथ मिस फेयरवेल व मिस्टर फेयरवैल का भी चुनाव किया गया। विदाई समारोह में अंतिम वर्ष के छात्र-छात्राओं ने पढ़ाई से जुड़े अपने अनुभवों को व्यक्त किया। बी.एस.सी. अन्तिम वर्ष के छात्र सार्थक राजपूत को मिस्टर फेयरवेल व छात्रा स्नेहा राजपूत को मिस फेयरवेल चुना गया। परास्नातक वर्ग में रसायन विज्ञान से नेहा, जन्तु विज्ञान से इलमा खान, वनस्पति विज्ञान से अरिजा, भौतिक विज्ञान से सौम्या व गणित विभाग की नेहा को मिस फेयरवल के रूप में चुना गया। परास्नातक वर्ग में रसायन विभाग से आर्यन घाघट, जन्तु विज्ञान से सत्यम चौधरी, भौतिक विज्ञान से सिद्धांत को मिस्टर फेयरवल चुना गया। मिस्टर फ्रेशर व मिस फ्रेशर और मिस फेयरवैल व मिस्टर फेयरवैल का चुनाव बौद्धिक, सांस्कृतिक, सामाजिक, व्यवहारिक ज्ञान से जुड़े प्रश्नों के उत्तरों को आधार बनाकर किया गया। कार्यक्रम के समापन में कृष्णा कालेज ऑफ साइंस प्राचार्या डा. सीमा शर्मा ने सभी छात्र-छात्राओं को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी एवं चुने हुए मिस्टर एंड मिस फेयरवेल को सम्मानित किया गया। निर्णायक मण्डल की भूमिका गृह विज्ञान विभागाध्यक्षा डा. शालिनी शर्मा व बीएड प्रवक्ता सुनील कुमार ने निभाई। कार्यक्रम का संचालन एमएससी बॉटनी की छात्रा सुमैया ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में डा. पूनम गुप्ता, डा. पायल राठी, डा. शोमा, रश्मि वत्सल, श्वेता टोंक, अदीबा, शुभांशी वर्मा, संचित, सलोनी, सौम्या वर्मा, प्रतिभा, दीक्षा त्यागी, मीतू राजपूत, आकाश कुमार, संजीव कुमार आदि का विशेष योगदान रहा।



# मुंबई की विरासत का मुकाबला करेंगी पंजाब

### हार्दिक के नेतृत्व में मौजूदा बल्लेबाजी लाइनअप शानदार है, पंजाब के पास मैच जिताऊ खिलाड़ियों की कमी नहीं



**अहमदाबाद, वार्ता।** नरेन्द्र मोदी स्टेडियम की दूधिया रोशनी में रविवार को पंजाब किंग्स और मुंबई इंडियंस एक लाख से अधिक दर्शकों के बीच इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के खिताबी मुक.ाबले में जगह बनाने के लिए अपना सर्वस्व झोंकने के लिए उतरेंगे।

दोनो टीमो के बीच क्वालीफायर 2 का रोमांचक मुकाबला शाम साढ़े सात बजे से खेला जायेगा। पांच बार की आईपीएल चैंपियन मुंबई को आईपीएल के मौजूदा संस्करण में लय में आने में समय लगा मगर बल्लेबाजी में गहराई और जसप्रीत बुमराह की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन ने टीम को छठे खिताब के करीब लाकर खड़ा कर दिया है। बुमराह 6.36 की कम इकॉनमी से 18 विकेट लेकर शानदार फॉर्म में हैं और उनकी यह ताकत रविवार रात क्वालीफायर 2 में अंतर पैदा कर सकती हैं। मुंबई एलिमिनेटर में गुजरात टाइटन्स पर 20 रन की शानदार जीत के बाद इस मुकाबले में बढ़त बनाए हुए है।

हार्दिक पांड्या के नेतृत्व में मौजूदा इकाई की बल्लेबाजी लाइनअप शानदार है। रोहित शर्मा ने सही समय पर लय पाई और 50 गेंदों पर 81 रन बनाए, जबकि विल जैक्स के प्रतिस्थापन के रूप में आए जॉनी बेयरस्टो ने 22 गेंदों पर 47 रन बनाकर शुरुआत में ही लय पा ली। इस बीच, सूर्यकुमार यादव ने 167.83 के जबरदस्त स्ट्राइक रेट से 673 रन बनाकर क्रिकेट के तर्क को धता बताना जारी रखा है। मध्यक्रम

## क्वालिफायर-2

में तिलक वर्मा, हार्दिक और नमन धीर मजबूती प्रदान करते हैं, वहीं दीपक चाहर गेंद से शुरुआती बढ़त बनाने के लिए इम्पैक्ट प्लेयर के रूप में आ सकते हैं। बुम.राह की सटीक गेंदबाजी और नई गेंद से बायें हाथ के ट्रेंट बोल्ट की लस्वग मुंबई की ताकत बनी हुयी है।

हालांकि मुंबई अभी भी अपने चौथे गें.दबाजी विकल्प को लेकर सावधान रहेगी, क्योंकि पिछले गेम में रिचर्ड ग्लीसन ने निराश किया था। दूसरी ओर पंजाब की टीम नए जख्मों से उबर रही है। लगातार अच्छे प्रदर्शन के बाद क्वालीफायर 1 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ उनकी हार सदमे में डालने वाली थी। हालांकि पिछली हार को भुला कर पंजाब को कल ऐसे मैदान में उतरना होगा, जहां प्लेऑफ का अनुभवहीनता और स्कोरबोर्ड का दबाव टीमों को पूरी तरह से निगल सकता है। पंजाब के पास मैच जिताऊ खिलाड़ियों की कमी नहीं है। प्रभसिमरन सिंह (517) और प्रियांश आर्य (431) ने लीग की सबसे रोमांचक युवा ओपलनग जोड़ियों में से एक बनाई है जबकि कप्तान श्रेयस अय्यर ने मध्यक्रम में 516 रन बनाकर अपनी खास पहचान बनाई है। हालांकि उन्हें और भी बहुत कुछ चाहिए होगा। जोश इंग्लिस, मार्कस स्टोइनिस और शशांक सिंह को मौके का फायदा उठाना होगा।

लीग चरण में एमआई के खिलाफ इंग्लिस की विस्फोटक 73 रन की पारी सबको याद होगी। अब इसे दोहराना सबसे ज्यादा मायने रखता है। अर्शदीप सिंह की अगुवाई में पंजाब के गेंदबाज विपक्षी टीम को कम स्कोर पर रोकने का पूरा प्रयास करेंगे। काइल जैमीसन ने पिछले मैच में शानदार प्रदर्शन किया था मगर युजवेंद्र चहल की अनुपस्थिति अभी भी खल रही है। अगर हरप्रीत बरार और अजमतुल्लाह उमरजई टिके रहते हैं, तो पंजाब फिर से उलटफेर कर सकता है। अहमदाबाद ने अब



तक पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम को फायदा मिला है। यहां सात में से छह मैच लक्ष्य निर्धारित करने वाली टीम ने जीते हैं। इसलिए दोनों कप्तानों की निगाहें टॉस पर होंगी। मौसम विभाग के अनुसार आसमान साफ रहने और शुष्क गर्मी की उम्मीद है। दोनो टीमे चार बार एक दूसरे के सामने आयी हैं जिनमें दो-दो मैच हर टीम ने जीता है। पंजाब ने अपना 26 मई को अपना सबसे हालिया मुकाबला जीता था।

# मनसुख मांडविया 'फिट इंडिया तिरंगा साइकिल रैली' करेंगे

**नई दिल्ली, वार्ता।** केंद्रीय युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया राजधानी में 'फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल' के 25 वां संस्करण का रविवार को नेतृत्व करेंगे जिसे पूरे देश में तिरंगा रैली के रूप में पूरे देश में मनाया जाएगा। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय की शनिवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार राजधानी में मेजर ध्यानचंद राष्ट्रीय स्टेडियम में आयोजित इस विशेष कार्यक्रम का नेतृत्व डॉ-मांडविया करेंगे।

उनके साथ रैली में शामिल होने वाले प्रमुख लोगों में खेल जगत से ओलंपिक पदक विजेता योगेश्वर दत्त, अंतर्राष्ट्रीय पहलवान सरिता मोर, बॉलीवुड अभिनेत्री शरवरी और पूर्व क्रिकेटर और चयनकर्ता सबा करीम शामिल हैं। विज्ञप्ति में कहा गया है कि तीन जून को विश्व साइकिल दिवस से पहले होने जा रहे इस कार्यक्रम के जरिए शरीर को 'हृष्ट-पुष्ट' रखने में साइकिल चलाने की बड़ी भूमिका के संदेश देने के साथ भारत के सशस्त्र बलों के प्रति सामूहिक रूप से सम्मान का भाव भी प्रकट किया जाएगा।

राजधानी में इस कार्यक्रम में 1,200 से अधिक साइकिल चाल.कों के शामिल होने की उम्मीद है। पूरे देश में कल 2,000 से अधिक स्थानों पर इस तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। भुवनेश्वर में ओडिशा के राज्यपाल हरि बाबू कंभमपति तिरंगा रैली को हरी झंडी दिखाएंगे। दिसंबर 2024 में शुरुआत के बाद से अब तक 5,500 से अधिक स्थानों पर इसका आयोजन हो चुका है।

### खेल विशेष

## एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भारत ने आठ स्वर्ण सहित 24 पदक जीते

**गुमी, वार्ता।** भारत ने 26वीं एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में कुल 24 पदकों के साथ अपने शानदार अभियान का समापन किया है। भारत के कुल 24 पदकों में आठ स्वर्ण, 10 रजत और छह कांस्य पदक शामिल है। भारतीय दल पिछले सत्र में छह स्वर्ण समेत 27 पदक जीते थे। चैंपियनशिप के अंतिम दिन शनिवार को भारतीय एथलीटों ने तीन रजत और तीन कांस्य पदक अपने नाम किए। पारुल चौधरी आज महिलाओं की 5000 मीटर दौड़ में 15 मिनट 15:33 सेकंड (15:15:33 सेकंड) का समय लेकर दूसरे स्थान पर रहीं। उन्होंने इससे पहले 3000 मीटर मीटर स्टीपलचेज में भी रजत पदक जीता था। भाला फेंक खिलाड़ी सचिन यादव ने व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 85-16 मीटर तक भाला फेंका। बागपत के खेकड़ा गांव निवासी सचिन का इससे पहले व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 84-39 मीटर था। पुरुषों की 200 मीटर दौड़ में अनिमेष कुजूर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 20-32 सेकंड का नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाते हुए कांस्य पदक जीता वहीं अभिनया राजरा.जन, स्नेहा एसएस, श्राबनी नंदा और नित्या गंधे की चौकड़ी ने महिलाओं की चार गुणा 400 मीटर रिले में सत्र के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 43:86 सेकंड के समय के साथ रजत पदक हासिल किया जो इस प्रतियोगिता में भारत का आखिरी पदक रहा। महिलाओं की 400 मीटर बाधा दौड़ में एशियाई खेलों की पदक विजेता विथ्या ने भारत को दिन का दूसरा कांस्य पदक दिलाया। तमिलनाडु की 26 वर्षीय एथलीट ने 56-46 सेकंड का समय लेकर पोडियम स्थान हासिल किया। पूजा ने भारत के लिए दिन का तीसरा कांस्य पदक जीता। उन्होंने महिलाओं की 800 मीटर दौड़ 2:01:89 सेकंड के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय के साथ पूरी करके तीसरा स्थान हासिल किया। महिलाओं की 200 मीटर की दौड़ में ज्योति याराजी 23:47 सेकंड के समय के साथ पांचवें जबकि नित्या गंधे 23-90 सेकंड के समय के साथ सातवें स्थान पर रहीं।

# बोपन्ना-पावलसेक फ्रेंच ओपन के तीसरे दौर में



**बोपन्ना के अनुभव और पावलसेक की चपलता ने शुरूआती मौको का फायदा उठाया**

**पेरिस, वार्ता।** भारत के रोहन बोपन्ना और चेक जोड़ीदार एडम पावलसेक ने फ्रेंच ओपन के दूसरे दौर के पुरुष युगल मुकाबले में फ्रांस के फैबियन रेबुल और सादियो डौम्बिया को 6-2, 7-6(5) से हराकर तीसरे दौर में प्रवेश कर लिया। इंडो-चेक जोड़ी ने शुरुआती सेट में दबदबा बनाया और अपनी शक्तिशाली सर्विस और रणनीतिक नेट प्ले का लाभ उठाते हुए 6-2 की बढ़त हासिल की। बोपन्ना के अनुभव और पावलसेक की चपलता ने शुरुआती मौकों का फायदा उठाते हुए फ्रांसीसी जोड़ी की सर्विस दो बार तोड़ी। घरेलू दर्शकों से उत्साहित फ्रांसीसी खिलाड़ियों ने दूसरे सेट में जबरदस्त वापसी की। डौम्बिया और रेबुल ने अपनी सर्विस गेम को कड़ा किया और रिटर्न पर दबाव बनाया, जिससे एक करीबी मुकाबला हुआ और अंत में टाईब्रेकर हुआ। गति में बदलाव के बावजूद, बोपन्ना और पावलसेक ने संयम बनाए रखा, टाईब्रेक 7-5 से जीतकर सीधे सेटों में मैच अपने नाम कर लिया। बोपन्ना और पावलसेक ने आठ ऐस दर्ज किए, जबकि फ्रांसीसी जोड़ी ने पांच ऐस दर्ज किए और उनका पहला सर्व जीत प्रतिशत 68 प्रतिशत की तुलना में 72 प्रतिशत रहा। दोनों टीमों ने तीन-तीन ब्रेक पॉइंट बदले, लेकिन इंडो-चेक जोड़ी की महत्वपूर्ण पॉइंट जीतने की क्षमता, खासकर टाईब्रेक में, ने अंतर पैदा किया। यह जीत बोपन्ना और पावलसेक के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। दोनो की एक साथ पहला ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने की कवायद जारी है।

# अमेरिका डोपिंग रोधी प्रणाली की खामियों को उजागर करना जारी रखूंगा: विटोल्ड

**वाडा के अध्यक्ष बांका ने डोपिंग रोधी प्रणाली की खामियों के बारे में जोर तरीके से बात की**

**वारसॉ, वार्ता।** विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी (वाडा) के अध्यक्ष विटोल्ड बांका ने अमेरिकी डोपिंग रोधी प्रणाली में गंभीर खामियों के बारे में जोरदार तरीके से बोलना जारी रखने की कसम खाई है। उन्होने वैश्विक निगरानी संस्था के प्रमुख के रूप में अपने तीसरे और अंतिम कार्यकाल के लिए फिर से चुने जाने के बाद यह कसम खाई।

पूर्व पोलिश धावक और खेल एवं पर्यटन मंत्री बांका, चीन के पूर्व शीतकालीन ओलंपिक चैंपियन यांग यांग के साथ गुरुवार को वर्चुअल फाउंडेशन बोर्ड की बैठक के दौरान फिर से चुने गए। अमेरिकी डोपिंग रोधी एजेंसी ने बाद में एक सोशल मीडिया पोस्ट में इसे 'अंतिम 'बैट एंड स्विच' कहा। शुक्रवार को, वाडा के अध्यक्ष ने यूएसएडीए की आलोचना का जवाब दिया और कहा कि मुझे विशेष रूप से आश्चर्य नहीं है कि ऐसे शब्द यूएसए में कहे गए। पोलिश आउटलेट स्पोर्टोवे फैक्टी से उन्होने कहा कि इस देश के प्रतिनिधियों ने वास्तव में वाडा में मेरे नेतृत्व को कमज़ोर करने की कोशिश की। अमेरिकी सरकार ने वाडा में अपना योगदान बंद कर दिया, हमारी संस्था के बोर्ड में एक प्रतिनिधि खो दिया और अंततः चुनावों पर भी प्रभाव डाला। उन्होंने कहा कि मैं अमेरिकी एंटी-डोपिंग सिस्टम की कमियों के बारे में बेबाकी से बोलना जारी रखूंगा। बड़े और अत्यधिक विकसित पश्चिमी देश हम सभी को व्याख्यान देना पसंद करते हैं। उन्हें इस बारे में बात करना पसंद है कि एंटी-डोपिंग सिस्टम कैसा दिखना चाहिए, लेकिन जब हम उनके समाधानों को देखते हैं, तो पता चलता है कि सबसे बड़ी समस्या उनके साथ है। उदाहरण के लिए, यह अमेरिका पर लागू होता है, लेकिन जर्मनी पर भी। जब हमारे पास 23 चीनी तैराकों का मामला था, तो वे सबसे ज़ड़ादा शोर मचा रहे थे, लेकिन वे इस बात पर ध्यान नहीं देते कि उनकी अपनी राष्ट्रीय प्रणालियों के साथ उनकी कितनी बड़ी समस्या है। बांका और यांग को मूल रूप से 2019 के खेल में डोपिंग पर विश्व सम्मेलन में वाडा के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के रूप में चुना गया था। दोनों का नया कार्यकाल तीन साल का होगा जो एक जनवरी, 2026 से शुरू होगा और वे 31 दिसंबर, 2028 तक सेवा करेंगे।

# झेंग समेत कई शीर्ष खिलाड़ी फ्रेंच ओपन के अंतिम 16 में पहुंचे

**पेरिस, वार्ता।** पेरिस ओलंपिक चैंपियन चीन की झेंग किनवेन दूसरी बार फेंच ओपन के महिला एकल के अंतिम 16 में पहुंचीं। उनके अलावा कई शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ियों ने भी प्री क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह बनायी। आठवीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी झेंग ने शुक्रवार को 90 मिनट से कम समय में 18 वर्षीय कनाडाई क्वालीफायर विक्टोरिया मोबो.को को 6-3, 6-4 से हराया।

झेंग ने मैच के बाद कहा कि मेरा जन्म चीन में बहुत गर्म जगह वुहान मेंर हुआ था। इसलिए मैंने गर्म मौसम को काफी अच्छी तरह से संभाला है। पिछले साल, जब मैंने ओलंपिक खेला, तो यह इससे भी अधिक गर्म था। इसलिए वास्तव में मुझे यह स्थिति पसंद है, लेकिन मैं उन सभी दर्शकों को धन्यवाद देना चाहती हूं, जिन्होंने आज मेरे साथ धूप में कष्ट झेला। झेंग ने अपनी युवा प्रतिद्वंद्वी की भी तारीफ करते हुये कहा कि मैं मोबोको को बधाई देना चाहती हूँ। मुझे लगता है कि उसने वाकई बहुत अच्छा खेला, और हमने एक-दूसरे को अपना सर्वश्रेष्ठ टेनिस खेलने के लिए प्रेरित किया। कभी-कभी हमारे पास वाकई अच्छे अंक होते थे। यह कोई आसान मैच नहीं था। बेलारूस की शीर्ष वरीयता प्राप्त आर्यना सबालेंका ने भी सर्बिया की ओल्गा डैनिलोविच पर 6-2, 6-3 से जीत हासिल करके लगातार तीसरे साल टूर्नामेंट के चौथे दौर में प्रवेश किया। पोलैंड की चार बार की विजेता इगा स्वियाटेक ने रोमानिया की जैकलीन क्रिस्टियन की चुनौती को सीधे सेटों में पार करते हुए टूर्नामेंट में अपनी जीत का सिल.सिला 24 मैचों तक बढ़ाया। उन्होने कहा कि मैं खुश हूं कि मैंने आखिरी गेम में शानदार प्रदर्शन किया और कोई भी मुफ्त अंक नहीं दिया। यह एक शानदार मैच था और मुझे लगता है कि यह काफी मनो.रंजक था। हम दोनों ने अच्छा खेला। मैं खुश हूं कि मैं आगे बढ़ गई हूं और अपने प्रदर्शन से खुश हूं। पिछले साल की फाइनलिस्ट इटली की जैस्मीन पाओलिनी ने यूक्रेन की लकी लूजर यूलिया स्टारोडुबत्सेवा को 6-4, 6-1 से हराकर क्ले पर अपनी नौवीं लगातार जीत दर्ज की। पाओलिनी ने कहा कि पहले कुछ गेम कठिन थे। मुझे परिस्थितियों के साथ थोड़ा सा तालमेल बिठाना पड़ा, लेकिन फिर मैं कोर्ट पर बेहतर महसूस करने लगी।


# जुमहुर की चुनौती को पार कर अल्काराज फ्रेंच ओपन के चौथे दौरे में

**तीसरे दौर के मुकाबले में अल्काराज ने 2:57 मिनट में जीत दर्ज की**

**पेरिस, वार्ता।** स्पेन के कार्लोस अल्काराज़ ने शनिवार को बोस्निया और हर्जेगोविना के दामिर जुमहुर पर चार सेटों में कड़ी टक्कर के बाद फ्रेंच ओपन के चौथे दौर में अपनी जगह पक्की कर ली।

तीसरे दौर के मुकाबले में अल्काराज ने दो घंटे और 57 मिनट में 6-1, 6-3, 4-6, 6-4 से जीत दर्ज की, जिसमें स्पेन के खिलाड़ी ने अनुभवी बोस्नियाई खिलाड़ी की मजबूत वापसी को रोकने के लिए शानदार प्रदर्शन किया।

तीसरी वरीयता प्राप्त अल्काराज़ ने लगातार दो सेटों में शानदार जीत दर्ज की और आक्रामक रिटर्निंग करते हुए जुमहुर की सर्विस पर दबाव बनाए रखते हुए तीन बार ब्रेक किया। हालांकि, शीर्ष 100 से बाहर की रैंकिंग वाले जुमहुर ने तीसरे सेट में वापसी की, अल्काराज की तीव्रता में कमी का फायदा उठाया और अपने 12 ब्रेक प्वाइंट अवसरों में से एक को भुनाया। चौथे सेट में दोनों खिलाड़ियों ने शुरुआत में ही ब्रेक का आदान-प्रदान किया, इससे पहले कि अल्काराज ने मैच पर अपनी पकड़ मजबूत कर ली, एक समय पर लगातार पांच गेम जीत लिए और कुल 139 अंकों के साथ समाप्त किया, जबकि जुमहुर के 118 अंक थे। चौथे दौर में उनका मुकाबला इटली के आठवीं वरीयता प्राप्त लोरेंजो मुसेट्टी से होगा।



# गिगांटे को हराकर बेन शेल्टन फ्रेंच ओपन के चौथे दौर में

**पेरिस, वार्ता।** 13वीं वरीयता प्राप्त अमेरिकी खिलाड़ी बेन शेल्टन ने शनिवार को कोर्ट सिमोन-मैथ्यू में इटली के माटेओ गिगांटे को सीधे सेटों में हराकर फ्रेंच ओपन के चौथे दौर में प्रवेश किया। शेल्टन ने बड़ी सर्विस और आक्रामक ग्राउंडस्ट्रोक का बेहतरीन मिश्रण दिखाते हुए गैरवरीय गिगांटे को दो घंटे से भी कम समय में 6-3, 6-3, 6-4 से हराकर पहली बार रोलांड गैरोस के दूसरे सप्ताह में प्रवेश किया। 21 वर्षीय अमेरिकी खिलाड़ी ने 10 ऐस लगाए और अपने पहले सर्व पॉइंट में से 79 प्रतिशत जीते, 11 मौकों में से पांच बार गिगांटे को तोड़ा। शेल्टन के बेहतरीन बेसलाइन प्ले ने उन्हें रिटर्न पर 44 पॉइंट जीतने में मदद की, जबकि इतालवी खिलाड़ी ने 25 पॉइंट जीते। गिगांटे ने तीसरे दौर तक जोशपूर्ण प्रदर्शन किया था, अपने प्रतिद्वंद्वी की ताकत और सटीकता से मुकाबला करने में संघर्ष करते रहे। सम्मानजनक 57 प्रतिशत प्रथम सर्व दर और नौ सर्विस गेम रखने के बावजूद, इटालियन लगातार दबाव में थे और चार ब्रेक पॉइंट में से केवल एक को ही बदल पाया।



# टेस्ट सीरीज से पहले नायर ने दिखाए तेवर

**लंदन, वार्ता।** भारतीय बल्लेबाज करुण नायर ने इंग्लैंड लायंस के खिलाफ पहले गैर आधिकारिक टेस्ट के पहले दिन भारत ए के लिए नाबाद 186 रन बनाकर अपने इरादे जाहिर कर दिये हैं। 33 वर्षीय करुण नायर ने 2016 में चेन्नई में इंग्लैंड के खिलाफ नाबाद 303 रन बनाए थे, लेकिन छह मैचों के बाद उन्हें तीन टेस्ट मैचों के लिए टीम से बाहर कर दिया गया था। नायर ने अपने आखिरी अंतर्राष्ट्रीय मैच के बाद से नॉर्थम्पटनशायर के लिए काउंटी क्रिकेट खेला है। उन्हे आगामी टेस्ट सीरीज के लिए भारतीय टीम में शामिल किया गया है। दाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने शुक्रवार को सरफराज खान के साथ 181 और ध्रुव जुरेल के साथ 177 रन की अटूट साझेदारी की। टेस्ट टीम में जगह बनाने से चूके सरफराज ने 92 रन बनाए जबकि टेस्ट टीम में शामिल जुरेल ने दिन का खेल समाप्त होने तक नाबाद 82 रन बनाए थे। टेस्ट सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल हैम्पशायर के तेज गेंदबाज एडी जैक की गेंद पर 24 रन बनाकर कैच आउट हो गए। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, लायंस के गेंदबाजों में बाएं हाथ के जोश हल सबसे आगे रहे। उन्होंने पिछले साल श्रीलंका के खिलाफ तीसरे टेस्ट में इंग्लैंड के लिए पदार्पण किया था। उन्होंने भारत ए के कप्तान अभिमन्यु ईश्वरन को आठ रन पर एलबीडब्लू आउट किया और सरफराज को लेग साइड में कैच कराया। चार दिवसीय मैच का शनिवार को आखिरी दिन है। इसके बाद 6 जून से नॉर्थम्प्टन में दूसरा अनौपचारिक टेस्ट खेला जाएगा। इंग्लैंड के ऑलराउंडर क्रिस वोक्स और भारत के नए टेस्ट कप्तान शुभमन गिल दूसरे मैच के लिए अपनी-अपनी टीमों में शामिल हैं।

# उज्बेकिस्तान के खिलाफ लड़कर हारी भारतीय टीम

**डायोरखोन ने 56वें मिनट मैच का एकमात्र गोल करके टीम को जिताया**

**बेंगलुरु, वार्ता।** भारतीय महिलर टीम को यहां पादुकोण-द्रविड़ सेंटर फॉर स्पोर्ट्स एक्सीलेंस में फीफा इंटरनेशनल फ्रेंडलीज के पहले मैच में उज्बेकिस्तान के हाथों 0-1 से हार का सामना करना पड़ा। शुक्रवार रात को पहला हाफ गोलरहित रहने के बाद, डायोरखोन खाबीबुल्लाएवा ने 56वें मिनट मे मैच का एकमात्र गोल करके उज्बेकिस्तान को जीत दिलाई। भारत के मुख्य कोच क्रिस्पिन छेत्री ने टीम में कुछ नए खिलाड़ियों को शामिल किया और मजबूत उज्बेकिस्तान की टीम के खिलाफ तीन खिलाड़ियों को पदार्पण कराया।

अटैकर मनीषा नाइक और मालविका ने शुरुआती एकादश से पदार्पण किया, जबकि मिडफील्डर प्रियदर्शिनी ने दूसरे हाफ में अपना पहला मैच खेला। मैच की बराबरी की शुरुआत में भारत ने कुछ कॉर्नर अर्जित किए, जबकि गोलकीपर पंथोई चानू ने शुरुआती दौर में उज्बेकिस्तान के हमलावरों को दूर रखने में अच्छा प्रदर्शन किया। खेल के आगे बढ़ने के साथ भारत ने अधिक संयम हासिल करना शुरू कर दिया जबकि उज्बेक ने हमले बनाने शुरू कर दिए। काउंटर पर सौम्या गुगुलोथ ने डांगमेई ग्रेस को पास दिया, जो उज्बेकिस्तान की बैक लाइन से आगे निकल गई थी, और उसे केवल गोलकीपर को चकमा देना था। हालांकि, मफ्तुना जोनिमकुलोवा अपनी लाइन से बाहर निकली और भारत की फॉरवर्ड के पैरों से गेंद छीन ली।

इस बीच भारत के कोच छेत्री ने मनीषा नाइक की जगह स्ट्राइकर प्यारी ज़ाक्सा को खेल में शामिल किया। यह कदम दूसरे हाफ के शुरुआती चरणों में कारगर साबित हुआ, क्योंकि भारत ने उज्बेकिस्तान के हाफ में लंबे समय तक गेंद को अपने कब्जे में रखना शुरू कर दिया। 56वें मिनट में, बाएं किनारे से माफुना शोइमोवा ने भारत के बॉक्स में एक सटीक क्रॉस भेजा, जिसे दियोराखोन ने नज़दीकी रेंज से टैप करके अपनी टीम को बढ़त दिला दी। दियोराखोन को एक घंटे के बाद बढ़त को दोगुना करने का मौका मिला जब उन्होंने एक और क्रॉस वॉली करने की कोशिश की, इस बार बाईं ओर से, लेकिन फॉरवर्ड गेंद को कनेक्ट नहीं कर सके, क्योंकि पंथोई ने इसे हवा से छीन लिया। भारत ने बराबरी के लिए प्रयास किया मगर असफल रही। दोनों टीमें तीन जून को पादुकोण-द्रविड़ सेंटर फॉर स्पोर्ट्स एक्सीलेंस में दूसरे फीफा इंटरनेशनल फ्रेंडली में भिड़ेंगी।

## युद्धवीर सिंह होंगे भारतीय टीम के मैनेजर

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश क्रिकेट संघ (यूपीसीए) के निदेशक रह चुके युद्धवीर सिंह भारतीय टीम के इंग्लैंड दौरे में मैनेजर की भूमिका निभायेंगे। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सूत्रों ने शनिवार को बताया कि सिंह को इंग्लैंड दौरे के लिये भारतीय टीम का मैनेजर नियुक्त किया गया है। भारतीय टीम इंग्लैंड में पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला खेलेगी जिसका पहला मैच 20 जून से लीड्स में शुरू होगा। इस दौरे में टीम की कमान शुभमन गिल को सौंपी गयी है जबकि ऋषभ पंत उपकप्तान बनाये गये हैं।

# ग्रामीणों से मिले सपाई, बताया धार्मिक स्वतंत्रता पर हमला

## चौ. अब्दुल वाहिद व मजाहिर मुखिया के नेतृत्व में भोजपुर तगा मामले में सपा डेलीगेशन ने ग्रामीणों से की बातचीत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** कस्बा चिलकाना के ग्राम भोजपुर तगा में निर्माणाधीन मस्जिद को शहीद किये जाने पर सपाईयों का एक डेलीगेशन गांव पहुंचा और इसे धार्मिक स्वतंत्रता पर हमला बताया।

सपा जिलाध्यक्ष चौधरी अब्दुल वाहिद, पूर्व जिलाध्यक्ष मजाहिर हसन मुखिया, चौधरी साजिद हसन, वरिष्ठ नेता साहिल खान, सपा अंबेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव चौधरी इजहार बबलू आदि मौके पर पहुंचे और प्रशासन पर आरोप लगाते हुए कहा कि बिना कोई नोटिस के इस तरीके मस्जिद को शहीद करना धार्मिक स्वतंत्रता पर हमला है और यह कार्रवाई करना संविधान विरोधी कार्य है।

जिलाध्यक्ष चौधरी अब्दुल वाहिद ने ग्रामीणों से शांति बनाए रखने की अपील करते हुए कहा कि कानूनी दायरे में रहकर लड़ाई लड़ी जाएगी। धार्मिक स्थलों को निशाना बनाना किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पूर्व जिलाध्यक्ष मजा. हिर हसन मुखिया ने कहा कि धार्मिक स्थलों पर इस तरह की कार्रवाई बर्दाश्त योग्य नहीं है। उन्होने प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि बिना किसी पूर्व नोटिस के धार्मिक स्थल को गिरा देना न केवल असंवैधानिक बल्कि यह धार्मिक स्वतंत्रता पर सीधा हमला है। मुखिया ने कहा कि समाजवादी पार्टी इस मुद्दे को विधानसभा से लेकर सडक तक उठायेगी।

वरिष्ठ नेता साहिल खान सपा ने कहा कानूनी दायरे में रहकर यह लड़ाई मजबूती के साथ लड़ने का काम किया जायेगा। लियाकत अली व जहीर प्रधान ने मामले की निष्पक्ष जांच कराये जाने की मांग की।



### एआईएमआईएम का गांव में दौरा

**चिलकाना।** भोजपुर तगा गांव में निर्माणाधीन धार्मिक स्थल को अवैध निर्माण बताते हुए प्रशासन द्वारा धवस्त किये जाने के तीसरे दिन एआईएमआईएम पार्टी के प्रति. निधिमंडल ने गांव का दौरा किया।

भोजपुर तगा गांव में बृहस्पतिवार को निर्माणाधीन धार्मिक स्थल मस्जिद को प्रशासन द्वारा अवैध निर्माण बताते हुए धवस्त किये जाने की घटना ने सियासी गलियारे में हलचल तेज कर दी हैं। शुक्रवार देर शाम के समय अरशद राणा के नेतृत्व में एआईएमआईएम पार्टी के प्रतिनिधिमण्डल ने गांव का दौरा कर मस्जिद के ध्वस्तीकरण को गलत बताया।

# भोजपुर तगा मामले में फरहाद गाड़ा ने उठाए सवाल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**सहारनपुर।** ''तू इधर-उधर की ना बात कर यह बता के काफिला क्यों लूटा, हमें रहजनों से गिला नहीं तेरी रहबरी का सवाल है'' ऐसा ही कुछ भोजपुर तगा के मामले में सवाल सपा के वरिष्ठ नेता फरहाद आलम गाडा ने उठाया है।

फरहाद आलम गाडा ने कहा कि वह रातभर भोजपुर तगा में ग्रामीणों के बीच रहे और उनकी पूरी बात को सुना। ग्रामीणों की बातों से साफ है कि इस पूरे प्रकरण को जानबूझकर मटमैला बना दिया गया। जब गांव के लोग पिछले एक साल से तमाम जनप्रतिनिधियों के दरवाजे खटखटाकर मस्जिद निर्माण के लिये परमिशन दिलवाने व नक्शा पास करवाने की बात कर रहे थे तो आज इतना बवेला करने वाले नेता उस वक्ता कहां सोये हुए थे। हकीकत में ये नेता मगरमच्छ के आंसू बहाकर केवल सहानुभूति बटोरना चाहते है। उन्होंने कहा कि अगर वाकई यह नेता सच्चाई के साथ सपोर्ट करना चाह रहे थे तो इन नेताओं को पहले ही इसका संज्ञान लेना चाहिये था। वरिष्ठ सपा फरहाद ने कहा कि ग्रामीणों से बात करने के बाद प्रतीत हुआ कि उनके पास नक्शा भी है जिसके ऊपर जिला पंचायत आर्किटेक्ट की मोहर है जो यह कहता है कि जिला पंचायत में अप्रूवल लेने के लिए फाइल लगाई गई और जिला पंचायत अध्यक्ष से मिला भी गया और जिला पंचायत के ट्रस्ट बेसिस पर काम चल रहा था क्योंकि फाइल अंडर प्रोसेस थी। उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि पिछले 4 से 5 सालों के कार्यकाल में कितने मंदिर मस्जिद गुरुद्वारा चर्च जिला पंचायत के नक्शे के द्वारा बनाए गए हैं और नहीं बनाए गए हैं तो क्या वह भी सारे के सारे जितनी इमारते बनाई गई है क्या वह भी विधान विरुद्ध है या नियम के विरुद्ध है। उन्होंने कहा कि हम किसी दूसरे धार्मिक स्थलों के खिलाफ नहीं है, लेकिन जिला पंचायत इसका जवाब दे। उन्होंने मांग करते हुए कहा कि संविधान में दिये गये अनुच्छेदों में दी गई धार्मिक स्वतंत्रता को संरक्षित करने के लिये जिला पंचायत बोर्ड की बैठक बुलाकर नये नियम तय किये जाये, ताकि धार्मिक स्थनों को बनाने के नक्शे क्रियान्वयन की कार्रवाई को अमली जामा पहनाया जाये।

# हकीकत नगर सीएम ग्रिड निर्माण को लेकर भड़के नगर आयुक्त



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नगरायुक्त शिपू गिरी ने हकीकत नगर में सी एम ग्रिड के तहत सड़क निर्माण का कार्य कर रही कांट्रैक्टर कंपनी को सीधे-सीधे दो टूक कहा है कि या तो वह सोमवार से सड़क निर्माण का कार्य शुरु दे अन्यथा कंपनी को ब्लैक लिस्ट करते हुए उसके खिलाफ एफआईआर करायी जायेगी।

नगरायुक्त शिपू गिरी ने शनिवार की दोपहर नगर निगम निर्माण विभाग के अधिकारियों को साथ लेकर सीएम ग्रिड के तहत कलक्ट्रेट तिराहे से हकीकत नगर होते हुए दीवानी तिराहे तक बन रही सड़क का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने रोड मैप पर जानकारी देते हुए बताया कि 416 मीटर सीवर लाइन तथा 200 मीटर स्टॉम वाटर ड्रेन का कार्य हो चुका है, अब जीएसबी डालकर समतलीकरण का कार्य किया जाना है। क्षेत्रीय पार्षद अमित त्यागी एवं हकीकत नगर के व्यापारियों-राजीव खेड़ा, रोहित घई, संदीप सेतिया, संजय सिंह, राजेश व ब्रजेश आदि ने नगरायुक्त को बताया कि काफी समय से सड़क पर कार्य बंद पड़ा है और मिट्टी खोदकर दुकानों के सामने ढेर लगा दिए गए है जिसके कारण व्यापार तो ठप हो ही गया है, सड़क से उड़कर धूल भी मुंह में जा रही है। व्यापारियों ने नगरायुक्त को बताया कि वर्षा हो जाने से भारी कीचड़ सड़क पर हो जाता है तथा सड़क पर बडे-बडे गड्ढे बन जाने से लोगों का चलना दूभर हो गया है। इस पर नगरायुक्त ने ठेकेदार कंपनी के वहां मौजूद सुपरवाइजर को दुकानों के सामने जमा मिट्टी दो दिन के भीतर उठवाने तथा धूल से बचाव के लिए टैंकर से छिड़काव कराने के निर्देश दिए। नगरायुक्त ने कांट्रैक्टर कंपनी के प्रोपराइटर को हकीकत नगर से ही फोन पर सीधे-सीधे चेतावनी देते हुए कहा कि वे सोमवार से मानक के अनुरुप सड़क निर्माण का कार्य शुरु कर दे, अन्यथा उनकी कंपनी को ब्लैक लिस्ट करते हुए उनके खिलाफ एफआईआर करायी जायेगी। उन्होंने पार्षद व क्षेत्रीय दुकानदारों को आश्वस्त किया कि सोमवार से कार्य शुरु करा दिया जायेगा। नगरायुक्त ने निर्माण विभाग के अधिकारियों को भी निर्देश दिए कि यदि कांट्रैक्टर कंपनी सोमवार को कार्य शुरु नहीं करती है तो निगम द्वारा गड्ढ़े भरने तथा सड़क समतलीकरण आदि का कार्य शुरु करा दें और कंपनी के बिल से उस पर आने वाले व्यय को काट लें। निरीक्षण के दौरान मुख्य अभियंता निर्माण बी के सिंह, अधिशासी अभियंता आलोक श्रीवास्तव, सहायक अभियंता विपुल शर्मा के अलावा अवर अभियंता आदि शामिल रहे।

# मेयर डा. अजय ने किया सड़क व नाला निर्माण का शुभारंभ



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** महापौर डॉ. अजय कुमार ने आज नगर विधायक राजीव गुंबर के साथ वार्ड-15 मक्खन कॉलोनी में सड़क एवं नाली निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। इस कार्य पर करीब 22 लाख रुपये की लागत आयेगी।

महापौर डॉ. अजय कुमार ने वार्ड-15 मक्खन कॉलोनी में पूजा अर्चना एवं सड़क पर गेंती चलाकर सड़क एवं नाली निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि नगर निगम निर्माण कार्यो के माध्यम से शहर के विकास के प्रति दृढ़ संकल्पित है। लगातार शहर के विकास के लिए सड़क एंव नाली निर्माण कार्यो का शुभारंभ किया जा रहा हैं। उन्होंने कहा कि 22 लाख की लागत से निर्मित होने वाली सड़क व नाली निर्माण के इस कार्य से जहां लोगों की मुश्किलें आसान होंगी वहीं क्षेत्र के लोगों का जीवन स्तर भी और अधिक उन्नत होगा। अवसर पर महानगर अध्यक्ष शीतल बिश्नोई एवं पार्षद राजू सिंह मौजूद रहे।

# अहिल्याबाई होल्कर सुशासन की प्रतीक: वाईपी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** यूपीसीडको चेयरमैन वाई पी सिंह ने कहा कि किसानों को मुआवजा देने का काम इतिहास में सबसे पहले रानी अहिल्याबाई होल्कर ने किया।

भाजपा द्वारा मनाए जा रहे रानी अहिल्याबाई होल्कर त्रिशताब्दि स्मृति अभियान के अंतर्गत आज भाजपा कार्यालय पर आयोजित पुष्प अर्चन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा महानगर प्रभारी वाई पी सिंह ने कहा कि पुण्यश्लोक रानी अहिल्याबाई होल्कर सुशासन की प्रतीक हैं, उन्होंने युद्धकाल में सेना के आवागमन में फसलों को हुई क्षति के लिए किसानों को मुआवजा देने का काम किया। उन्होंने अपने राज में धर्म की स्थापना की, सोमनाथ मंदिर सहित बारह ज्योतिर्लिंगों का पुनर्निर्माण किया। समाज सुधार की दिशा में अनेक काम किये। उन्होंने दहेज के विरोध में कानून बनाने का काम किया, नशे के विरुद्ध कानून बना कर समाज को नशामुक्त करने की दिशा में काम किया। उन्होंने धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यो को बढ़ावा दिया, अपने राज्य में विकास एवं स्वच्छता को बढ़ावा दिया।



उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने रानी अहिल्याबाई होल्कर के पदचिन्हों पर चलते हुए काशी विश्वनाथ कॉरिडोर का निर्माण कराया, चार धाम सर्किट का निर्माण कराया जा रहा है, स्वच्छता अभियान, हर गांव हर शहर को सड़क नेटवर्क से जोड़ने का काम किया है।

उन्होंने कहा कि रानी अहिल्याबाई होल्कर ने महिला सशक्तिकरण के लिए अनेक कार्य किये। विधवा विवाह को मान्यता दी, महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए प्रेरित किया और उनसे प्रेरणा लेते हुए मोदी सरकार ने लोकसभा में महिलाओं को आरक्षण देने का काम किया है।

इससे पहले रानी अहिल्याबाई होल्कर से संबंधित ऑनलाइन सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में विजयी छात्र छात्राओं को लोनोवि मंत्री कुंवर बृजेश सिंह ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से भाजपा महानगर अध्यक्ष शीतल, जिलाध्यक्ष डॉ महेंद्र सैनी, विधायक राजीव गुम्बर, देवेंद्र निम, महापौर डॉ अजय कुमार सिंह, सहकारिता चेयरमैन राजपाल सिंह, पूर्व मंत्री धर्म सिंह सैनी, पूर्व महापौर संजीव वालिया, पूर्व विधायक नरेश सैनी, महिपाल माजरा, गौरव गर्ग सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

संचालन महामंत्री विपिन कुमार ने किया।

# दो बाइकों की भिड़ंत में सड़क पर लगा युवक का सिर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** दो बाइकों के बीच हुई आमने सामने की जबरदस्त टक्कर में एक युवक का सिर सडक पर लगने से गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने घायल को मेडिकल के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया है।

मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार को रात्रि के समय ग्राम दुमझेडा निवासी सुमित पुत्र भूरा अपने एक दोस्त के साथ दुमझेडा से चिलकाना की ओर जा रहा था, जैसे ही वह धोलाहेडी चौराहे से पहले नर्सरी के निकट पहुंचा तभी उसकी बाइक की टक्कर सामने की ओर से आ रही एक अन्य बाइक से हो गयी। हादसे में सुमित पुत्र भूरा सडक के बीचो बीच गिर गया व सडक पर सिर लगने के कारण गंभीर रूप से घायल होकर बेहोश हो गया।

जबकि सुमित का दोस्त सडक किनारे कच्ची मिट्टी पर गिरा जिससे वह चोटिल होने से बच गया। वहीं दुसरे बाइक सवार भी कच्ची मिट्टी पर गिर गये जिससे उन्हे भी मामूली सी चोटें आयी और वह सुमित की गंभीर स्थिति को देखते हुए मौके से फरार हो गये। घटना स्थल से कुछ ही दूरी पर धोलाहेडी चौराहे पर रात्रि ड्यूटी कर रहे पुलिसकर्मी कांस्टेबल मनोज कुमार ने तुरन्त मौके पर पहुंचकर राहगीरों की मदद से घायल के परिजनों, एम्बूलैंस व चिलकाना थाना को सूचना दी।

सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे चिलकाना थाना प्रभारी निरिक्षक चन्द्रसेन सैनी ने जानकारी देते हुए बताया कि घायल के परिजन भी मौके पर पहुंच गये थे, जिनकी मदद से घायल को उपचार हेतू अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

परिजनों की ओर से अभी तक कोई तहरीर नही दी गयी है। तहरीर मिलने के बाद ही आगे की कार्यवाही की जायेगी।

# अश्लीलता की हदें पार करने वालों पर कार्रवाई की मांग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** पीडिता ने एसएसपी को प्रार्थना पत्र देकर आरो. पियों पर कार्रवाई की मांग की।

थाना देहात कोतवाली के गांव ताहरपुर निवासी डौली पुत्री स्व.कंव. रपाल सिंह ने एसएसपी को दिये प्रार्थना पत्र में बताया कि उसकी गली में एक बदमाश किस्म का युवक है। जिसने उसके घर के आगे लघु शंका की और मना करने पर उसके साथ अश्लीलता भरे इशारे किये। इतना ही नहीं उसके द्वारा अपने परिजनों के साथ मिलकर गाली गलौच की गई। आरोपी यहीं नही रूके उन्होंने अश्ल. ीलता की हदे पार करते हुए उसके बचाने आई बहन के भी कपडे फाड दिये। पीडिता ने अश्लीलता की हदे पार करने वाले आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की।

# एनएचएआई का ग्रीन कोरीडोर बना शोपीस: मुजतबा एडवोकेट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**सहारनपुर।** कांग्रेस ओबीसी विभाग के राष्ट्रीय महासचिव एवं उत्तराखण्ड सरकार वक्फ के पूर्व निद. ेशक मुजतबा एडवोकेट ने प्रतिदिन लगने वाले जाम के लिये एनएचएआई को जिम्मेंदार ठहराया और कहा कि ग्रीन कोरीडोर केवल शोपीस बना है।

मुजतबा ने कहा कि एनएचएआई के अधिकारी परिचितो और वीआईपी लोगो के लिये आये दिन उसको खोल रहे है लेकिन जरूरतमंद, छात्र, मरीजो के लिये वह बंद है। आजकल टूरिस्ट और यात्रा का समय है लेकिन एनएचएआई के अधिकारी आँखें बंद किये हुये है। राष्ट्रीय महासचिव ने कहा कि केंद्रीय मंत्री नितिन गड़करी और उत्तराखंड के मुख्य सचिव से मिलकर तत्काल गणेशपुर से आशारोडी तक हल्के वाहनो कार, बस बाइक और मरीजो के उपयोग के वाहन एंबुलेंस के प्रयोग के लिये तत्काल इसे खोलने की मांग करेंगे जो जनहित में जरूरी है।

दैनिक यात्री कारोबारी अश्वनी सुखेजा, बिल्डर मनोज चौधरी, पूर्व छात्र नेता सुबोध कुमार, फजल मिर्जा, हर्ष चौधरी, सुखदेव, परवेज, सोनू आदि ने तत्काल नये रोड को जनहित में खोलने की अपील की।

# पाल समाज ने उत्साह के साथ निकाली भव्य शोभायात्रा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** पाल समाज के लोगों ने आज अहिल्याबाई होल्कर की जयंती पर भव्य शोभा यात्रा निकाली। इस अवसर पर समारोह का आयोजन भी किया गया।

कार्यक्रम में महापौर डा. अजय सिंह ने अहिल्याबाई चौक बनाए जाने की घोषणा की। पार्षद सोपीन पाल के नेतृत्व में शोभायात्रा का शुभारंभ प्रात: 10 बजे गोपाल मंदिर, खलासी लाइन से हुआ और यह घंटाघर से होते हुए दोपहर 1 बजे जनमंच सभागार पहुंचकर सम्पन्न हुई। शोभायात्रा में घोड़े, रथ, बैंड, ढोल, ट्रैक्टर और सांस्कृतिक झांकियों की अद्भुत छटा देखने को मिली। समारोह के मुख्य अतिथि प्रीति पाल (अर्जुन पुरस्कार विजेता, राष्ट्रीय एथलीट रही। महापौर डॉ. अजय सिंह ने मंच से घोषणा की कि जल्द ही नगर में लोकमाता अहिल्याबाई होलकर जी के नाम पर एक प्रमुख चौक का निर्माण होगा। युवा समाजसेवी शुभम पाल ओरैया वाले ने समाज को एकजुट होकर आगे बढ़ने का आह्वान किया। प्रदेशाध्यक्ष अमन पाल ने स्पष्ट कहा कि हर राजनीतिक दल को जिला पंचायत में 5 टिकट समाज को देने चाहिए। यदि ऐसा नहीं हुआ, तो आगामी चुनावों में समाज एकजुट होकर इसका जवाब देगा। प्रदेश सचिव शक्ति सिंह व संरक्षक बलजीत चौधरी ने अहिल्याबाई जी के चरित्र और कार्यों का विस्तृत वर्णन किया। संरक्षक पप्पू पाल ने कहा कि जब अन्य समाजों की शोभायात्रा होती है, उन्हें सम्मान मिलता है, तो हमें क्यों नहीं? पूर्व अध्यक्ष ओपिन पाल ने युवाओं को नशे से दूर रहने व उच्च शिक्षा हासिल करने का आह्वान किया। नेशनल एथलीट हिमानी चंदेल ने प्रीति पाल का स्वागत किया। सभा का संच. ालन कवि महेश पाल ने अपनी ओजस्वी शैली में किया। कार्यक्रम में मीरापुर विधायक मिथलेश पाल, सोपिन पाल, पार्षद संरक्षक पप्पू पाल लखनौर, हरिओम पाल, अनुज (शाहज. हांपुर), महिला अध्यक्ष पूनम पाल, मनीषा पाल, नवीन पाल कदरगढ़, उपाध्यक्ष राजकरण नागल, डॉ. सागर पाल, मामचंद ठेकेदार, मेघसिंह पाल, सेठपाल, गुलशन, विक्की, अंकित पाल लंढौरा, दुष्यंत पाल जाजवा, संजीव पाल कदरगढ़ गौतम, सुनील, समाजसेवी,संजू पाल, मनीष सहित सैकड़ों गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।



# होल्कर जयंती पर सपा व कांग्रेस कार्यकर्ताओं का नमन





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सपा व कांग्रेस कार्यालय पर देवी रानी अहिल्याबाई होल्कर की जयंती मनाते हुए नमन किया गया।

जिलाध्यक्ष चौधरी अब्दुल वाहिद ने कहा कि भारतीय इतिहास की प्रसिद्ध शासिका राजमाता अहिल्याबाई होलकर ने मालवा राज्य पर लगातार 30 साल तक शासन किया। वह एक द्रष्ट्या प्रशासक, न्यायप्रिय, धर्मपरायण समाज सुधारक विचारधारा के रूप में काम करती थी। इस मौके पर चौधरी इजहार बबलू, चौधरी सलीम अख्तर, चौधरी अब्दुल गफूर, हसीन कुरैशी, हुकम सिंह, जिंदा हसन, काशिफ अल्वी, एडवोकेट जमाल साबरी, मोहम्मद शहजमा एडवोकेट, महेंद्र राकेश, रतन सिंह यादव, संदीप सैनी, महजबी खान, जिंदी, नावेद गाड़ा, कमरपाल अहमदपुर, कयूम कससार आदि मौजूद रहे।

कांग्रेस महानगर कार्यालय पर देवी रानी अहिल्याबाई होल्कर की जयंती को मनाते हुए कांग्रेसियों ने अपने श्रद्धासुमन अर्पित किये। इस दौरान पूर्व विधायक सुरेंद्र कपिल, जिला अध्यक्ष संदीप सिंह राणा, महानगर अध्यक्ष मनीष त्यागी ने उन्हें मातृशक्ति का सच्चा रूप बताया। पूर्व प्रदेश सचिव अशोक सैनी, पूर्व महानगर अध्यक्ष वरुण शर्मा, सेवादल जिलाध्यक्ष इमरान कुरेशी, युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष गौरव वर्मा, सेवादल महानगर अध्यक्ष अनुज शर्मा, सोशल मीडिया प्रभारी श्याम बिहारी शर्मा, हरिओम मिश्रा, शहनाज बेगम ने अपने विचार रखे। इस दौरान इकराम खान, आरिफ मंसूरी, प्रभजीत सिंह, नसीब खान, इम्तियाज अहमद, निशाद खान, मयंक शर्मा, भूपेंद्र शर्मा मौजूद रहे।

### तीन वारंटी पकड़े

**नकुड़।** बीती रात अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के दौरान पुलिस को शुक्रवार की रात में एक सफलता हाथ लगी।

मिली जानकारी के अनुसार मुखबिर की सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने तीन वारंटी अभियुक्तों को उनके ठिकानों से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान दीपू उर्फ दीपक पुत्र प्रमोद निवासी भेरमऊ, साजिद पुत्र मुकीम निवासी अम्बेहटी, तथा धर्मपाल पुत्र हेम सिंह निवासी टाबर के रूप में हुई है। ये तीनों अभियुक्त न्यायालय द्वारा लंबे समय से वांछित चल रहे थे और बार बार समन व वारंट के बावजूद गैर हाजिर थे। पुलिस टीम ने आरोपियों को हिरासत में लेकर विधिक कार्रवाई पूर्ण करने के उपरांत न्यायालय में प्रस्तुत किया। इस कार्रवाई में प्रभारी निरीक्षक अविनाश गौतम के नेतृत्व में उपनि. रीक्षक आजाद सिंह, रणवीर शर्मा व शौकीन खान कीभूमिका रही।

# ईद उल अजहा पर बनाये रखें शांति: सचिन



**शाह टाइम्स संवाददात**

**छुटमलपुर।** क्षेत्र के ग्राम दतौली मुगल में आगामी ईद पर्व को शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से मनाने के लिए थानाध्यक्ष फतेहपुर सचिन पुनिया ने एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया। इस बैठक में क्षेत्र के प्रमुख लोगों और समुदाय के प्रति. निधियों ने हिस्सा लिया। थानाध्यक्ष ने ईद के दौरान शांति और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए।

सचिन पुनिया ने बैठक में उपस्थित लोगों से अपील की कि वे ईद के उत्सव को भाईचारे और आपसी सौहार्द के साथ मनाएं। उन्होंने जोर देकर कहा कि किसी भी तरह की अफवाह या गड़बड़ी से बचने के लिए पुलिस प्रशासन के साथ सहयोग करें। इसके अलावा, उन्होंने भीड़ प्रबंधन, यातायात व्यवस्था और सार्वजनिक स्थानों पर सुरक्षा के लिए विशेष इंतजामों पर चर्चा की। थानाध्यक्ष ने यह भी सुनिश्चित किया कि त्योहार के दौरान किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए पुलिस बल तैनात रहेगा।

बैठक में स्थानीय निवासियों ने भी अपने सुझाव साझा किए और पुलिस प्रशासन के साथ मिलकर त्योहार को सफल बनाने का आश्वा. सन दिया। थानाध्यक्ष ने लोगों से सामाजिक दूरी, स्वच्छता और अन्य स्वास्थ्य दिशानिर्देशों का पालन करने की भी अपील की, ताकि त्योहार के दौरान किसी भी स्वास्थ्य जोखिम से बचा जा सके। इस बैठक ने ग्राम दतौली मुगल में ईद के शांतिपूर्ण और उत्साहपूर्ण आयोजन की दिशा में एक सकारात्मक कदम उठाया है।



कोलकाता। 'विश्व तंबाकू निषेध दिवस' पर आयोजित रैली के दौरान मास्क पहने छात्र।

# अमेरिका-भारत के बीच सैन्य साझीदारी पर चर्चा

## विदेश सचिव मिस्री ने वाणिज्य और प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के बारे में भी की बातचीत

■ उप विदेश मंत्री क्रिस्टोफर लैंडौ के साथ दोपहर के भोजन की बैठक में दोनों पक्षों ने द्विपक्षीय एजेंडे के सभी आयामों की समीक्षा की

**वाशिंगटन।** विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने अमेरिका के विदेश, रक्षा, राजकोषीय और वाणिज्य विभागों और राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के शीर्ष अधिकारियों के साथ मिल कर सैन्य साझीदारी के अवसरों का विश्लेषण किया तथा वाणिज्य और प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के बारे में चर्चा की।

विदेश सचिव मिस्री ने अमेरिकी प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय कार्यक्रमों की एक श्रृंखला के लिए 27-29, मई तक वाशिंगटन की यात्रा की। यह यात्रा 13 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अमेरिका की यात्रा के बाद हुई थी जिसके दौरान दोनों पक्षों ने 21वीं सदी के लिए भारत-अमेरिका समझौता (सैन्य साझीदारी के अवसरों का विश्लेषण, त्वरित वाणिज्य और प्रौद्योगिकी) का शुभारंभ किया था। उप राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार पवन कपूर भी भारतीय प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा थे। विदेश मंत्रालय के अनुसार अपनी यात्रा के दौरान विद. ेश सचिव मिस्री ने विदेश विभाग, राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद, रक्षा विभाग, राजकोषीय विभाग और वाणिज्य विभाग के समकक्षों के साथ व्यापक चर्चा की। उप विदेश मंत्री क्रिस्टोफर लैंडौ के साथ दोपहर के भोजन की बैठक में दोनों पक्षों ने द्विपक्षीय एजेंडे के सभी आयामों की समीक्षा की। उन्होंने इस बात को रेखांकित किया कि प्रौद्योगिकी व्यापार और प्रतिभा 21वीं सदी में भारत-अमे. रिका साझीदारी को आकार देने वाले प्रमुख स्तंभ होंगे। रक्षा उप मंत्री स्टीव फीनबर्ग और नीति सचिव एल्ब्रिज कोल्बी के साथ बैठकों में, दोनों पक्षों ने एक मजबूत और दूरदर्शी रक्षा साझीदारी के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की। चर्चा सह-उत्पादन और सह-विकास पहलों, निरंतर संयुक्त सैन्य अभ्यासों, रसद और सूचना-साझाकरण ढांचे और सशस्त्र बलों के बीच अंतर-संच. ालन क्षमता को बढ़ाने पर केंद्रित थी। राज. कोष विभाग के उप मंत्री माइकल फॉकेंडर के साथ, विदेश सचिव ने अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय संस्थानों में सहयोग और आगामी वित्तीय कार्रवाई कार्य बल (एफएटीएफ) प्रक्रियाओं में समन्वय सहित आर्थिक और वित्तीय संबंधों को गहरा करने के तरीकों पर चर्चा की। वाणिज्य उप मंत्री जेफरी केसलर के साथ अपनी बैठक में दोनों पक्षों ने भारत-अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर प्रगति, महत्वपूर्ण और उभरती प्रौद्योगिकियों में सहयोग और आईटीएआर और निर्यात नियंत्रण नियमों को सुव्यवस्थित करने की आवश्यकता की समीक्षा की। वे जल्द से जल्द भारत-अमेरिका रणनी. तिक व्यापार वार्ता की अगली बैठक बुलाने पर सहमत हुए। कॉम्पैक्ट में उल्लिखित दृष्टिकोण के अनुरूप, रक्षा सहयोग, ऊर्जा सुरक्षा, ट्रस्ट पहल, आतंकवाद-रोधी, हिंद महासागर रणनी. तिक उद्यम और क्वाड, आई2यू2 और आईएमईईसी जैसे प्लेटफार्मों के माध्यम से सहयोग सहित कई रणनीतिक क्षेत्रों पर विस्तृत अंतर-एजेंसी चर्चाएं आयोजित की गईं।



## श्रीलंका में खराब मौसम के कारण 6000 लोग प्रभावित

**कोलंबो।** श्रीलंका में खराब मौसम के कारण लगभग 6,000 लोग प्रभावित हुए हैं। आपदा प्रबंधन केंद्र (डीएमसी) की नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार प्रतिकूल परिस्थितियों ने 1579 परिवारों के 5974 व्यक्तियों को प्रभावित किया है, जबकि 1545 घरों को आंशिक नुकसान पहुंचा है। इस बीच, श्रीलंका के सरकारी सीलोन इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड (सीईबी) ने मानसून में भारी बारिश और तेज हवाओं के कारण शुक्रवार रात आठ बजे तक 50000 से अधिक बार बिजली कटौती की सूचना दी है। मौसम विभाग ने शनिवार को चेतावनी दी कि अगले 24 घंटों तक भारी बारिश और 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने के आसार हैं। लोगों को गरज के साथ स्थानीय तेज हवाओं और बिजली गिरने से बचने के लिए सावधानी बरतने की सलाह दी गई है। श्रीलंका की भौगोलीय स्थिति को देखते हुए इस तरह के खराब मौसम में ऐसी घटनाओं की आशंका अधिक रहती है। गौरतलब है कि श्रीलंका में दक्षिण-पश्चिम मानसून (मई से सितम्बर) और पूर्वोत्तर मानसून (दिसम्बर से मार्च) दो मुख्य मानसून मौसम होते हैं। इन अवधियों में अक्सर भारी वर्षा, तेज़ हवायें चलती हैं और व्यापक बाढ़ और भूस्खलन होती रहती हैं, जिसके कारण बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचता है।

## इजरायल ने अमेरिकी प्रस्ताव स्वीकारने का दबाव बनाया

# हमास को विनाश की दी चेतावनी



■ 10 इजरायली बंधकों रिहा करने और 18 शवों को सौंपने का मुद्दा उठाया

■ गाजा युद्ध विराम प्रस्ताव पर फलस्तीनी गुटों से परामर्श कर रहा है हमास

**यरूशलम/गाजा।** इजरायल ने हमास को चेतावनी दी है कि वह पश्चिम एशिया के लिएए अमेरिका के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ की ओर से प्रस्तावित गाजा युद्ध विराम समझौते को स्वीकार करे या विनाश का सामना करने के लिए तैयार रहे। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार विटकॉफ के प्रस्ताव में गाजा में 60 दिनों के युद्ध विराम के बदले में दो चरणों में 10 इजरायली बंधकों रिहा करने और 18 शवों को सौंपने की बात कही गई है।

समझौते में 180 फलस्तीनियों के शवों के सौंपने के साथ 1236 फलस्तीनी बंदियों और कैदियों की इजरायल द्वारा रिहाई भी शामिल है। इजरायल के रक्षा मंत्रालय की ओर से जारी बयान के अनुसार रक्षा मंत्री इजरायल कैट्ज ने शुक्रवार को कहा कि इजरायली सेना ने गाजा में अपने अभियान को पूरी ताकत के साथ जारी रखा है और बड़े पैमाने पर हवाई, जमीनी तथा समुद्री हमले किए। इज़रायली सेना ने कल जारी एक बयान में कहा कि वायु सेना ने ज़मीनी बलों के साथ मिलकर गाजा पट्टी में कई ठिकानों पर हमले किए।

इस दौरान आतंकवादियों का सफाया हुआ और हथियारों को नष्ट किया गया। साथ ही, आतंकवादियों के भूमिगत ढांचे भी नष्ट हुए। इस दौरान, इज़रायली सैनिकों पर दो रॉकेट-प्रोपेल्ड ग्रेनेड दागे गए, जिसमें तीन सैनिक मामूली रूप से घायल हो गए। इज़रायली सेना के अनुसार, अक्टूबर 2023 के हमास हमले के दौरान पकड़े गए 251 बंधकों में से 57 गाजा में ही रह गए हैं, जिनमें से 34 के मारे जाने की आशंका है। दूसरी ओर इजरायली सेना ने कहा है कि पिछले सप्ताह में कब्जे वाले वेस्ट बैंक में 80 लोगों को गिरफ्तार किया गया है, क्योंकि गाजा में हमास के साथ इजरायल के चल रहे युद्ध के बीच क्षेत्र में तनाव बढ़ता जा रहा है। इजरायल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने शुक्रवार को कहा कि अभियान में सात हथियार और 70 लाख से अधिक शेकेल (लगभग 20 लाख अमेरिकी डॉलर) जब्त किए गए हैं। इजरायल के रक्षा मंत्रालय के अनुसार रक्षा मंत्री इजरायल कैट्ज ने उत्तरी वेस्ट बैंक में इजरायली बस्ती सा-नूर के स्थल का दौरा किया। गौरतलब है कि सा-नूर इजरायल के सुरक्षा मंत्रिमंडल द्वारा अनुमोदित 22 बस्तियों में से एक है, जिसे इजरायल दशकों में वेस्ट बैंक में यहूदी बस्तियों का सबसे बड़ा विस्तार बताता है। कैट्ज और वित्त मंत्री बेजेल स्मोट्रिच ने कहा है कि कई साइटें पहले से ही अनधिकृत चौकियों के रूप में मौजूद हैं और अब उन्हें इजरायली कानून के तहत कानूनी दर्जा दिया जाएगा। वहीं हमास ने कहा है कि वह पश्चिम एशिया के लिए अमेरिका के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ की ओर से पेश किए गए गाजा युद्ध विराम प्रस्ताव के बारे में फलस्तीनी बलों और गुटों के साथ परामर्श कर रहा है। नाम न बताने की शर्त पर हमास के एक सूत्र ने शुक्रवार को कहा कि परामर्श का उद्देश्य प्रस्ताव के विवरण की जांच करना और अंतिम स्थिति निर्धारित करने से पहले फलस्तीनी हितों के साथ इसकी अनुकूलता सुनिश्चित करना है। इजरायल के सरकारी स्वामित्व वाले कान टीवी समाचार ने बताया कि प्रधानमंत्री बेंजा. मिन नेतन्याहू ने गुरुवार को कहा कि उनकी सरकार गाजा युद्ध विराम और बंधकों की रिहाई के लिए विटकॉफ के प्रस्ताव को स्वीकार करती है। एक वरिष्ठ इजरायली अधिकारी के हवाले से बताया कि प्रस्ताव में दो चरणों में 10 जिदा बंधकों और 18 शवों को सौंपे जाने के बदले में गाजा में 60 दिनों का युद्ध विराम शामिल है। इजरायल 180 फलस्तीनियों के शवों के साथ 1236 फलस्तीनी बंदियों और कैदियों को रिहा करेगा। हमास के राजनीतिक ब्यूरो के सदस्य बासम नैम ने एक बयान में कहा कि आंदोलन को अमेरिकी प्रस्ताव पर इजरायल की प्रतिक्रिया मिल गई है। इजरायल की स्थिति फलस्तीन की मुख्य मांगों को संबोधित करने में विफल रही है, जिसमें शत्रुता की पूर्ण समाप्ति और गाजा पर लंबे समय से चली आ रही नाकाबंदी को हटाना शामिल है।

### दक्षिणी गाजा में इजरायली हवाई हमले में 14 फलस्तीनी मारे गए

**गाजा।** दक्षिणी गाजा पट्टी के खान यूनिस में विस्थापित लोगों के लिएए लगाए गए एक तंबू पर इजरायली हवाई हमले में कम से कम 14 फलस्तीनी मारे गए। फलस्तीनी सुरक्षा और चिकित्सा सूत्रों ने चीन की न्यूज एजेंसी शिन्हुआ को बताया कि शुक्रवार को हुए हमले में मारे गए लोगों में महिलाएं और बच्चे शामिल हैं। हमले में कई अन्य लोग घायल हुए हैं, जिन्हें उपचार के लिएए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं, इजरायली सेना ने कहा है कि उसके बलों ने पिछले 24 घंटों में पट्टी भर में अभियान जारी रखा है और इस दौरान 'आतंकवादियों, सैन्य भवनों, निगरानी और स्नाइपर ठिकानों को निशाना बनाया गया है। ये वो ठिकाने हैं जो इजरायली बलों के लिएए खतरा पैदा कर रहे थे। एक अलग बयान में सेना ने कहा कि खान यूनिस क्षेत्र में काम कर रहे उसके बलों ने हमास के भूमिगत बुनियादी ढांचे की उपस्थिति के बारे में खुफिया जानकारी पर कार्रवाई करते हुए लगभग एक किलोमीटर लंबी एक भूमिगत सुरंग का पता लगाया और उसे नष्ट कर दिया। बयान में कहा गया कि सुरंग के मार्ग का उपयोग आतंकवादी हमलों को अंजाम देने के लिएए किया गया था। आतंकवादियों ने क्षेत्र में नागरिक बुनियादी ढांचे का खुलेआम फायदा उठाया था। गाजा में स्वास्थ्य अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि इजरायल की ओर से 18 मार्च को दोबारा तीव्र सैन्य अभियान शुरू किए जाने के बाद कम से कम 4058 फलस्तीनी मारे गए हैं और 11729 घायल हुए हैं।

## म्यांमार में नशीली दवाओं के बड़े पैमाने पर कारोबार का भंडाफोड़



■ 20 लाख उत्तेजक गोलियां, 134 किलोग्राम हेरोइन जब्त

**नेपीडॉ।** म्यांमार में अधिका. रियों ने हाल के दिनों में देश के सबसे बड़े मादक पदार्थों के भंडाफोड़ में लगभग 20 लाख उत्त. ेजक गोलियां और 134 किलोग्राम से अधिक हेरोइन जब्त की है, जिनकी कीमत लगभग 30 लाख अमेरिकी डॉलर है। म्यांमार पुलिएस ने एक बयान में यह जानकारी दी। 'ग्लोबल लाइट ऑफ म्यांमार' की एक रिपोर्ट के अनुसार खुफिया सूचना पर कार्रवाई करते हुए, 20 मई की देर रात लेवे टाउनशिप में यह अभियान चलाया गया।

मादक पदार्थ प्रवर्तन इकाई एक संयुक्त टीम के नेतृत्व में अधिका. रियों ने 20 मई की देर रात औंगनांगचो से प्यिनमाना जा रहे एक फूसो 12-पहिया ट्रक को रोका। ट्रक को ज़नि म्यो हेट आंग (उर्फ काला ले) चला रहा था और उसके साथ मिन खांट क्याव और म्यात सो ओ (उर्फ सुपर) भी थे। ट्रक में करीब दो लाख मेथामफेटामाइन की गोलियां और 134.2 किलोग्राम हेरो. इन पाई गईं। इसके साथ ही दो शेव. रले कारों को भी रोका गया, जो एस्कॉर्ट वाहन माने जा रहे थे। इनके चालक थुरिन को को, क्याव म्यो हलिएंग (उर्फ क्याव गी) और ने ओओ शीन को हिरासत में लिएया गया। जांच के बाद अगली सुबह और गिरफ्तारियां हुईं। पाइनमाना टाउनशिप के एक होटल में, पुलिएस ने पॉ लू (उर्फ पॉ लू चान), सो ल्विन और थीन सैन हटन (उर्फ काला ले) को पकड़ा, जिनके बारे में माना जाता है कि वे शान राज्य से मांडले तक ड्रग्स ले जाने वाले तस्करी नेटवर्क के सरगना हैं। गिरफ्तार किए गए लोगों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही शुरू हो गई है, पुलिएस ने कहा कि बड़े पैमाने पर तस्करी के इस अभियान में शामिल अन्य व्यक्तियों की पहचान करने और उन्हें हिरासत में लेने के प्रयास जारी हैं। यह नवीनतम जब्ती कुछ दिन पहले ही शान राज्य में हुई ऐसी ही एक छापेमारी के बाद हुई है, जहां अधिकारियों ने लगभग 93,000 अमेरिकी डॉलर से अधिक मूल्य की पांच लाख उत्तेजक गोलियां जब्त की थीं।

## स्टील-एल्युमीनियम पर अमेरिका में ऊंचे शुल्क से भारतीय निर्यातक चिंतित

■ ये उत्पाद भारत के बढ़ते इंजीनियरिंग निर्यात का हिस्सा है

**नई दिल्ली।** फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट ऑर्गनाइजेशन (फियो) ने अमेरिकी में स्टील और एल्युमीनियम पर आयात शुल्क को 25 प्रतिशत से बढ़ाकर 50 प्रतिशत करने की हाल की घोषणा पर चिंता व्यक्त की है और सरकार से भारतीय स्टील निर्यात की सुरक्षा के लिएए अमेरिका के साथ कूटनीतिक प्रयास करने का आग्रह किया है।

निर्यातकों का कहना है कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की ऐसी कार्रवाई से भारत के स्टील और एल्युमीनियम निर्यात, विशेष रूप से मूल्यवर्धित और तैयार स्टील उत्पादों और वाहनों के कल पुर्जों का निर्यात प्रभावित होगा भारत के निर्यातकों के शीर्ष मंच फियो के अध्यक्ष एससी रल्हन ने कहा कि अमेरिकी स्टील और एल्युमीनियम आयात शुल्क में प्रस्तावित वृद्धि का विशेष रूप से स्टेनलेस स्टील पाइप, स्ट्रक्चरल स्टील कंपोनेंट और ऑटोमोटिव स्टील पार्ट्स जैसी अर्ध-तैयार और तैयार इस्पात उत्पादों के निर्यात पर प्रभाव पड़ेगा। ये उत्पाद भारत के बढ़ते इंजीनियरिंग निर्यात का हिस्सा हैं, और उच्च शुल्क अमेरिकी बाजार में हमारी मूल्य प्रतिस्पर्धात्मकता को कम कर सकते हैं। भारत ने वित्त वर्ष 2024-25 में अमेरिका को लगभग 6.2 अरब डॉलर मूल्य के स्टील और तैयार स्टील उत्पादों का निर्यात किया, जिसमें इंजीनियर्ड और फैब्रिकेटेड स्टील घटकों की एक विस्तृत श्रृंखला और लगभग 86 करोड़ डॉलर के एल्युमीनियम और उसके उत्पाद शामिल हैं। भारतीय स्टील निर्माताओं के लिएए अमेरिका शीर्ष गंतव्यों में से एक है, जो उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादन और प्रतिस्पर्धी मूल्य निर्धारण के माध्यम से धीरे-धीरे बाजार हिस्सेदारी बढ़ा रहे हैं। फियो के अध्यक्ष ने एक बयान में कहा कि हालांकि हम समझते हैं कि यह निर्णय अमेरिका में घरेलू नीतिगत विचारों से उपजा है।

## सोल में मेट्रो में लगी आग, 15 लोगों को अस्पताल में भर्ती

**सोल।** दक्षिण कोरिया की राजधानी सोल में शनिवार को स्थानीय समयानुसार सुबह करीब 8:47 बजे सबवे लाइन 5 की एक मेट्रो ट्रेन में आग लग गई, जिसमें 15 लोग झुलस गए, जिन्हें उपचार के लिएए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिएस और प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार 60 से 70 साल का एक व्यक्ति मेट्रो में टॉर्च और जेरीकैन लेकर आया था। कथित तौर पर उसने येओइना: और मापो स्टेशनों के बीच आग लगा दी। योनहाप समाचार एजेंसी के अनुसार आग. जनी के संदिग्ध को पुलिएस ने गिरफ्तार कर लिएया है। ट्रेन में सवार यात्रियों को बाहर निकाल लिएया गया है। आग बुझाने का काम पूरा हो गया है।

## रूस-यूक्रेन वार्ता का नया दौर दो जून को होने की उम्मीद

### पुतिन ने पहले यूक्रेन को 15 मई को इस्तांबुल में बिना किसी पूर्व शर्त के सीधी वार्ता फिर से शुरू करने का दिया था सुझाव



**मॉस्को/इस्तांबुल।** रूस-यूक्रेन वार्ता का नया दौर इस्तांबुल में तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तईप एर्दोआन के कार्यालय में होने की उम्मीद है। सूत्रों ने कहा कि सबसे अधिक संभावना है कि यह दौर फिर से डोलमाबाहचे में कार्यालय में होगा।

संयुक्त राष्ट्र में रूस के स्थाई प्रतिनिधि वसीली नेबेंजिया ने शुक्रवार को कहा कि इस्तांबुल में यूक्रेन के साथ संभावित आगामी वार्ता में रूस वार्ता प्रक्रिया के लिएए दोनों पक्षों के दृष्टिकोणों पर ज्ञापनों का आदान-प्रदान करने का प्रस्ताव करता है। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने पहले यूक्रेन को 15 मई को इस्तांबुल में बिना किसी पूर्व शर्त के सीधी वार्ता फिर से शुरू करने का सुझाव दिया था। क्रेमलिएन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने कहा कि यूक्रेन के साथ प्रस्तावित वार्ता का उद्देश्य संघर्ष के मूल कारणों को खत्म करना और रूस के हितों को सुनिश्चित करना है। रूसी प्रतिनिधिमंडल 15 मई को इस्तांबुल पहुंचा, लेकिन दोनों देशों के प्रतिनिधियों के बीच कोई संपर्क नहीं हुआ। यह बैठक अगले दिन हुई और लगभग दो घंटे तक चली। रूसी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करने वाले रूसी राष्ट्रपति के सहयोगी व्लादिमीर मेडिस्की ने कहा कि दोनों देश संभावित युद्ध विराम के अपने दृष्टिकोण प्रस्तुत करने के लिएए सहमत हुए हैं। मेडिस्की ने यूक्रेन के साथ बातचीत जारी रखने के लिएए रूस की तत्परता भी बताई। रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने कहा कि रूसी प्रतिनिधिमंडल दो जून को इस्तांबुल में दूसरे दौर की वार्ता के दौरान यूक्रेनी पक्ष को समझौते पर एक ज्ञापन प्रस्तुत करने के लिएए तैयार है। रूस ने कहा है दो जून को इस्तांबुल में वार्ता आयोजित करने के उसके प्रस्ताव पर यूक्रेन की प्रतिक्रिया फिलहाल नहीं मिली है।

## भारतीय विद्यार्थियों को आकर्षित कर रहे रूसी विश्वविद्यालय

■ पिछले साल करीब 40000 भारतीय छात्र रूस में आए जिसे हम अपनी उपलब्धि मानते हैं

■ ये सहयोग न केवल शैक्षिक आदान-प्रदान हैं बल्कि हमारे देशों के बीच गहरी दोस्ती का प्रतीक भी है

**नई दिल्ली।** अमेरिकी विश्व. विद्यालयों में विदेशी विद्यार्थियों के प्रवेश पर अंकुश लगाने के ट्रम्प प्रशासन के प्रयास में रूसी विश्व. विद्यालयों तथा उच्च शिक्षा संस्थानों को नया अवसर दिख रहा है और वे भारतीय छात्र-छात्राओं को अपनी तरफ आकर्षित करने के अभियान में लगे हैं।

रूसी विश्वविद्यालयों तथा उच्च शिक्षा संस्थान प्रमुख भारतीय शहरों में विशेष सम्पर्क कार्यक्रम आयोजित कर रहे हैं। रूसी संस्थान इस अभियान में अन्य बातों के साथ बता रहे हैं कि उनके यहां विशेष रूप से चिकित्सा (मेडिकल)शिक्षा का खर्च तुलनात्मक रूप से कम है और इस लिएए रूस भारतीय विद्यार्थियों के लिएए चिकित्सा विज्ञान की पढ़ाई का पसंदीदा स्थान बन गया है। इसी तरह के एक अभियान में शनिवार को यहां रूसी हाउस में आयोजित शिक्षा-मेले सैकड़ों विद्यार्थी और अभिभावक आए थे। मेले में रूस के प्रमुख मेडिकल विश्वविद्यालयों ऑरेनबर्ग स्टेट मेडिकल विश्वविद्यालय, पर्म स्टेट मेडिकल विश्वविद्यालय, बीबी गोरोडोविकोव कलमीक स्टेट विश्वविद्यालय , प्सकोव स्टेट विश्वविद्यालय और मारी स्टेट विश्वविद्यालय सहित कई प्रमुख रूसी विश्वविद्यालय के प्रतिनिधियों ने उनके साथ संवाद किया। इस वर्ष रूसी शिक्षा मेला भारत के सात शहरों-मुंबई, त्रिवेंद्रम, कोलकाता, नई दिल्ली, पटना, अहमदाबाद, इंदौर, चंडीगढ़ और जयपुर में आयोजित किया जा रहा है। दिल्ली में आज आयोजित कार्यक्रम में इन विश्वविद्यालयों ने अपने यहां प्रवेश प्रक्रिया, शैक्षणिक कार्यक्रमों, बुनियादी ढांचे, छात्रावास सुविधाओं और रूस में जीवन के बारे में जानकारी दी और इससे संबंधित प्रश्नों का समाधान किया। मेले मे मौजूद मारी स्टेट विश्वविद्यालय की कुलपति पेट्रोवा इरीना ने कहा कि हम भारतीय छात्रों को विश्वस्तरीय सुविधाएं प्रदान करने के साथ विश्व के अन्य देशों की तुलना में मेडिकल संबधी उच्च शिक्षा को किफायती रूप में उपलब्ध कराते हैं। पिछले साल करीब 40000 भारतीय छात्र रूस में आए जिसे हम अपनी उपलब्धि मानते हैं। इस अवसर पर रूसी हाउस की निदेशक डॉ. एलेना रेमीज़ोवा ने कहा कि शिक्षा भारत-रूस सहयोग के सबसे मजबूत स्तंभों में से एक है। रूसी शिक्षा मेले जैसी पहलों के माध्यम से हमारा लक्ष्य भारतीय छात्रों को रूस में विश्वस्तरीय विश्वविद्यालयों तक पहुंच प्रदान करना है। ये सहयोग न केवल शैक्षिक आदान-प्रदान हैं बल्कि हमारे देशों के बीच गहरी दोस्ती का प्रतीक भी हैं। अमेरिकी विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में 2023-24 में 3.31 लाख छात्र-छात्राएं पढ़ रहे थे और वहां के लिएए भारत विदेशी विद्यार्थियों का सबसे बड़ा स्रोत था। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अपने राजनीतिक निर्णयों के तहत आमेरिका में आव्र. जन के नियम सख्त करने के साथ अमेरिकी विश्वविद्यालयों की विद. ेशी विद्यार्थियों को प्रवेश देने की क्षमता पर नियामकीय और वित्तीय अंकुश लगाने शुरू कर दिए हैं।

## पश्चिमी सूडान में ड्रोन हमले में छह की मौत, 15 घायल

**खार्तूम।** पश्चिमी सूडान में उत्तरी कोर्डोफन प्रांत की राजधानी एल-ओबेद में एक अस्पताल को निशाना बनाकर किए गए ड्रोन हमले में कम से कम छह लोग मारे गए और 15 अन्य घायल हो गए। स्वयंसेवी समूह इमरजेंसी लॉयर्स इनिशिएटिव ने एक बयान में कहा कि अर्धसैनिक रैपिड सपोर्ट फोर्सेज (आरएसएफ) द्वारा शुक्रवार सुबह ड्रोन से एल-ओबेद इंटरनेशनल अस्पताल पर हमला किया।हमले में छह लोग मारे गए और 15 अन्य घायल हो गए, जिनमें मरीज, उनके साथी और चिकित्सा कर्मचारी शामिल हैं। समूह ने कहा कि हमले से अस्पताल को काफी नुकसान पहुंचा है, जिससे उसे चिकित्सा सेवाएं रोकनी पड़ी हैं। समूह ने कहा कि ड्रोन हमला उत्तरी कोर्डोफन राज्य के बारा शहर पर आरएसएफ बलों द्वारा की गई।

## नाइजीरिया में बाढ़ से मरने वालों की संख्या बढ़कर 100 हुई



■ अगले 48 घंटों में और अधिक बारिश होने का अनुमान

**अबुजा।** नाइजीरिया के उत्तर-मध्य नाइजर राज्य में भारी बारिश के कारण आई विनाशकारी बाढ़ में मरने वालों की संख्या बढ़कर 100 हो गई है।

राष्ट्रीय आपातकालीन प्रबंधन एजेंसी (एनईएमए) के अधिका. रियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। एनईएमए के वरिष्ठ अधिका. रियों ने संवाद एजेंसी शिन्हुआ को टेलीफोन पर बताया कि आपदा वाले मोक्वा क्षेत्र का जायजा लेने गए अधिकारियों ने कल दोपहर और शव बरामद किए गए। अधिकारी ने नाम न बताने की शर्त पर कहा कि फिलहाल कम से कम 100 शव बरामद किए गए हैं। गौरतलब है कि अधिकारियों ने गुरुवार को संवाददाताओं को बताया था कि बुधवार देर रात भारी बारिश ने मोक्वा में तबाही मचा दी जिससे 50 से अधिक मकान जलमग्न हो गए या बह गए। इन मकानों में लोग रह रहे थे। इस सप्ताह की शुरुआत में मौसम विज्ञान एजेंसी ने नाइजर सहित देश के मध्य क्षेत्र में आंधी और भारी बारिश की चेतावनी जारी की थी। अगले 48 घंटों में और अधिक बारिश होने का अनुमान है। दक्षिणी क्षेत्र में स्थानीय स्तर पर भी भारी बारिश के आसार हैं। एनईएमए ने बताया कि देश भर में बाढ़ के प्रकोप से बचने के प्रयास तेज कर दिए गए हैं। इस बीच बाढ़ की तैयारियों पर एक राष्ट्रीय जागरूकता अभियान के दौरान एनईएमए की महानिदेशक जुबैदा उमर ने सरकार से जुड़े हर विभाग और संस्था से नदी क्षेत्रों में जल निकासी प्रणालिएयों, बांध और बाढ़-रोधी बुनियादी ढाँचे में निवेश करने का आग्रह किया।

# फिल्म सावी मेरे लिए हमेशा खास रहेगी: दिव्या खोसला





**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री दिव्या खोसला की फिल्म सावी के प्रदर्शन के एक साल पूरे हो गए हैं। दिव्या खोसला ने फिल्म सावी में मुख्य भूमिका निभाई थी और यह फिल्म उनके ऑन-स्क्रीन ट्रांसफॉर्मेशन की एक मजबूत मिसाल बन गई। आज इस फिल्म की रिलीज को एक साल पूरा हो गया है और दिव्या इस प्रोजेक्ट का जश्न मनाने को लेकर उत्साहित हैं। अभिनय देव के निर्देशन में बनी फिल्म सावी में दिव्या ने एक ऐसी गृहिणी की भूमिका निभाई जो अपने पति पर लगे झूठे हत्या के आरोप के खिलाफ हार नहीं मानती।

फिल्म सावी के एक साल पूरे होने पर दिव्या खोसला ने कहा, सावी मेरे दिल के बेहद करीब है और हमेशा खास रहेगी। ऐसा लग रहा है जैसे कल ही हम हर्षवर्धन राणे, अनिल कपूर और हमारे निर्देशक अभिनय देव के साथ शूट कर रहे थे। सावी का किरदार निभाना चुनौतीपूर्ण था, लेकिन मुझे पता था कि मुझे यह रोल करना है और एक पत्नी के उग्र रूप को सामने लाना है जो अपने पति के लिए किसी भी हद तक जा सकती है।

दिव्या खोसला ने कहा, मेरे लिए इससे बड़ी मान्यता कोई नहीं हो सकती थी कि मैंने ऐसा किरदार चुना जो दर्शकों से जुड़ गया और फिल्म की व्यावसायिक सफलता में योगदान दिया। मुझे खुशी है कि मैंने यह प्रोजेक्ट किया। दिव्या खोसला अब निर्देशक प्रेरणा अरोड़ा के साथ एक नए प्रोजेक्ट पर काम कर रही हैं। फिलहाल इसका नाम सामने नहीं आया है, लेकिन दोनों की यह साझेदारी दर्शकों में उत्सुकता जगा रही है। इस प्रोजेक्ट से जुड़ी जानका. रियां अभी सामने आनी बाकी हैं और आधिकारिक घोषणा का इंतजार है।

# कार्तिक आर्यन के इन फ्लाइट वीडियो पर विद्या ने ली चुटकी




कार्तिक आर्यन के इन-फ्लाइट वीडियो पर विद्या बालन ने की मज़ेदार प्रतिक्रिया

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री विद्या बालन ने अभिनेता कार्तिक आर्यन के इन-फ्लाइट वीडियो पर मजेदार प्रतिक्रिया दी है। कार्तिक आर्यनन ने हाल ही में एक फ्लाइट से मज़ेदार वीडियो सोशल मीडिया पर साझा किया, जिसमें वह एक एयर होस्टेस से मिलते हैं जो हर तरह से उन्हें विद्या बालन की याद दिला देती हैं।

नाम से लेकर आवाज़ और ज़बरदस्त हंसी तक। मौके का फायदा उठाते हुए कार्तिक कैमरे की ओर देखकर मज़ाक में कहते हैं, हाय विद्या, बहुत दिनों बाद यह कार्तिक है और एयर होस्टेस भी उसी अंदाज़ में जवाब देती हैं, हाय विद्या यह विद्या है, लेकिन असली बाज़ी विद्या बालन ने अपनी शानदार प्रतिक्रिया से मार ली। उन्होंने कहा कि बचके रहना रूहबाबा, मैं हर जगह मिलूंगी। कार्तिक आर्यन यह एकदम चुटीला, डरावना और मज़ेदार जवाब थो जो फिल्म भूलभुलैया फ्रेंजाइजी से उनकी भूतिया भूमिका मंझुलिका की याद दिला गया। फैन्स इस मज़ेदार नोकझोंक पर फिदा हो गए।

# वरुण की फिल्म है जवानी तो इश्क होना है का स्कॉटलैंड शैड्यूल पूरा





**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता वरुण धवन ने अपनी आने वाली फिल्म है जवानी तो इश्क होना है का स्कॉटलैंड शैड्यूल पूरा कर लिया है। वरुण धवन इन दिनों अपने पिता डेविड धवन के निर्देशन में बन रही कॉमेडी फिल्म है जवानी तो इश्क होना है की शूटिंग स्कॉटलैंड में कर रहे थे। इस फिल्म का स्कॉटलैंड शैड्यूल रैप-अप हो चुका है। वरुण धवन ने इंस्टाग्राम पर तस्वीरों के साथ एक खास नोट लिखा, स्कॉटलैंड में रुहै जवानी तो इश्क होना है के लिए हमारा शेड्यूल पूरा हो गया है। इतने दिनों से सभी लोग मिलकर इसे पूरा करने में लगे हुए हैं। जल्द ही आप सभी के लिए हंसी लेकर आऊंगा। अब घर वापस आ गया हूं। फिल्म है जवानी तो इश्क होना है 10 अप्रैल, 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। टिप्स फिल्म्स के बैनर तले रमेश तौरानी इस फिल्म निर्माण कर रहे हैं।इस फिल्म में वरूण धवन के साथ मृणाल ठाकुर, पूजा हेगड़े मनीष पॉल, जिमी शेरगिल, मौनी रॉय, चंकी पांडे, राकेश बेदी और अली असगर भी हैं।

# सैयारा मेरी पसंदीदा प्रेम कहानियों को समर्पित: मोहित

**मुंबई।** बॉलीवुड निर्देशक मोहित सूरी का कहना है कि उनकी आने वाली फिल्म सैयारा उनकी पसंदीदा प्रेम कहानियों को समर्पित है। यशराज फिल्म्स (वाईआरएफ) द्वारा निर्मित और मोहित सूरी द्वारा निर्देशित सैयारा का टीज़र कल जारी होते ही सोशल मीडिया पर तहलका मचा चुका है। फिल्म सैयारा में अहान पांडे को एक पारंपरिक हीरो के रूप में और अनीत पड्डा (बिग गर्ल्स डोंट क्राइ फेम) को नई वाईआरएफ अभिनेत्री के तौर पर लॉन्च किया जा रहा है। मोहित सूरी ने कहा, आप कई तरह की कहानियां कह सकते हैं और लोगों को भावनात्मक यात्राओं पर ले जा सकते हैं, लेकिन रोमांस एक खास जॉनर है।

सैयारा मेरी उन प्रेम कहानियों को समर्पित है जिन्हें मैं खुद बेहद पसंद करता हूं, जिनसे मेरा जीवन कभी न कभी टकराया है। मैंने कई लोगों की असाधारण प्रेम कहानियां सुनी हैं, जो मेरे लिए प्रेरणा बनी। मोहित सूरी ने कहा, सैयारा के टीज़र को मिली एकमत प्रतिक्रिया देखकर दिल खुश हो गया। मैं अहान और अनीत के लिए बहुत उत्साहित हूं क्योंकि उन्होंने अपने अभिनय से लोगों से तुरंत जुड़ाव बना लिया। यह पल मैं अपनी टीम और वायआरएफ के साथ साझा करना चाहता हूं। आशा है कि जैसे-जैसे हम फिल्म की मार्केटिंग में इसकी अलग-अलग परतें खोलते जाएंगे, लोग उससे उतना ही जुड़ते जाएंगे। वाईआरएफ के सीईओ और निर्माता अक्षय विधानी ने कहा,रोमांस यशराज फिल्म्स की पहचान रहा है। सैयारा के माध्यम से हम प्रेम के उस पक्ष को एक्सप्लोर कर रहे हैं जो गहराई से भावुक, पर साथ ही उत्साहवर्धक भी है। दर्शकों की उम्मीदों पर खरा उतरना हमारे लिए बेहद ज़रूरी था, खासकर तब जब हम रोमांटिक शैली में वापसी कर रहे हैं। मोहित सूरी जैसे निर्देशक के साथ काम करने का मौका पाकर हम बेहद खुश थे। उनकी संवेदनशीलता और समझ इस कहानी को एक नई ऊंचाई पर ले गई। हमें खुशी है कि दर्शकों ने इसे इतनी गर्मजोशी से स्वीकारा। सैयारा इसलिए भी खास है क्योंकि इसके जरिए हम दो प्रतिभाशाली नए कलाकारों अहान पांडे और अनीत पड्डा को लॉन्च कर रहे हैं। हमारा सपना था कि इन दोनों को एक ऐसी प्रेम कहानी में लॉन्च करें जो लंबे समय तक लोगों के दिल में रहे। फिल्म सैयारा 18 जुलाई, 2025 को दुनियाभर में रिलीज़ होगी।

# मुकेश के कहने पर अनिल विश्वास ने गाना छोड़ दिया

**मुंबई।** भारतीय सिनेमा जगत के दिग्गज संगीतकार और गायक अनिल विश्वास ने पार्श्वगायक मुकेश के कहने पर गाना छोड़ दिया था। पार्श्वगायक मुकेश के रिश्तेदार मोतीलाल के कहने पर अनिल विश्वास ने मुकेश को अपनी एक फिल्म में गाने का अवसर दिया था, लेकिन उन्हें मुकेश की आवाज पसंद नहीं आई। बाद में उन्होंने यह वह गाना अपनी आवाज में गाकर दिखाया। इस पर मुकेश ने अनिल से कहा, दादा बताइए कि आपके जैसा गाना भला कौन गा सकता है यदि आप ही गाते रहेंगे तो भला हम जैसे लोगों को कैसे अवसर मिलेगा। मुक. ेश की इस बात ने अनिल को सोचने के लिए मजबूर कर दिया और उन्हें रातभर नींद नहीं आई। अगले दिन उन्होंने अपनी फिल्म पहली नजर में मुकेश को बतौर पार्श्वगायक चुन लिया और निश्चय किया कि वह फिर कभी व्यावसायिक तौर पर पार्श्वगायन नहीं करेंगे। अनिल विश्वास का जन्म सात जुलाई 1914 को पूर्वी बंगाल के वारिसाल अब बांग्लादेश में हुआ था। बचपन से ही उनका रूझान गीत संगीत की ओर था। महज 14 वर्ष की उम्र से ही उन्होंने संगीत समारोह में हिस्सा लेना शुरू कर दिया था जहां वह तबला बजाया करते थे। वर्ष 1930 में भारतीय स्वतंत्रता संग्राम अपने चरम पर था। देश को स्वतंत्र कराने के लिए छिड़ी मुहिम में अनिल भी कूद पड़े। इसके लिए उन्होंने अपनी कविताओं का सहारा लिया। कविताओं के माध्यम से अनिल देशवासियों मे जागृति पैदा किया करते थे। इसके कारण उन्हें जेल भी जाना पड़ा। अनिल वर्ष 1930 में कलकत्ता के रंगमहल थिएटर से जुड़ गए जहां वह बतौर अभिनेता,पार्श्वगायक और सहायक संगीत निर्देशक काम करते थे। वर्ष 1932 से 1934 अनिल थिएटर से जुड़े रहे। उन्होंने कई नाटकों में अभिनय और पार्श्वगायन किया। रंगमहल थिएटर के साथ ही अनिल हिंदुस्तान रिकॉर्डिंग कंपनी से भी जुड़े। वर्ष 1935 में अपने सपनों को नया रूप देने के लिए वह कलकत्ता से मुंबई आ गए। वर्ष 1935 में प्रदर्शित फिल्म धरम की देवी से बतौर संगीत निर्देशक अनिल ने अपने सिने करियर की शुरुआत की। साथ ही फिल्म में उन्होंने अभिनय भी किया। वर्ष 1937 में महबूब खान निर्मित फिल्म जागीरदार अनिल के सिने करियर की अहम फिल्म साबित हुई।

# 20 जून को जी-5 पर रिलीज होगी दिलजीत दोसांझ की फिल्म






**मुंबई।** पंजाबी फिल्मों के सुपरस्टार दिलजीत दोसांझ की फिल्म डिटेक्टिव शेरदिल 20 जून को जी5 पर रिलीज होगी। फिल्म डिटेक्टिव शेरदिल में दिलजीत दोसांझ एक अजीबोगरीब जासूस की भूमिका में नजर आने वाले हैं। इस फिल्म की शूटिंग बुडापेस्ट में हुई है और इसका निर्देशन रवि छाबड़िया ने किया है, जो बतौर निर्देशक उनकी पहली फिल्म है। इस फिल्म में दिलजीत दोसांझ के साथ डायना पेंटी, बोमन ईरानी, चंकी पांडे, रत्ना पाठक शाह, बनिता संधू और सुमीत व्यास जैसे शानदार कलाकार नजर आएंगे।

फिल्म की कहानी को अली अब्बास जफर, सागर बाजाज और रवि छाबड़िया ने लिखा है। इस फिल्म का निर्माण अली अब्बास जफर ने अपनी प्रोडक्शन कंपनी के बैनर तले किया है। अली इसके पहले फिल्म दिलजीत को लेकर फिल्म जोगी भी बना चुके हैं। अली अब्बास जफर ने कहा, दिलजीत के साथ जोगी में काम करने के बाद मुझे यकीन था कि हमें फिर साथ काम करना चाहिए। वह एक शानदार कलाकार हैं। यह फिल्म आपको हंसाएगी और रहस्य से भरपूर रखेगी। सह-निर्माता हिमांशु मेहरा ने भी दिलजीत की तारीफ करते हुए कहा, कम ही कलाकार हास्य और सस्पेंस दोनों को इतनी आसानी से निभा पाते हैं। दिलजीत उनमें से एक हैं। यह फिल्म परिवार के साथ देखने के लिए शानदार है।

